डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | श्रावण कृष्ण पक्ष 11, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 31 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक- 283, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं. आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते







## मनु-सरबजोत भारत की शान, बढ़ा मान

# भाकर एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय

### मनु और सरबजोत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

**एजेंसी**

**चेटौरौक्स।** भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने 2024 पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। इस जोड़ी ने मंगलवार को एक रोमांचक मैच में धीमी शुरुआत से उबरते हुए दक्षिण कोरिया को 16-10 से हराकर लचीलेपन और संयम का प्रदर्शन किया। यह कांस्य पदक भाकर के लिए एक ऐतिहासिक व्यक्तिगत उपलब्धि है। वह एक ही ओलंपिक खेलों में एक से ज्यादा पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। उन्होंने इससे पहले पेरिस में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ भारत का पदक खाता खोला था। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में मुकाबले की शुरुआत भारतीय जोड़ी के बैकफुट पर होने के साथ हुई और वह पहली सीरीज हार गई। हालांकि, भाकर और सिंह ने असाधारण कौशल और टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए जल्दी ही अपनी स्थिति वापस पा ली। उन्होंने तीसरी सीरीज में 4-2 से बढ़त बनाते हुए नियंत्रण हासिल कर लिया और पांच सीरीज के बाद अपनी बढ़त को 8-2 तक बढ़ा दिया। दक्षिण कोरिया ने वापसी की कोशिश की और आठवीं सीरीज तक अंतर को 6-10 तक कम कर दिया, लेकिन भाकर और सिंह डटे रहे। भारतीय निशानेबाजों ने 16-10 के निर्णायक अंतर से जीत दर्ज की और भारत के लिए खेलों का दूसरा पदक हासिल किया।

मैच के बाद, उत्साहित भाकर ने अपना आभार व्यक्त करते हुए प्रसारकों से कहा, मुझे वास्तव में गर्व महसूस हो रहा है और मैं बहुत आभारी हूं। सभी के आशीर्वाद और प्यार के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। हम केवल वही नियंत्रित कर सकते हैं, जो हमारे हाथ में है। मैंने यहां आने से पहले अपने पिता से इस बारे में बात की और फैसला किया कि हमें आखिरी दम तक लड़ते रहना चाहिए।

सरबजोत सिंह ने अपने पहले ओलंपिक पदक का जश्न मनाते हुए अपनी भावनाओं को दोहराया। उन्होंने उस समर्थन को स्वीकार करते हुए, जिसने उन्हें प्रेरित किया, कहा, यह बहुत अच्छा लगता है। खेल कठिन था, लेकिन हमें खुशी है कि हम ऐसा कर सके। बहुत दबाव था, लेकिन भीड़ बहुत अच्छी थी। बता दें कि यह जोड़ी क्वालीफाइंग राउंड में 580 के संयुक्त स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहने के बाद कांस्य पदक मैच में उतरी थी।



शूटिंग के लिए मिक्स्ड टीम 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई। मनु भाकर ने इतिहास रच दिया है, वह एक ही ओलंपिक खेलों में दो पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज बन गई हैं। उन्होंने हमें बेहद गौरवान्वित किया है। मैं उन्हें और सरबजोत सिंह को भविष्य में और भी कई उपलब्धियां हासिल करने की शुभकामना देती हूं।

**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति, भारत। ('एक्स' पर पोस्ट)**



हमारे निशानेबाज हमें लगातार गौरवान्वित कर रहे हैं! ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के लिए मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई। दोनों ने शानदार कौशल और टीम वर्क दिखाया है। भारत अविश्वसनीय रूप से प्रसन्न है। मनु के लिए, यह उनका लगातार दूसरा ओलंपिक पदक है, जो उनकी निरंतर उत्कृष्टता और समर्पण को दर्शाता है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री, भारत। ('एक्स' पर पोस्ट)**

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## एक नजर

### छवि रंजन को बेल देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। मंगलवार को अदालत ने उन्हें बेल देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा के कोर्ट में छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर सुनवाई हुई। छवि रंजन की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने बहस की। छवि रंजन ने जिस केस में डिफॉल्ट बेल के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वह चेशायर होम रोड स्थित भूखंड की खरीद-बिक्री में मनी लांड्रिंग से जुड़ा हुआ है। इस संबंध में ईडी ने ईसीआईआर 1/2022 दर्ज किया है। छवि रंजन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और उन्हें डिफॉल्ट बेल देने से रांची ईडी की स्पेशल कोर्ट और झारखंड हाई कोर्ट इनकार कर चुका है।

## सदन के बाहर बैनर-तख्ती लेकर प्रदर्शन, अंदर हंगामा

# विधानसभा में गूंजा रोजगार का मुद्दा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सत्र शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने रोजगार मुद्दे को लेकर सदन के बाहर बैनर-तख्ती लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही, सदन के अंदर भी रोजगार मुद्दे को लेकर हंगामा किया। भाजपा विधायकों ने हेमंत सोरेन सरकार को पांच लाख युवाओं को नौकरी देने के वादे को लेकर घेरा। भाजपा विधायकों ने कहा कि हेमंत सोरेन ने चुनावी भाषण में कहा था कि पांच लाख नौकरी देंगे। साढ़े चार साल हो गए, इस वादे का क्या हुआ। आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के रसोइया परमानेंट क्यों नहीं हुए, इसका जवाब हेमंत सोरेन दें। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि सरकार को झारखंड की कोई चिंता नहीं है। सिर्फ वह अपनी दृष्टिगत कारणों से राजनीति को मजबूत करने में लगी हुई है। राज्य के सारे कर्मचारी हड़ताल पर हैं और विधानसभा चल रहा है। इससे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति क्या हो सकती है। आरक्षण को समाप्त किया जा रहा है। एससी-ओबीसी का आरक्षण, चौकीदार की बहाली, रेंजर की बहाली को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है, जो लोग संविधान की कॉपियां लेकर आरक्षण और संविधान के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहे थे, आज उनकी सरकार आरक्षण को पूर्ण रूप से समाप्त कर रही है।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर सरकार का जिस तरह से पक्ष आना चाहिए, उस तरह नहीं आ रही है। कर्मचारियों के स्ट्राइक पर जाने के कारण सभी ब्लॉक के काम पड़े हैं। इस सरकार ने कुछ नहीं किया है। हाई कोर्ट ने लैंड सर्वे, पेसा कानून, बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर कड़ी टिप्पणी की और सख्त आदेश दिए, लेकिन हाई कोर्ट की सभी बातों को एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल देते हैं। झारखंड से जुड़े मुद्दे से इनका कोई वास्ता नहीं है। इनको आनंद तब ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### विधानसभा का मानसून सत्र



### भाजपा के लोग माफी मांगें : प्रदीप यादव

प्रदीप यादव ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत पर स्पष्ट निर्णय बता रहा है कि ईडी ने मनगढ़ंत केस किया। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी और इनके सांसद निशिकांत दुबे ने पहले ही कहा था कि पूरा परिवार जेल जाएगा। साजिश के तहत इनलोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजा। भाजपा के लोग कान पकड़कर माफी मांगें। सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि मुख्यमंत्री को जेल भेजने के पीछे ऑपरेशन लोटस का नया स्वरूप था, जिससे राज्य प्रभावित हुआ। इनके बड़बोले सांसद निशिकांत दुबे ने पहले ही घोषणा कर दी थी। साजिश के साथ राज्य के भविष्य के साथ खेला गया।

### हमारी सरकार ने जितने रोजगार दिए, भाजपा की सरकार नहीं दे पाई : मंत्री



मिथिलेश ठाकुर ने बिरंची नारायण के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने जितने रोजगार दिए हैं, भाजपा की सरकार नहीं दे पाई। भाजपा अपने पांच साल के आंकड़े देख ले। उनके कार्यकाल में लोग 4000-5000 की नौकरी के लिए चेन्नई और बेंगलुरु जैसे मेट्रो सिटी चले गए। हेमंत सरकार उनको अपने खर्च पर वापस लेकर आई।

### युवाओं और महिलाओं को ठग कर हेमंत सरकार ने सत्ता किया हासिल : बिरंची नारायण

भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि झारखंड में युवाओं और महिलाओं को ठग कर हेमंत सोरेन ने सत्ता हासिल की है। उन्होंने कहा कि सदन के अंदर युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिलने को लेकर सवाल किया जाएगा। बिरंची नारायण ने कहा कि इस सरकार ने 2019 में नौजवानों, महिलाओं और शिक्षकों को ठगकर सत्ता प्राप्त किया। हेमंत सरकार ने राज्य के सभी संविदा कर्मी को परमानेंट करने का वादा किया था, लेकिन क्या एक भी शिक्षक परमानेंट हुए, होमगार्ड परमानेंट हुए, क्या नौजवानों को आज तक नौकरी मिली, क्या बेरोजगारी भत्ता के रेट को 5000 से 7000 रुपये किया गया, क्या आंगनबाड़ी का पेमेंट किया। इन सभी विषयों को लेकर हम धरने पर बैठे हैं।

### सरकार ने सबकी आवाजें दबाने की कोशिश की, भाजपा उनकी आवाज बनी : अनंत ओझा

अनंत ओझा ने कहा कि प्रदेश के नौजवान और संविदा कर्मियों की आवाज दबाई गई है। भाजपा उनकी आवाज बनकर आई है। ओझा ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार झूठे वादे कर सत्ता में आई है। सरकार ने नौजवानों को ठगने का काम किया है। सदन के अंदर और बाहर भाजपा सवाल पूछ रही है कि क्या हुआ तुम्हारा वादा। सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज करने वाले कौन लोग हैं, किसकी सरकार ने लाठीचार्ज किया।

### नॉन टैक्स पेयर को बालू फ्री में देगी सरकार : हेमंत सोरेन



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में बड़ा मास्टर स्ट्रोक खेला है। नॉन टैक्सपेयर को फ्री में बालू देने की घोषणा सीएम हेमंत सोरेन ने स्वयं की। उन्होंने कहा कि बालू के विषय में कई बातें आई हैं। बताया गया कि अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने वालों को मंहगे दाम पर बालू मिल रहा है। ऐसे में नॉन टैक्सपेयर को फ्री बालू देने का निर्णय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### विधानसभा में सरकार ने स्वीकार किया बांग्लादेशियों ने बनवा लिया है आधार कार्ड

झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले को लेकर झारखंड की राजनीति गर्म है। राज्य सरकार ने आंशिक रूप से स्वीकार किया है कि साहिबगंज सहित संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के फर्जी आधार कार्ड व विभिन्न प्रकार के वैधानिक प्रपत्र बने हैं। भाजपा के राजमहल विधायक अनंत ओझा के अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में राज्य सरकार की ओर से इस आशय का उत्तर आया है। राज्य सरकार ने आंशिक तौर पर घुसपैठ की बात को स्वीकार किया है। साथ ही, माना है कि आठ सालों में साहिबगंज जिले में घुसपैठ के चार मामले दर्ज हुए हैं। राधानगर थाने में केस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# झारखंड के नए राज्यपाल गंगवार आज लेंगे शपथ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार बुधवार को राजभवन में आयोजित होने वाले समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। मंगलवार को रांची पहुंचने पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर राज्य के सीएम हेमंत सोरेन ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो के अलावा झारखंड सरकार के दस मंत्री रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बैद्यनाथ राम, मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन, बेबी देवी, दीपक बिरुआ, दीपिका पांडे सिंह, इरफान अंसारी भी मौजूद रहे। झामुमो विधायक कल्पना सोरेन, राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजीपी अनुराग गुप्ता, कैबिनेट सेक्रेटरी वंदना दादेल सहित अन्य अफसरों ने उनकी अगवानी की। हेमंत सोरेन ने राज्यपाल के स्वागत की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, भगवान बिरसा मुंडा और वीर शहीद सिदो-कान्हू की वीर भूमि पर राज्य के मनोनीत राज्यपाल आदरणीय संतोष गंगवार जी का हार्दिक स्वागत, अभिनंदन और जोहार। केंद्र में मंत्री और लगातार आठ बार सांसद रह चुके संतोष गंगवार झारखंड के 12वें राज्यपाल होंगे।

# बड़ाबांबो में ट्रेन हादसा 2 की मौत, कई घायल

- 12810 हावड़ा-मुंबई मेल के 18 डिब्बे हुए बेपटरी
- यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए की गई स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/चाईबासा।** चक्रधरपुर रेल मंडल के बड़ाबांबो के पास मंगलवार को हुए ट्रेन हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। मौके पर राहत-बचाव का कार्य किया जा रहा है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की गई है। इस हादसे में 18 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। दक्षिण पूर्व रेलवे के सीपीआरओ ओम प्रकाश ने बताया कि मंगलवार के तड़के 12810 हावड़ा-मुंबई मेल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह दुर्घटना तड़के 3:43 बजे हुई। मौके पर तुरंत ही राहत और और बचाव कार्य शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि 80 प्रतिशत यात्रियों को बस से चक्रधरपुर स्टेशन ले जाया जा चुका है। 20 प्रतिशत यात्रियों को स्पेशल ट्रेन से चक्रधरपुर भेजा गया है। सीपीआरओ ने कहा कि इस दुखद ट्रेन दुर्घटना में 2 यात्रियों की मौत हो चुकी है। वहीं, एक यात्री की हड्डियों में फ्रैक्चर हुआ है। अन्य चार घायल हैं। सभी यात्रियों के लिए उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाने के लिए स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की गई है। दक्षिण पूर्व रेलवे के जीएम अनिल मिश्रा ने घटनास्थल का जायजा लिया और राहत व बचाव कार्य में तेजी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया


# बजट का हलवा संसद और इंडिया का सवाल



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

सोमवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद में वित्त मंत्री को कहा कि वे बजट का जो हलवा बांट रहीं हैं उसे उनकी पसंद के 20 अफसरों ने तैयार किया है जिसमें सिर्फ एक एक ओबीसी और अल्पसंख्यक हैं उन्हें भी फोटो में शामिल नहीं किया गया है। बजट का मसौदा तैयार करना एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है, जिसमें काफी समय लगता है और अनेक लोगों,संस्थाओं के स्मार पत्रों तथा अनुरोध पर विचार किया जाता है। इस बार के बजट को बनाने में किन लोगों ने बड़ी भूमिका निभाई और इसकी प्रक्रिया को आइए समझते हैं -

बजट बनाने की प्रक्रिया आम तौर पर बजट पेश किए जाने से छह महीने पहले शुरू हो जाती है, लेकिन दस्तावेज के संकलन और इसको पब्लिश करने की प्रक्रिया हलवा समारोह से शुरू होती है। दरअसल यह वह अवधि होती है जब बजट बनाने के लिए जिम्मेदार टीम नॉर्थ ब्लॉक के अंदर ही रहती है।इस अवधि के दौरान, टीम को बाहरी दुनिया से, यहां तक कि अपने परिवारों से भी, बहुत ही सीमित संवाद करने दी जाती है। बजट बनाने में कई भरोसेमंद और उच्च पदस्थ अधिकारियों की एक टीम होती है।



बजट बनाने में इन लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है-वित्त सचिव टीवी सोमनाथन। वित्त सचिव वित्त मंत्रालय का हिस्सा बनने से पहले पीएमओ में अतिरिक्त सचिव के रूप में काम कर चुके हैं। माना जाता है कि वह पीएम मोदी के बहुत विश्वसनीय हैं। इस बार बजट बनाने में उन्होंने भी बड़ी भूमिका निभाई है। कर्नाटक के 1994 बैच के आईएएस अधिकारी अरविंद श्रीवास्तव पीएमओ में वित्त और अर्थव्यवस्था अधिकारी वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालयों का कामकाज देखते हैं। 1994 बैच के आईएएस अधिकारी हरि रंजन राव पीएमओ के प्रौद्योगिकी और शासन अनुभागों के कामकाज देखते हैं। इससे पहले वे मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के सचिव रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने दूरसंचार विभाग में भी काम किया है। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा सरकार के सभी महत्वपूर्ण नीतिगत मामलों का कामकाज देखने वाले प्रमुख व्यक्ति हैं। 1993 बैच की आईएएस अधिकारी पुण्य सलिला श्रीवास्तव जो कि सरकार के सामाजिक और कल्याण अनुभागों का कामकाज देखती हैं। पीएमओ में शामिल होने से पहले उन्होंने गृह मंत्रालय में काम किया है। टीम के अन्य प्रमुख सदस्यों में राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ, निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव तुहिन कांता पांडे, वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी, मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंथा नागेश्वरन, प्रधानमंत्री के अतिरिक्त सचिव अतीश चंद्रा शामिल भी मुख्य तौर पर शामिल हैं। नेता प्रतिपक्ष का संसद में दिया बयान कि इसमें एससी, एसटी ओबीसी और अल्पसंख्यक अधिकारियों को क्यों शामिल नहीं किया गया? एक बड़े विमर्श या विवाद को जन्म दे सकता है क्योंकि उस समय मेजें थपथपाकर इंडी गठबंधन के लोग इस बयान का समर्थन कर रहे थे। क्या संसद में इसे स्वीकार कर लिया जाए तो सभी राज्य सरकारें इसे मानेंगी क्योंकि ये मामला गोपनीयता और विश्वास से जुड़ा है और जो भी सरकार बजट बनवाती है वह घोषणा के पूर्व इसे सार्वजनिक नहीं होने देना चाहती है। यदि कोटा आधारित बजट बनने लगें तो सरकारें अपने भरोसे के अफसरों या विशेषज्ञों से नहीं किसी से भी बजट बनवाने को वो विवश हो जाएगी जिससे गोपनीयता भंग होने पर विवाद और बढ़ेगा। हर सरकार का अपना विशेषाधिकार होता है कि वह अपने भरोसेमंद कर्मचारियों से काम ले जिसे किचन कैबिनेट कहा जाता है। सरकार के प्रमुख पदों पर किसे क्या काम देना है इसका निर्णय भी सरकार अपनी मर्जी से लेती है न कि सार्वजनिक दबाव में। जो भी हो एक नई बहस तो चल ही पड़ी है। वैसे संभावना बहुत कम है कि विभिन्न पृष्ठभूमि वाली राज्य सरकारें इस पर एकमत होंगी।

## वायनाड भूस्खलन में मृतकों की संख्या 93 पहुंची, केरल में दो दिन का शोक घोषित

**एजेंसी**

**कोझिकोड।** वायनाड भूस्खलन त्रासदी में मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अब यह आंकड़ा 93 पहुंच गया है। प्रभावित क्षेत्रों में कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सैकड़ों लोग घायल हुए हैं, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। केरल के मुख्य सचिव डॉ वी वेणु ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि राज्य सरकार ने वायनाड के चूरलमाला में हुए भूस्खलन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इस गंभीर त्रासदी को ध्यान में रखते हुए, केरल में मंगलवार और बुधवार को दो दिवसीय आधिकारिक शोक रहेगा। इन दोनों दिनों में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और राज्य सरकार के सभी आधिकारिक कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित इलाके चूरलमाला, वेल्लारीमाला, मुंडकाईल और पोथुकालू हैं। इन इलाकों के स्थानीय लोग, जो किसी तरह बच निकलने में कामयाब रहे, वे इस त्रासदी की भयावहता से बेहद सदमे में हैं। वेल्लारीमाला में वीएचएसई स्कूल की प्रिंसिपल भव्या अपने छात्रों से संपर्क करने की लगातार कोशिश कर रही हैं। अब तक वह 560 छात्रों से बात कर पाई हैं और 22 से संपर्क नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा, मेरे स्कूल में 582 छात्र हैं। मैं अभी तक 22 से संपर्क नहीं कर पाई हूं।

# मुंदरिया के पचगड़वा टोला नदी के पास से खैर की लकड़ी वन विभाग ने की जब्त



**मुनीन्द्र दुबे**

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड के कुंदरी वन परिक्षेत्र के पोलपोल बीट के अंतर्गत ग्राम मुंदरिया के पचगड़वा टोला नदी के पास खेत में जंगल से लाकर भारी मात्रा में खैर के लकड़ी को तस्करी के लिए रखा गया था। जिसकी सूचना जब स्थानीय ग्रामीण से थाना एवं वन विभाग को मिली तो लकड़ी को जब्त कर लिया गया। जब्त लकड़ी लगभग 10 ट्रैक्टर से ऊपर बताई जा रही है। वहीं काटी गई खैर की लकड़ी के वोटो की संख्या सैकड़ो में बताई जा रही है। साथ ही जंगल के अलग-अलग इलाकों में भी खैर के लकड़ी कटाई के संबंध में वन विभाग द्वारा जानकारी ली जा रही है। जब खैर की लकड़ी की कीमत लाखों रुपए में बताई जा रही है। तस्करों को खैर की लकड़ी का मुंह मांगा कीमत मिलता है। वन विभाग मौके पर पहुंच कर खैर की लकड़ी को जब्त कर लिया है। खबर लिखे जाने तक वन विभाग द्वारा लकड़ी को वन परिक्षेत्र कुंदरी में ले जाने के लिए वाहन मंगाने का प्रयास कर रही थी। मौके पर लेस्लीगंज थाना से एसआई विक्रमशील, रंजीत कुमार, पुलिस बल, वन विभाग कुंदरी परिक्षेत्र से फॉरेस्टर मुहाफिज अंसारी, दीपक मेहता, अमित मेहता, कन्हाई सिंह, दीपक सिंह, अरुण सिंह, प्रमोद कुमार ,विनय कुमार पांडेय मौजूद थे।

## क्यों खैर लकडी़ पर रहती है वन माफियाओं की नजर



खैर का पेड़ जंगलों से लुप्त हो गए। इसका कारण है औषधीय गुण कत्था बनाने और चमड़ा उद्योग में उपयोग के लिए मांग होने की वजह से अंतराष्ट्रीय बाजार में काफी महंगे दाम पर खैर की लकड़ी बिकती है। इसे किलो में तौल कर लिया जाता हैं। खैर पेड़ की हमेशा मांग बनी रहती है। जिसका तस्कर मुंह मांगी कीमत देने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। ग्रामीणों को पैसा देकर यह पेड़ कटवा लेते हैं।

## एक नजर

### गहना चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार भेजे गए जेल

**पांकी।** पांकी थाना पुलिस ने मंगलवार को गहने चोरी करने के आरोप में महुगाई निवासी देवकरण विश्वकर्मा उम्र (20) वर्ष पिता मिथलेश विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय हैं कि 28 जुलाई को रात्रि में पांकी थाना क्षेत्र के महुगाई में पार्वती देवी के घर मे रखे गहने में से गले का चैन और पायल अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया था। पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने उद्भेदन करते हुए चुराए गए आभूषण की बरामदगी कर अभियुक्त देवकरण विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर न्यायीक हिरासत में भेजा गया।

### मानसिक तनाव में आकर महिला ने की खुदकुशी

**हुसैनाबाद।** हुसैनबाद नगर पंचायत क्षेत्र के झाझा गोदाम मोहल्ला निवासी मो. राजा ऊर्फ मिराज राईन की पत्नी रुखसाना बानो ने मानसिक तनाव में आकर खुदकुशी कर ली। घटना मंगलवार दोपहर दो बजे की बताई जाती हैं। जानकारी के अनुसार रुखसाना बानो कई दिनों से मानसिक तनाव में थी। उसका पति हुसैनाबाद शहर में सब्जी बेचने का काम करता है। दोपहर जब वह घर खाना खाने गया तो देखा की पत्नी रस्सी के फंदे में झूल रही है। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सक ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना मिलते ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय यादव ने बताया कि घटना की लिखित शिकायत मृतका के परिजनों की ओर से नहीं मिली है। लिखित आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अबुआ आवास विशेष ग्रामसभा में स्थल जांच के बाद स्वीकृति का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** अबुआ आवास के लाभुकों का चयन करने को लेकर मंगलवार को हैदरनगर पश्चिमी पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मुखिया शाहनाज प्रवीन ने की। संचालन पंचायत सचिव ने किया। ग्राम सभा में उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। मुखिया शाहनाज परवीन ने कहा कि ग्रामसभा में अबुआ आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में लाभुकों का लक्ष्य प्राप्ति के आलोक में चयन किया गया है। इसमें कच्चे घर, आवास विहीन व निराश्रित परिवार को लाभ देने पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। मुखिया ने कहा कि स्थल निरीक्षण में यह देखा जायेगा कि किस लाभुक को आवास की सबसे ज्यादा जरूरत है। प्रतीक्षा सूची में उन्हें पहले रखा जाएगा। जो जरूरतमंद विकलांग, विधवा व बेघर है। उन्हे इसका लाभ पहले मिलना जरूरी है। उसे पहले प्राथमिकता दे। ग्रामीणों ने ग्रामसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर जरूरतमंद लोगों का चयन किया। मौके पर पंचायत सचिव जय कृष्ण सिंह, पंचायत समिति सदस्य गुलशन आरा, समाजसेवी सज्जू खान, राजू खान, अशरफ हसन के अलावा कई ग्रामीण मौजूद थे।

## पांकी विधायक ने सदन में उठाया बसौरा पॉलिटेक्निक कॉलेज का मुद्दा



**पांकी।** झारखंड विधानसभा सत्र के तीसरे दिन पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने सदन में नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड स्थित बसौरा में राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान के भवन के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया। कहा कि पिछले कई महीनों पूर्व संस्थान बन कर तैयार है इसके बावजूद भी विद्यार्थियों को उच्च तकनीकी शिक्षा का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे विद्यार्थियों का भविष्य खराब हो रहा है। बसौरा में राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान का भवन बन कर तैयार है विद्यार्थियों को उच्च तकनीकी शिक्षा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र में संस्थान निर्मित होने बावजूद विद्यार्थियों को दूसरे स्थानों में जाकर पाठ्यक्रम की शिक्षा लेनी पड़ रही है। सरकार अविलंब राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान, बसौरा, पलामू में शिक्षण कार्य आरम्भ करें।

## आंशिक बारिश से ही नारकीय बना जवाहर पथ




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय सह हैदरनगर पूर्वी पंचायत के मुख्य बाजार क्षेत्र के जवाहर पथ में सोमवार की देर शाम मामूली वर्षा के पानी से जलजमाव तो हो ही गया। इसके साथ ही निजी घरों के नाली की जल निकासी नहीं होने से गंदा पानी का उफान सड़कों पर आ गया। इससे पैदल राहगीरों के चलने के साथ काफी दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। नरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, विनोद कुमार वर्मा, राकेश कुमार, दीपक कुमार, सुचित कुमार, विजय प्रसाद कश्यप, इसराईल राईन, शमीम राईन, नसीम आदि ने कहा कि इस मुहल्ले के सभी निजी घरों नाली मुख्य पथ से तीन फीट नीचे हो गया है। जिसकी साफ सफाई पंचायत स्तर पर भी विगत आठ वर्षों से नहीं कराये जाने स्थानीय स्टेट बैंक के पीछे से बाजार मीडिल स्कूल के सामने तक जमा पड़ा है। इसी मुहल्ले में एसबीआई के एटीएम केन्द्र तक ग्राहकों को आना जाना मुश्किल हो गया है। ऐसी ही स्थिति टोला कोईरियाडीह में मनोज विश्वकर्मा के घर से लेकर तीन मुहान तक बनी है। उन्होंने कहा कि अब तक लगातार स्थानीय लोगों ने पंचायत प्रतिनिधियों से निजी घरों के नाली के लेबल से बड़ा नाला का निर्माण कराने व इसकी सफाई कराने की गुहार लगाये जाने के बाद भी अनसुनी की जाती रही है।

## न्यूज बॉक्स

### परिवार स्वास्थ्य मेला में बेहतर करने वाले सहिया को किया जायेगा सम्मानित : डॉ राजेंद्र कुमार



**विश्रामपुर।** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों परिवार स्वास्थ्य मेला 2024 चल रहा है। इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक दिन बंध्याकरण का ऑपरेशन किया जा रहा है। मंगलवार को झरहा कल की साहिया रिंकी देवी द्वारा पांच लाभार्थियों का बंध्याकरण प्रोत्साहित कर कराया गया। इस उपलब्धि के लिए रिंकी देवी को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार ने सम्मानित करने का घोषणा किया। डॉ. राजेंद्र कुमार ने कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी सहिया को सम्मानित किया जायेगा। सम्मान उन्हें आगे भी और बेहतर करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने सभी साहिया एवं फील्ड में कार्य कर रहे स्वास्थ्यकर्मियों से आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा लाभार्थी को सामुदायिक स्वास्थ्य तक पहुंचाएं। ताकि परिवार स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम 2024 पूर्ण रूप से सफल हो सके। मौके पर कई चिकित्सक और स्वास्थकर्मी मौजूद थे।

### राज्य सरकार से पलामू प्रमंडल को अकाल क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य चलाने की मांग की

**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा है कि पलामू में प्रयाप्त बारिश नहीं होने से किसान सुखाड़ की मार झेलने को विवश है। राज्य सरकार से पलामू प्रमंडल को अकाल क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य चलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जुलाई माह समाप्त होने को है और किसान बारिश होने का बाट जोह रहे हैं। आद्रा नक्षत्र में भी कम बारिश हुई। जिसके कारण भदई फसल समय से नहीं लगा, देर से कुछ बारिश हुई तो किसान मक्का, अरहर, बादाम, तिल की बोआई हुई और किसी तरह धान का बिचड़ा किया गया। परंतु जैसे ही धान का बिचड़ा तैयार हुआ और बारिश होना बिलकुल ही बंद हो गया। किसान मायूस एवं परेशान हैं। कुछ किसान अपना मोटर पंप से धान की रोपाई भी कर दिए हैं, लेकिन वह भी सुख रहा है। पलामू और गढ़वा जिला में लगातार तीन वर्षो से किसान सुखाड़ की मार झेल रहे हैं। किसान की हालत बद से बदतर हो गई है। जिसके कारण किसान के सभी कार्य बाधित है। तीन वर्षों में सुखाड़ के नाम पर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं सिर्फ समाचार पत्रों के सुखीर्यां बनकर रह गई है। किसान को किसी तरह का लाभ नहीं मिला। किसान हित में उन्होंने सरकार से अकाल क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य चलाने की मांग की है।

### अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा ने किया प्रदर्शन, जलाई गई बजट की प्रतियां




**विश्रामपुर।** संयुक्त किसान मोर्चा झारखंड के घटक संगठन अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा द्वारा मंगलवार को केंद्र सरकार के विरोध में विश्रामपुर बस स्टैंड चौक पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय बजट 2024 की प्रतियां भी जलाई गई। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने मोदी सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी भी की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे डॉ. अनिल मिस्त्री ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसान और मजदूर विरोधी है। यह सरकार सिर्फ चुनिंदा औद्योगिक घरानों के लिए कार्य कर रही है। इस जनविरोधी सरकार के बजट में गरीबों, किसानों, मजदूरों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया है। ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। मौके पर लियाकत अंसारी, नंदलाल यादव, राजेंद्र चौधरी, देवधारी भुइयां सहित कई लोग मौजूद थे।

## खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड के दुलसुलमा पंचायत के मुरमा गांव के खिलाड़ियों के बीच समाजिक कर्यकर्ता आशीष कुमार सिंहा के नेतृत्व में मंगलवार को 5 फुटबॉल का वितरण किया गया। समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि हर वर्ष 5 चरणों में प्रखंड के कई खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का वितरण करता हूं पहले चरण के बाद द्वितीय चरण में दुलसुलमा मुरमा के खिलाड़ियों के बीच 5 फुटबॉल का वितरण किया हूं ताकि यहां खिलाड़ी गांव प्रखंड के साथ अपने राज्य का नाम रोशन करें। तथा देश लेवल पर खेलने का मौका मिले। खेल से शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। इस मौके पर डॉ. रविन्द्र सिंह, विशाल पांडेय, कन्हाई कुमार, पिन्टू चंद्रवंशी, राहुल सिंह, दिनकर सिंह, गोपी सिंह, रजन कुमार, समेत कई लोग मौजूद थे।

## मनरेगा कर्मियों की हड़ताल 9वें दिन भी जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** मनरेगा कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से सरकार की कई अति महत्वाकांक्षी योजनाएं प्रभावित हो रही है। गरीब मजदूरों को रोजगार देने वाली इस योजना ठहर सी गई है। मनरेगा से कराई जाने वाली योजनाएं बिरसा हरित ग्राम, पशु शेड योजना, कूप निर्माण, मिट्टी खुदाई सहित सारे कामकाज प्रभावित हैं। मजदूरों का मजदूरी भी फंस गया है। सेवा नियमितीकरण, मानदेय बढ़ोतरी सहित अन्य सुविधाओं को देने की मांग को लेकर मनरेगा कर्मी पिछले 9 दिनों से अनिश्चितकालिन हड़ताल पर हैं। सभी 'वादा निभाओ-स्थायी करो' अभियान के तहत अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। वहीं हड़ताल पर जाने के बाद विभाग के द्वारा 'नो वर्क नो पे' लागू किया है। साथ हीं सभी जिलों को वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा है। मनरेगा की योजनाओं में काम करने वाले प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, लेखा सहायक, कंप्यूटर सहायक काम छोड़ हड़ताल पर बने हुए हैं।

### प्रभावित हो रही हैं कई योजनाएं

मनरेगा कर्मियों को हड़ताल पर चले जाने के कारण बिरसा हरित ग्राम योजना, अबुआ आवास योजना, कूप योजना, वीर पोटो हो खेल मैदान योजना समेत कई योजानएं प्रभावित हो गई है। मनरेगा के तहत रोजगार के लिए मजदूरों का डिमांड शून्य रहा है। हरित ग्राम योजना के तहत कराए जाने वाले पौधारोपण कार्य प्रखंड क्षेत्र में कहीं भी नहीं हुआ है। ऐसे में पौधारोपण पर सीधा असर हड़ताल का देखा जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र में बिरसा सिंचाई कूप योजना के तहत कराए जा कुओं को फाइनल करने का काम भी प्रभावित है। अबुआ आवास योजना में मनरेगा मजदूरों से काम कराया जाता है। जो हड़ताल से यह काम भी नहीं हो पा रहा। उनकी मजदूरी भुगतान प्रभावित हैं। साथ हीं मापी पुस्तिका का संधारण नहीं हो पा रहा और न हीं योजना की जांच हो रहा है।

### कांग्रेस नेता हसनैन जैदी ने सदर इमामबाड़ा के मुतवल्ली पद से दिया इस्तीफा

**हुसैनाबाद।** कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सह हुसैनाबाद वक्फ वासला बेगम सदर इमामबाड़ा के मुतवल्ली सैयद हसनैन जैदी ने मुतवल्ली पद से इस्तीफा दे दिया है। इस संबंध में हसनैन जैदी ने बताया कि अपने निजी जीवन में व्यस्तता के कारण इस पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि इस्तीफा देने के पूर्व कमेटी के लोगों के साथ बैठक कर आपसी सहमति बनाकर यह फैसला लिया गया है। इस्तीफा देने के उपरांत उन्होंने कमिटी के सभी सदस्यों का उनके मार्गदर्शन में बेहतर सहभागिता के साथ कार्य करने के लिए शुक्रिया अदा भी किया। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की है कि नए मुतवल्ली वफ्फ वासला बेगम सदर इमामबाड़ा और समाज के लोगों के लिए और भी बेहतर तरीके से कार्य करेंगे।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर दो पंचायत के ग्रामीणों को किया गया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर पंचायत में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम आगामी 10 अग से 25 अगस्त 2024 तक चलाया जाना है। मंगलवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर पीरामल फाउंडेशन के अनिल कुमार गुप्ता के द्वारा हुसैनाबाद प्रखंड के पथरा पंचायत और बनियाडीह बराही पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाया गया। उनके द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते हुए बताया गया कि फाइलेरिया रोधी दवा पूरी तरह से सुरक्षित है तथा यह फाइलेरिया की बीमारी से बचाने में पूरी तरह से मददगार है। यह दवा गर्भवती महिलाओं, एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को नहीं खाना है। शेष सभी लोग को दवा सेवन कराना चाहिए। साथ ही इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि खाली पेट दवा नहीं खानी है। इस मौके पर पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान और बनियाडीह बराही पंचायत के मुखिया सुदामा यादव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### नगर पंचायत में छह दिनों से जलापूर्ति बाधित शहरवासी परेशान

**हुसैनाबाद।** जिले के हुसैनाबाद के देवरी सोन नदी स्थित वाटर फिल्टर प्लांट के पास लगे ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण शहर में जलापूर्ति पिछले छह दिनों से ठप है। जिसके चलते इस बरसात व उमस भरी गर्मी में लोगों को पीने का पानी के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ी रही है। शहर में पानी आपूर्ति बंद होने के करण पानी जुटाने के लिये लोग इधर-उधर दौड़ने लगे हैं। वहीं कई चापनल लोगों का सहारा बना है। शहर के पेयजल उपभोक्ताओं का कहना है कि हुसैनाबाद में जलापूर्ति योजना हाथी का दांत साबित हो रहा है। अक्सर वाटर फिल्टर प्लांट में बालू भरने, तो कभी मोटर जल जाने, तो कभी और कुछ तकनीकी खराबी के करण हमेशा कई-कई दिनों तक जलापूर्ति बाधित होती ही रहती है। अब ट्रासफार्मर जल जाने से फिर से पानी सप्लाई बंद हो चुकी है। उधर देवरी सोननदी स्थित पेयजलापूर्ति स्टाफ कर्मी उदय व अजय का कहना है कि ट्रांसफर्मर जल जाने के कारण सोन नदी से फिल्टर प्लाटों से होने वाली जलापूर्ति नहीं हो पा रही हैं। इसकी जानकारी नगर पंचायत कार्यालय को दे दी गई है। इसके बदलने में अभी चार से पांच दिन और समय लगने की संभावना व्यक्त की है। इसके बाद ही शहरवासियों को पानी की सप्लाई सुचारू रूप से मिल सकता है। नये कार्यपालक पदाधिकारी के आने के बाद शहर की स्थिति और खराब हो गई है। लोगों का कहना है कि कॉल करने पर मोबाइल उठाना मुनासिब नहीं समझते हैं।

### लावारिस हालत में बच्ची के साथ भटकती मिली महिला

**पांकी।** थाना अंतर्गत पांकी मुख्य बाजार में एक महिला लावारिस हालत में अपनी एक वर्षीय बच्ची के साथ भटकते हुए मिली है। महिला संभवतः गूंगी है। फिलहाल महिला एवं बच्ची को पांकी अस्पताल में सुरक्षित रखा गया है। यदि कोई इस महिला को जान रहे हों तो स्वजनों को अथवा निकटतम थाना को सूचित करें, ताकि उसे घर तक पहुंचाया जा सके।

## मेन रोड से मांस दुकान हो बंद : विहिप



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** विश्व हिंदू परिषद नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड इकाई के द्वारा बाजार क्षेत्र के मेन रोड में काफी संख्या में चल रहे मांस के दुकान हटाने को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि हिन्दू धर्म के भावनाओं को काफी ठेस पहुंचाने का काम किया जा रहा है। क्योंकि मांस विक्रेता बकरा एवं मुर्गा काटने के बाद उसका गंदा पानी तथा उससे निकलने वाले सड़े अवशिष्ट पदार्थ को मेन रोड पर फेंक देते है। जिसके कारण बहुत दुर्गन्ध आती है। जब हम हिन्दूओं को पूजा-पाठ करने जाना होता है। तो वही एक मात्र रास्ता है, जिससे हम अपने मंदिरों तक जाते है। जिस कारण पूजा-पाठ करने जाने में हम हिन्दु धर्मावलम्बियों की धार्मिक आस्था अपवित्र और आहत होती है। साथ ही विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड इकाई अध्यक्ष आनंद कुमार ने कहा है कि मेंन बाजार रोड़ में मीट मुर्गे की दुकान बिना रोक-टोक के चलाए जा रहे हैं इस कारण क्षेत्र में अराजकता का माहौल बना हुआ है। रास्ते से गुजरने वाले लोगों को सावन मास में रोजाना मंदिर, बाजार जाने वाले लोगों के साथ स्कूल जाने वाले बच्चों को बदबू से होकर गुजरना पड़ता है। साथ ही आसपास के क्षेत्र में संक्रमण और बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है। ज्ञापन सौपने वाले में प्रखंड विहिप उपाध्यक्ष सौरभ कुमार वर्मा, मंत्री रोशन कुमार मेहता, संयोजक दीपक मेहता, खंड कार्यवाह बिट्टू श्रीवास्तव, पांकी प्रखंड पालक राजू सिंह सिसोदिया, रवि शुक्ला आदि अन्य लोग मौजूद थे।

**भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान का झामुमो ने किया विरोध**

# भाजपा झारखंड को तोड़ना चाहती है : राजेंद्र सिन्हा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा लोकसभा में झारखंड राज्य के अभिन्न अंग संथाल परगना, बिहार, पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिलाकर केंद्रशासित प्रदेश बनाने के संबंध में दिए गए बयान के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने किया। निशिकांत दुबे के इस बयान को झामुमो ने झारखंड विरोधी बयान बताया है। कहा कि पूरे झारखंड में झामुमो इसका विरोध उग्र तरीके से कर रही है। उन्होंने कहा कि निशिकांत दुबे द्वारा झारखंड तोड़ने की बात संसद में कहना दशार्ता है कि भाजपा की मंशा झारखंड के टुकड़े करने की है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आंदोलनकारी और लड़ कर झारखंड को अलग करने वाले दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पुत्र हैं। वह झारखंड को टूटने नहीं देंगे। कार्यक्रम में सचिव सन्नू सिद्धिकी, केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, सुनील तिवारी, मुन्ना सिन्हा, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, असफर रब्बानी, कमाल खान वरिष्ठ नेता देवेंद्र तिवारी, हाजी ललन, शाहनवाज बबलू, कलाम नेता नगर अध्यक्ष रंजीत जयसवाल, अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, महिला मोर्चा सचिव संजू देवी, कोषाध्यक्ष राजिया नियाजी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष कांति चंद्रवंशी, मंजू देवी संगठन सचिव अनुराग प्रताप सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फजैल भाई व्यावसायिक मोर्चा अध्यक्ष दीपू चोरिसिया युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बबलू चौधरी, मुकेश चौधरी, संगठन सचिव कृष्ण कन्हैया दुबे, संजय चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, सिद्धांत पांडेय, सुमित सोनी, राहुल कुमार, अल्पसंख्यक नगरअध्यक्ष सोनम खान, छात्र मोर्चा अध्यक्ष कौशल किशोर, सचिव सैयद फैजल सहित सैकड़ों झामुमो के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बैठक पुलिस लाइन स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर आयुक्त जावेद हुसैन व उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आगामी 15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन केंद्र मेदिनीनगर में प्रातः 9:05 बजे होगा। इसके बाद पलामू प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, जिला समाहरणालय, नगर निगम, सहित जिले के समस्त कार्यालय, सदर अनुमंडल कार्यालय, जिला परिषद कार्यालय एवं रेड क्रॉस सोसाइटी परिसर में झंडोत्तोलन किया जाएगा। परेड में अर्धसैनिक बलों की अलग-अलग टुकड़ियां शामिल होंगी। नगर आयुक्त ने स्टेडियम में कार्यक्रम को लेकर बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वहीं सड़कों पर बैरिकेडिंग व मेडिकल टीम के तैनाती सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।बेहतर परेड के लिए टुकड़ियों को सम्मानित भी किया जाएगा समारोह को लेकर पुलिस लाइन स्टेडियम सहित शहर के सभी चौक-चौराहों पर स्थापित प्रतिमाओं व मूर्तियों की साफ सफाई करने का निर्णय लिया गया।मौके पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## ज्योति आईटीआई में टाटा मोटर्स जमशेदपुर का अप्रेंटिसशिप आयोजन किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** देश की प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स जमशेदपुर द्वारा अप्रेंटिसशिप का आयोजन किया गया। आईटीआई उत्तीर्ण पलामू प्रमंडल व निकटवर्ती कई जिलों के लगभग 400 प्रशिक्षणार्थियों ने साक्षात्कार में भाग लिया। जिसमें 120 प्रशिक्षणार्थियों का टाटा मोटर्स जमशेदपुर में अप्रेंटिसशिप के लिए चयन किया गया। कंपनी के साक्षात्कार अधिकारियों ने ज्योति आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों और संस्थान के अनुदेशक की सराहना की। कहा कि यहां के अनुशासन, कार्य व्यवस्था और पूरे संस्थान का मैनेजमेंट बहुत ही सराहनीय है। यहां के प्रशिक्षणार्थियों की जानकारी और गुणवत्ता इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग के लिए अति उत्तम है। मौके पर संस्थान के सचिव ज्योति पांडेय ने बताया की अप्रेंटिसशिप बच्चों को जीवन की वास्तविक दुनिया का अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। इससे प्रशिक्षणार्थियों को अपने चुने हुए क्षेत्र में सीधे काम करने का अनुभव प्राप्त होता है। आईटीआई करने के उपरांत प्रैक्टिकल ज्ञान और कौशल को निखारने में अप्रेंटिसशिप महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साथी ही नौकरी के अवसर भी खुल जाते हैं एक फ्रेशर से अनुभवी व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं। कार्यक्रम को संपन्न कराने में संस्थान के प्लेसमेंट सेल अधिकारी मनोरथ चौधरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रियरंजन सिंह, उमेश कु. शर्मा, पंकज कुमार ठाकुर, अमीत कुमार, आशीष कुमार आदि संस्थान के सदस्य मौजूद थे।



### एक नजर

## सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत




**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत खनवा गांव के छोटू भुइयां के सात वर्षीय पुत्र धीरज कुमार का मोटरसाइकिल दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार धीरज अपने घर का सामान लाने दुकान पर जा रहा था। इस बीच तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसे धक्का मार दिया। घायल धीरज को गंभीर अवस्था में मोटरसाइकिल सवार ने ही इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया। जैसे ही इलाज के दौरान धीरज की मौत हुई व वहां से फरार हो गया। वह पाटन प्रखंड के कोरियाडीह का रहने वाला है। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि युवक का मोटरसाइकिल ग्रामीणों ने जब्त कर लिया है। युवक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक, उपायुक्त ने दिए निर्देश, कहा-**

# सभी 18 प्लस के युवा का नाम मतदाता सूची में हो

**सभी पदाधिकारियों को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर सभी कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने की बात कही**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय स्थित उनके सभाकक्ष में हुई। बैठक में मनरेगा अन्तर्गत कार्य करने वाले मजदूरों की संख्या, मजदूरों का बकाया राशि, डोभा, आधार वेरिफिकेशन, जॉब कार्ड वेरिफिकेशन, बिरसा हरित ग्राम योजना, कुंआ निर्माण की प्रगति, प्रधानमंत्री पशुधन विकास योजना, जल समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सोख्ता गड्ढा, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, प्लेग्राउण्ड, 15 वें वित्त संबंधी योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, आंगनबाड़ी केन्द्र, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास, अबुआ आवास, सामाजिक सुरक्षा अन्तर्गत पेंशन योजना अन्तर्गत सभी योजनाएं समेत अन्य की समीक्षा की गयी। इसके अतिरिक्त भवन निर्माण विभाग,लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ प्रमंडल, कल्याण विभाग, कृषि विभाग,गव्य विकास समेत अन्य विभागों में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर सभी कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने की बात कही।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का आवेदन के लिए 3 से 10 अगस्त तक लगाया जायेगा कैंप

बैठक में उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 3 से 10 अगस्त तक विशेष शिविर के माध्यम से आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। इस कार्य में आप सभी पदाधिकारी बेहतर कोऑर्डिनेशन का परिचय देते हुए सभी योग्य युवतियों व महिलायों का आवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो यह सुनिश्चित करें। निर्वाचन विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सभी ईआरओ यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र अंतर्गत सभी 18 प्लस के युवा का नाम मतदाता सूची में रहे। इसके लिये सभी कॉलेजों से एक प्रमाण पत्र भी लें कि उनके कॉलेज में पढ़ने वाले सभी छात्रों का वोटर कार्ड बन गया है। बैठक में भवन निर्माण के कार्यपालक अभियन्ता ने लेस्लीगंज व पांकी में जमीन संबंधी समस्या होने को लेकर अवगत कराया इस पर उपायुक्त ने संबंधित सीओ को समस्या का समाधान करने की बात कही। इसी तरह उन्होंने अन्य विभागों की भी समीक्षा करते हुए सभी को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने की का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, डीआरडीए निदेशक सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु, जिला कल्याण पदाधिकारी, विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारी, उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, खेल पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, मनरेगा व आवास के परियोजना पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### न्यूज बॉक्स

## राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले एनएसयूआई के जिला सचिव



**मेदिनीनगर।** एनएसयूआई कार्यालय दिल्ली में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव कन्हैया कुमार से पलामू जिला महासचिव हसीन बिस्मिल ने शिष्टाचार भेंट कर छात्रों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान महागठबंधन की झारखंड सरकार छात्रों, युवाओं की समस्याओं को लेकर गंभीर है। किसी भी स्थिति में छात्रों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने एनएसयूआई के मजबूती के संदर्भ में सुझाव देते हुए कहा कि एक अभियान चलाकर छात्रों के अधिकार को लेकर लड़ाई लड़ने की जरूरत है, तभी संगठन से ज्यादा से ज्यादा छात्र जुड़ेंगे।

## शिक्षकों का 5 दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शुरू

**मेदिनीनगर।** पीएमश्री सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व सहायक शिक्षकों का जिला स्तरीय 5 दिवसीय प्रशिक्षण डायट मेदिनीनगर में मंगलवार से शुरू हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ. दुगानंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक रणधीर कुजुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि पलामू जिला के सभी चयनित 26 पीएमश्री विद्यालयों का नीति, रीति व प्रीति की व्यवहार से पीएमश्री विद्यालयों के उद्देश्य व लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी को संकल्पित होने की जरूरत है। जिला शिक्षा अधीक्षक संजीव कुजूर ने आश्वस्त किया कि विद्यालय को उत्कृष्टता तक पहुंचाने में विभाग हमेशा शिक्षकों के साथ रहेगा। प्रशिक्षण में पलामू जिला के 26 विद्यालयों के कुल 52 प्रशिक्षणार्थी प्रथम बैच में सम्मिलित हुए। एडीपीओ उदय कुमार सिंह ने बताया कि पलामू में चयनित सभी 26 पीएमश्री विद्यालयों के कुल 310 शिक्षक व शिक्षिकाएं को प्रशिक्षण दिया जाना है। जिला स्तरीय प्रशिक्षण के लिए 6 बैच का गठन किया गया है। माह अगस्त, सितंबर तक सभी पीएमश्री विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक नियमित,संविदा, पारा शिक्षक भी हैं तो उन्हें भी प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण में राज्यस्तर पर प्रशिक्षित श्यामलाल उरांव, डॉ. धीरेंद्र सिंह, दिनेश कुमार शुक्ल, पूजा सिन्हा, नंद किशोर कुमार, देवेन्द्र मिंज समेत अन्य संकाय सदस्य मोहम्मद हसन रजा, प्रेमलता कुमारी, वीणा रहमान, अंजू कुमारी शामिल थे।

## महाजुटान को सफल बनाने का निर्णय

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की हेरिटेज किट में आयोजित बैठक में 25 अगस्त को टाउन हॉल में आयोजित महाजुटान को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में पलामू जिला के सभी प्रखंडों से वैश्यों को भाग लेने की अपील की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, प्रदेश संगठन मंत्री अरविंद गुप्ता, पलामू जिला जिला कमेटी के सदस्य, युवा कमेटी के अध्यक्ष शुभम प्रसाद, महामंत्री राजेश गुप्ता, विनोद गुप्ता, उपाध्यक्ष राजहंस अग्रवाल, प्रमुख शक्ति गुप्ता, किशोरी जायसवाल, मिथिलेश माली सहित अन्य मौजूद थे।

## एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता तीन व चार को

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में पलामू जिला स्तरीय बालक-बालिका, महिला-पुरुष सीनियर एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता का आयोजन 3 अगस्त को 800 मीटर दौड़, 10000 मीटर, 5 000 मीटर दौड़, 20 किलोमीटर रेस वॉक, शॉर्ट पुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, 4 अगस्त 2024 को 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ ,1500 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, हाई जंप प्रतियोगिता किया जाएगा। यह प्रतियोगिता जीएलए कॉलेज के एथलेटिक्स स्टेडियम में होगा। प्रतियोगिता में पलामू जिला के सरकारी, प्राइवेट, स्कूल-कॉलेज, क्लब के खिलाड़ी भाग ले सकते है। यह प्रतियोगिता प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। प्रतियोगिता 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए किया जाएगा। खिलाड़ियों का उम्र 17 अगस्त 2024 को 18 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए। उम्र प्रमाण के रूप में मैट्रिक के प्रमाण पत्र जिसमें उम्र दर्शाई गई हो जरूर लेकर पहुंचने का आदेश दिया गया है। आधार कार्ड का छाया प्रति लाना अति आवश्यक है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान लाने वाले प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र दिया जाएगा। साथ ही 13 व 14 अगस्त को बोकारो जिला के चंदनक्यारी में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। यह जानकारी पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय त्रिपाठी ने दी।

## पौधरोपण से ही जीवन संभवः चंद्रशेखर सिंह

**मेदिनीनगर।** पृथ्वी पर जीवन की कल्पना तभी की जा सकती है जब पौधारोपण किया जाए। आज के रोपे गए पौधे आने वाले दिनों में पेड़ बनेंगे। इससे वातावरण शुद्ध होगा। साथ ही प्राणवायु के रूप में ऑक्सीजन मिलेगा। उक्त बातें आजसू के केंद्रीय समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कही। वह डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के स्थापना दिवस पर 100 दिन के वृक्षारोपण सह जन संपर्क कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने चैनपुर प्रखंड के बोकेया, नाग बाबा मंदिर परिसर, रामपुर गांव के देवी मंडप परिसर व रामगढ़ प्रखंड के नावाडीह पंचायत के हिसरी मध्य विद्यालय परिसर में शिक्षक ओमप्रकाश साव व पार्टी नेताओं, कार्यकताओं व ग्रामीणों? के साथ पौधारोपण किया। उन्होंने ग्रामीण व कार्यकताओं के साथ फलदार पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पेड़ से ही समय पर वर्षा होती है। पर्यावरण हरा-भरा रहता है। उन्होंने लगाए जा रहे पौधे की देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज सुबह के शिक्षा हरियाली व विकास के एजेंट को जमीन पर उतरने का काम किया जा रहा है।

# छात्र पिटाई विवाद में आइसा की जांच टीम पहुंची सर्वोदय प्लस टू हाई स्कूल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) पलामू की टीम सर्वोदय प्लस टू हाई स्कूल सतबरवा में प्राचार्या व छात्रों के बीच हुई विवाद को लेकर जांच करने टीम पहुंची। बता दें कि शनिवार को प्राचार्य द्वारा 11 वीं के छात्र समीर कुमार की बेरहमी से पिटाई की गई थी। समीर कुमार उसी रात से गंभीर बीमार हो गया। आनन फानन में परिजन गांव के ही डॉक्टर से इलाज करवाया। शिकायत मिलते ही रविवार को आइसा के राज्य उपाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह सतबरवा प्रभारी अभय सिंह दांगी पीड़ित छात्र से मिले। गुस्साए परिजनों को समझाया कि प्राचार्या से मिलकर मामला को समझने का प्रयास करेंगे। इस कड़ी में अभिभावकों व छात्रों के साथ आरती कुमारी, नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में आइसा राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ, अभय सिंह दांगी, प्राचार्य से मुलाकात की। प्राचार्य ने अपनी गलती स्वीकारते हुए अगली बार से ऐसा नहीं होने का आश्वासन दिया। छात्रों ने स्कूल में अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। आइसा टीम के साथ प्राचार्य से वातालर्प में सीधे तौर पर इसको झूठ बोला। जांच टीम ने अवैध वसूली का आरोप सही पाया है। आइसा राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ ने कहा कि अपने मनमाने तरीके से स्कूल न चलाए। ससमय अभिभावकों से राय सलाह लेते रहे। विद्यालय में छात्रों के साथ मारपीट दुर्व्यवहार करना पूरी तरह से गलत है। इससे छात्रों और समाज में अच्छा संदेश नहीं जाता है। मौके पर अभय सिंह दांगी, रामसहाय सिंह, संतोष कुमार, अनिल कुमार, दीपक कुमार, बबलू कुमार, सुमंत कुमार समेत सैकड़ों अन्य छात्र छात्राओं के साथ अभिभावक उपस्थित थे।

> **छात्रों ने स्कूल में अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। आइसा टीम के साथ प्राचार्य से वातालर्प में सीधे तौर पर इसको झूठ बोला। जांच टीम ने अवैध वसूली का आरोप सही पाया।**

## महादेव सेवा फाउंडेशन का राष्ट्रीय सम्मेलन, सम्मानित किए गए विद्या भूषण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनिगर।** महादेव सेवा फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन पश्चिम बंगाल के आसनसोल में किया गया। जिसमें देश भर के विभिन्न जिलों से आए संस्थाओं व समाज सेवियों को रक्तदान तथा जन कल्याण हेतु कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में छोटे बच्चों एवं बड़े कलाकारों ने सांस्कृतिक नृत्य पेश किया। जन कल्याण कार्यो को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रस्तुति पेश की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप अतिथि के रूप में 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के हीरो रहे रिटायर्ड कर्नल हेम सिंह शेखावत शामिल हुए। उन्होंने सामाजिक संस्था एमटीएसईसीटी (संकल्प रक्त सेवा, झारखंड) के संस्थापक विद्या भूषण कुमार को रांची झारखंड और पूरे झारखंड के लिए मोमेंटो तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि यह संस्था लगातार पिछले कई वर्षों से जरूरतमंद लोगों की मदद करते आ रही हैं। रक्तदान या किसी अन्य प्रकार से समाजिक कार्यो की पूर्ति करते चली आ रही हैं। जीसी वर्मा एमटीएसईसीटी (संकल्प रक्त सेवा, झारखंड) के अध्यक्ष ने कहा कि आज पूरे देश से आए इतने सम्मानित सदस्यों के बीच सम्मान पाना अपने आप में बहुत ही गर्व की बात हैं। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजनकर्ता रमेश भगत (शिवम) उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया है। मौके पर महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, उत्तर प्रदेश, असम, पंजाब, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश ,नेपाल एवं अन्य कई राज्यों से समाजसेवी संस्थाएं पहुंची थी जिनको सम्मानित किया गया।

### पुण्यतिथि

**पुण्यतिथि पर याद किये गये समाजवादी नेता, लोगों ने किया श्रद्धासुमन अर्पित**

# पूरनचंद सादगी के प्रतीक थे : अरुणा शंकर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व मेयर अरूणा शंकर ने एकीकृत बिहार के गांधी कहे जाने वाले पिछड़ों के मसीहा स्वर्गीय पूरनचंद की पुण्यतिथि पर मुख्य बाजार व चैनपुर में स्वर्गीय पुरनचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि स्व. पूरनचंद को पांच बार डालटनगंज, चैनपुर, भंडरिया विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। एकीकृत बिहार में कैबिनेट मंत्री भी रहने का अवसर मिला लेकिन, जीवन के अंतिम समय तक अपने लिए एक वाहन नहीं खरीद सके और न ही एक मकान बना सके। सही रूप में पुरनचंद सादगी के प्रतीक थे। इसलिए उनकी पहचान बन गई थी घसीटा साव का कोठा, धर्मशाला का लोटा व पिंटू होटल का ओटा। उन्होंने कहा कि उनके काफी नजदीक रहे कयूम रूमानी ने मुझे बताया था कि वह इतने लोकप्रिय थे। उनका चुनाव का गाना था बरगद का प्रचार रस्ते रस्ते, पूरन जी का प्यार रस्ते रस्ते। प्रचार के क्रम वह एक वोट एक नोट मांगा करते थे जो उन्हें मिलता भी था। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि कोयल पुल था, जिसका नामकरण वह अपने समय में बोर्ड से पारित कर पूरनचंद सेतु कर अपने आप को धन्य समझती हूं। शहर का मुख्य ओवर ब्रिज, पलामू एक्सप्रेस, सोकरा माइंस खुलवाने का भी श्रेय उन्हीं को जाता है। उन्होंने उस वक्त भंडारिया जैसे सुदूर गांव में पलामू का पहला रेफरल अस्पताल खुलवाने का श्रेय उनके नाम में है। मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री रामचंद्र केसरी, स्वर्गीय पूरन चंद के पोता अभिजीत कुमार, पुरनचंद ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश प्रसाद, प्रोफेसर युगल किशोर प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पूरनचंद नेता ही नहीं पलामू के मसीहा थे : ज्ञानचंद पांडेय

पूर्व मंत्री और छोटा नागपुर के गांधी कहे जाने वाले पूरनचंद के पुण्यतिथि पर जिले के विभिन्न संगठनों व पार्टी के नेताओं ने उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर बोलते हुए पलामू जिले के जाने-माने समाजसेवी ज्ञानचंद पांडे ने कहा कि पूरन चंद न केवल नेता थे बल्कि पलामू के वे मसीहा थे उन्होंने अपने कार्यकाल में उल्लेखनीय कार्य किया है जिसको पलामू के लोग भूल नहीं पाएंगे पूरनचंद जन-जन के नेता थे और जो भी काम करते थे वह सच्चे दिल से करते थे उनके अंदर दिखावे का कोई भी चीज नहीं था आज जरूरत है उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलकर पलामू में आमूल चूल परिवर्तन करने की कार्य किया जाना चाहिए रामनाथ चंद्रवंशी ने कहा कि पूरन चंद सच्चे समाजवादी नेता थे इस अवसर पर ओंकारनाथ, सरवन गुप्ता, गणेश रवि, रंजन कुमार सिंह चंद्रवंशी, विनोद कुमार सोनी, विश्वनाथ राम, राजेश रोशन,संजय नवाज, दीपक चंद्रवंशी, अरुण चंद्रवंशी, रामदेव प्रसाद यादव, कुश कुमार, आदित्यनाथ पाठक, सीटू गुप्ता, केडी सिंह, उमेश भाई, संजय गुप्ता शाहिद काफी संख्या में लोग उपस्थित थे कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर जुगल किशोर प्रसाद ने की। रामदेव प्रसाद यादव, ज्ञानचंद पांडेय, जुगल किशोर प्रसाद, रामनाथ चंद्रवंशी, ओमकार, विनोद कुमार, रंजन कुमार सिंह चंद्रवंशी, श्रवण गुप्ता, कुश कुमार, आदित्यनाथ पाठक, रामनाथ चंद्रवंशी, विश्वनाथ, राजेश रोशन, संजर नवाज मौजूद थे।

## एक नजर

### वृद्ध का शव बरामद पुलिस कर रही जांच

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के मिरचैया (टाटीदिरी) सिवान के जंगल से एक अज्ञात (लगभग 80 वर्षीय) वृद्ध आदमी का शव मिला है। जिसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। जानकारी मिलने पर धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार मृत स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। ग्रामणों के अनुसार वृद्ध की मौत भूख या बारिश में भीगने के कारण हुई है।

### संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत

**गढ़वा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के लेवरी गांव निवासी राजेंद्र रजवार का पुत्र गणेश रजवार 18 वर्ष की मौत संदिग्ध अवस्था में हो गई। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गणेश रजवार सोमवार रात्रि में अपने घर में खाना खाकर सोया था। इसके बाद रात्रि 2 बजे अचानक चिल्लाने का शुरू कर दिया। परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। वहां अंत्यपरीक्षण के बाद पुलिस ने शव को उसके परिजनों को सौंप दिया।

### भाजपा ने धरना दिया

**विशुनपुरा ।** भाजपा मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को प्रखंड कार्यालय विशुनपुरा के समक्ष एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। धरना का अध्यक्षता विशुनपुरा मंडल अध्यक्ष अवध विहारी गुप्ताव संचालन अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम ने किया । धरना प्रदर्शन में आए भाजपा गढवा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि आज भाजपा के कार्यकर्ता ने विशुनपुरा प्रखंड कार्यलय के समक्ष धरना प्रदर्शन के माध्यम से आक्रोश व्यक्त करती है।

### डायमंड ग्लास स्टोर का उद्घाटन

**गढ़वा।** शहर के नामधारी कॉलेज कर्बला के पास डायमंड ग्लास स्टोर का उद्घाटन किया गया। स्टोर का उद्घाटन एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर इस अवसर पर डॉक्टर एम एन खान ने कहा कि इस क्षेत्र में डायमंड क्लास स्टोर खुल जाने से अब इस क्षेत्र के लोगों को ग्लास से संबंधित सामग्री खरीदने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।उन्हें इस क्षेत्र में ही ग्लास से संबंधित सामग्री उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में ऐसे स्टोर की सख्त जरूरत थी। डायमंड ग्लास स्टोर के प्रोपराइटर सज्जाद अंसारी ने कहा कि उनके स्टोर में ग्लास से संबंधित सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर मुखिया संगीता देवी, हाजी अब्दुल अजीज, मोहम्मद शफीक अंसारी, मोहम्मद सहित कई लोग उपस्थित थे।

# धारदार कुल्हाड़ी से पति ने की पत्नी की निर्मम हत्या

## पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

**□ खेत में काम करने के बीच कुछ बात को लेकर तू तू में में शुरू हुआ जो इतना बढ़ गया कि पत्नी को जान गंवानी पड़ गई**



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई।** थाना क्षेत्र के रारो गांव स्थित बैगही टोला पर एक सनकी पति ने धारदार हथियार से हमला कर अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर दी। मृतिका का का नाम शकुंतला देवी उम्र 42 वर्ष और उसके पति का नाम कमलेश परहिया है। जानकारी के अनुसार कमलेश कुछ ही दिन पहले बाहर में मजदूरी कर अपना घर आया था। वहीं घटना से पहले सोमवार को पूरे दिन पति और पत्नी दोनों ने संयुक्त रूप से मिलकर अपने खेत की घेराबंदी करने का काम किया। इसी दौरान दोनों के बीच कुछ बात को लेकर तू तू में में शुरू हुआ जो इतना बढ़ गया कि पत्नी को जान गंवानी पड़ गई। खेत घोरान के बाद नोक-झोंक करते हुए दोनो अपने घर लौट गए। इस बीच काम से थकी मृतिका अपने घर की एक चारपाई पर सो गई। तत्पश्चात आक्रोशित उसके पति ने धारदार कुल्हाड़ी से उसके गर्दन पर एकाएक हमला कर दिया जिससे घटनास्थल पर ही शकुंतला की मौत हो गई। मृतिका के खून से उसका पूरा घर लथपथ हो गया। गांव गुजार के जो भी लोग नजदीक से उसे देखने जा रहे थे उनके पैरों में जरूर खून लग जा रहा था । उसके बाद जानकारी मिलते ही उक्त स्थल पर ग्रामीणों की हुजूम टूट पड़ी । इसी दौरान मृतिका की छोटी बेटी पवित्री कुमारी से ग्रामीणों के द्वारा पूछताछ किया जाने लगा। उनके पूछताछ में पवित्री ने उन्हें बताया कि पापा हमसे पानी पीने के लिए मांगे तो मैं उनके लिए घर से गिलास लेकर पानी लेने टोले के एक चापाकल पर चली गई । वहां से लौटी तो मां के गर्दन से बड़ी मात्रा में खून बहता हुआ देखने लगी। उसके बाद मैं मां कह कर चिल्लाने लगी ।वहीं मेरी आवाज सुनकर गांव के बहुत लोग वहां पर पहुंच गए। उधर जानकारी पाकर दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी ने कहा कि आरोपी से घटना के बारे में काफी पूछताछ की गई लेकिन अभी तक उसके द्वारा सच्चाई कबूलनामा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक उसके द्वारा सच्चाई सामने नही लाया जाता है के तब तक उसे हम सभी अपने कब्जे में ही रखेंगे।

**पुलिस ने पति को किया गिरफ्तार**

थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने सबसे पहले गांव में खोज शुरू कर मृतिका का हत्यारा पति को गिरफ्तार किया। उसके बाद शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए उसे गढ़वा भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मैं घटना स्थल पर पहुंचा और सबसे पहले मृतिका के हत्यारा की खोजबीन में जुट गया। उसके बाद उसे गिरफ्तार कर शव को अपने कब्जे में किया और अन्त्य परीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया।

## मीटिंग हॉल का छज्जा गिरा, बाल- बाल बचे ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई ।** प्रखंड कार्यालय के मीटिंग हाल का छज्जा मंगलवार को गिर गया। वही दूर-दूर से अपने-अपने कार्यों को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचे ग्रामीण बाल बाल बच गए। उक्त घटना में किसी भी तरह के हताहत की सूचना अभी तक नहीं मिली है। छज्जे को टूट जाने के बाद मीटिंग हॉल का नजारा पूरी तरह 100 वर्षीय बिल्डिंग की तरह दिखने लगा । बिल्डिंग की सुंदरता बिल्कुल रूप से गायब हो गई। वही जो छज्जा टूट कर नीचे गिरा है वह अभी तक यथा स्थिति पड़ा हुआ है। इंजीनियरों का कहना होता है कि चाहे जिस तरह का भी पक्का का बिल्डिंग बने उसका जिंदगी 50 वर्ष का होता है।

## मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के लिए पंचायत स्तर पर कैंप, तिथि निर्धारित

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के हित में शुरू की गई मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना की तैयारी में प्रखंड प्रशासन जुट गई है। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को हेमंत सरकार रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए 1000 रू प्रतिमाह बैंक खाते में डालेगी। इस योजना का सफल क्रियान्वयन हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने पंचायतवार कैंप का तिथि निर्धारित किया है। इसमें केतार पंचायत सचिवालय में 3 जुलाई को, बलिगढ़. पंचायत सचिवालय में 5 अगस्त को, मुकुन्दपुर पंचायत सचिवालय में 6 अगस्त को, पाचाडुमर पंचायत सचिवालय में 7 अगस्त को, लोहरगाडा. पंचायत सचिवालय में 8 अगस्त को, परसोडीह पंचायत सचिवालय में 9 अगस्त को और परती कूशवानी पंचायत सचिवालय में 10 अगस्त को कैंप लगाकर 21-50 वर्ष आयु की महिलाओं का फार्म जामा कराया जायेगा। पंचायत स्तर पर कैंप का सफल आयोजन के लिए नोडल पदाधिकारी भी प्रतिनियुक्त किये गये है। केतार के लिए पंचायत सचिव आयुषी चौबे, बलिगढ़. के लिए जनसेवक राजीव कुमार, मुकुन्दपुर के लिए पंचायत सचिव आदित्य कुमार, पाचाडुमर के लिए पंचायत सचिव सुरेश राम, लोहरगाडा. पंचायत में नवल-किशोर यादव, परसोडीह पंचायत सुरेश राम और परती कूशवानी पंचायत के लिए पंचायत सचिव आदित्य कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया है।

## छात्र-छात्रओं ने मानव तस्करी के खिलाफ निकाली रैली



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया गढ़वा ।** भंडरिया प्रखंड के मरदा गांव स्थित स्त्रन्नोत उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं ने विश्व मानव निषेध दिवस के अवसर पर गैर सरकारी संगठन लोहरदगा के बैनर तले विश्व बाल शोषण दिवस पर निकाली प्रभात फेरी। छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न तरह के तस्करी से लड़ेंगे समाज को सुरक्षित करेंगे, बाल तस्करी पर रोक लगाऐ हर जीवन को सुरक्षित बनाएं आदी नारे लगाया जा रहा था। स्कूली बच्चों और महिला समूहों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को जागरूकता के साथ साथ तस्करी के खिलाफ शपथ भी दिलायी गयी। संस्था के अधिकारी ने बताया कि 2023 से क्षेत्र में बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल व्यपार तथा बाल यौन शोषण पर कार्य किया जा रहा है। संस्था द्वारा गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंड के गांवों में 46 और वर्ष 2024 में अब तक 23 बच्चो का रेस्क्यू कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। उक्त कार्यक्रम में पंचायत के उप मुखिया रविंद्र सिंह,फिल्ड फेसीलेटर रेखा कुजूर पुर्णिमा कच्छप विद्यालय के प्रधानाध्यापक किरूस समद, भुवनेश्वर उरांव, इंदू बाल तिर्की, रवि प्रताप सिंह, भूदेव, कॉनेर्लीयूश कच्छप , मनी प्रकाश तिर्की, प्रेमचंद केसरी ,संतोष प्रसाद केसरी छात्र-छात्राएं समेत स्वयं सहायता समूह की महिला आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने दूसरे दिन भी चलाया छापेमारी अभियान, तीन गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**




**धुरकी।** पुलिस ने विभिन्न मामलों के वांछित तीन वारंटी बिरु कुमार, पिता रमेश राम, कासिम अंसारी, पिता स्वर्गीय सहबाज अंसारी, सद्दाम अंसारी, पिता जस्मू अंसारी बीरबल निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि लगातार दूसरे दिन पुलिस ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी अभियान चलाया। धुरकी पुलिस ने 04 अभियुक्तों को अलग अलग मामले में जेल भेजा था। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहे हैं।अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस लगातार छापामारी जारी रखेगी। छापामारी दल में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के साथ सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार, बीकू कुमार रजक, एएसआई शैलेन्द्र कुमार यादव के अलावा थाना के पुलिस बल शामिल थे।

## साध्वी नीलम 75 दिनों बाद गुप्ता धाम गुफा से लौटी, लोगों की उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के हुसरु गांव की विश्वनाथ उरांव की पुत्री साध्वी नीलम कुमारी 75 दिन बाद यूपी के रानीडीह गुप्ता गुफा में मिली। साध्वी नीलम कुमार अपने घर के पास स्थित दुर्गा मंदिर से विगत 16 मई 2024 को रात्रि मे दो बजे गायब हो गई थी। 75 दिन के बाद घर गुप्ता धाम गुफा से स्वजन गाजे बाजे के साथ घर लाए। इधर साध्वी नीलम कुमारी के पिता विश्वनाथ उरांव ने बताया मंदिर से अंतरध्यान होने से पहले वह अपनी मां अमरावती देवी एवं भाई गौतम उरांव को बताया था। बोली थी हम गुफा मे जाने वाले हैं। आपलोग घर के दुर्गा मंदिर को मंदिर को अच्छे से बनकर रखिएगा। इसके बाद नीलम 16 मई की रात मे अचानक गायब हो गई। इसके बाद हमलोंगो ने यूपी बार्डर के समीप रानीडीह गुप्ता गुफा मे जाकर चार से पांच बार खोजबीन किए। लेकिन साध्वी नीलम कुमारी का कोई पता नहीं चला। इसके बाद 27 जुलाई को गांव के ही उसके साथ महिला को स्वप्न मे आकर बताई कि हम गुप्ताधाम मे हैं। हम नागिन के रुप मे हैं। इसके बाद नीलम की मां अमरावती देवी एवं भाई गौतम गुफा मे लगभग 40 मीटर अंदर गए। तो अनलोगो को त्राहिमाम त्राहिमाम, जय मां काली, जय मां काली की आवाज सुनाई दिया। इसके बाद गुफा मे स्थित शिवलिंग के पास नीलम को पाया।

## मेदिनीनगर की पूर्व मेयर अरूणा शंकर ने बड़गड़ का किया दौरा




**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** मेदनीनगर की मेयर सह भाजपा नेत्री अरूणा शंकर ने मंगलवार को बड़गड़ प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने जिन गांवों का दौरा किया उनमें बड़गड़ प्रखंड मुख्यालय सहित परसवार, गोठानी का नाम शामिल है। एक दिवसीय दौरे के क्रम में उन्होंने लोगों से जनसंपर्क किया व उनका कुशलक्षेम जाना। भंडरिया प्रखंड के बघवार गांव में आदिवासी समुदाय के द्वारा आयोजित क्षेत्र में अच्छी बारिश होने को लेकर प्रकृति की पूजा में शामिल हुई। तथा वहां उपस्थित बैगा, पाहन को अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस तरह के पूजा में वे पहली बार शामिल हुई हैं।इसकी एक अलग ही अनुभुती हमें मिली। इधर बड़गड़ दौरे के क्रम में उन्होंने डोर टू डोर भाजपा कार्यकताओं से मिली व उन्हें शौल ओढ़कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरे के क्रम में उन्होंने कहा कि अगर आप सभी का आशीर्वाद रहा तो आनेवाले विधानसभा चुनाव में डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में आप सभी के बीच में उपस्थित रहूंगी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद,अनिल गुप्ता,संजय प्रसाद, राकेश सोनी, पुनीत सिंह,अरविंद जायसवाल, राजेश्वर ठाकुर, सुरेश केसरी, रमेश सोनी, सुनील दास आदि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### पुल निर्माण की मिली स्वीकृति : भानू

**श्री बंशीधर नगर।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में 6 पुल की स्वीकृति मिली है। इसकी जानकारी भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कई जगहों पर पुल नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिसकी जानकारी मुझे थी। काफी पहले से इस सरकार से योजना स्वीकृत कराने की मांग की जा रही थी। इस जनविरोधी सरकार में किसी योजना को पास कराना काफी कठिन है। लेकिन विपरीत परिस्थिति में भी मेरे द्वारा इसे लेकर कई वर्षों से ईमानदारी से प्रयास किया जा रहा था। जिसका परिणाम आज सामने है। उन्होंने कहा क्षेत्र के विकास लिए वे कृतसंकल्पित हैं। विधायक ने बताया कि जिन पुलों की स्वीकृति मिली है उसमें केतार प्रखंड क्षेत्र के चौरा गांव में पंडा नदी पर, केतार प्रखंड के बनखेता गांव में पंडा नदी पर, खरौंधी प्रखंड के चंदनी गांव स्थित बसड़ घाट डोमनी नदी पर, श्री वंशीधर नगर के हालिवंता गांव में नारायणा नाला पर, धुरकी प्रखंड के बुल्का गनियारी के बीच यूरिया नदी पर और डंडई प्रखंड के लवाही पचौर के बीच मंगरदाहा नदी पर पुल निर्माण योजना शामिल है।

### मानव तस्करी के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली

**मेराल।** विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस के अवसर पर मंगलवार को गैर सरकारी संगठन लोहरदगा के ग्राम स्वराज्य संस्था द्वारा महिला समूह एवं स्कूली बच्चों के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मानव तस्करी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और इसके रोकथाम के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही गांव में जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को मानव तस्करी के खिलाफ शपथ दिलाई गई। बताया गया कि संस्था द्वारा पिछले वर्ष से झारखंड के विभिन्न क्षेत्र में बाल विवाह, बाल मजदूरी बाल व्यपार तथा बाल यौन शोषण पर जागरूकता कार्यक्रम चल रही है। संस्था द्वारा गढ़वा जिला में 2023 में 46 और 2024 में अब तक 23 बच्चों का रेस्क्यू कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया गया है। लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्था के सदस्य पूजा शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम गढ़वा जिला के आठ प्रखंड बरगढ़, भंडारिया, रामकंडा, रंका, गढ़वा, मेराल, बिशनपुर तथा मझीआव में संस्था द्वारा जागरूकता अभियान चला कर तस्करी निषेध दिवस मनाया गया। जागरूकता कार्यक्रम में लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्था के कार्यकर्ताओं के साथ समूह के महिला एवं छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल थे।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल

**गढ़वा।** रंका मार्ग पर सोमवार की रात्रि टंडवा टाड़ी स्थित पेट्रोल पंप के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के लेदुका गांव निवासी शंभू पटेल का पुत्र अरुण पटेल बताया गया है। उसे इलाज के लिए गठवा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अरुण पटेल अपने घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर रंग का अपने रिश्तेदार के यहां गया था। वापस लौटने के दौरान सामने से आ रहे ट्रक के रोशनी आंख पर पड़ने के कारण उसकी मोटरसाइकिल आनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके बाद उसे आसपास के लोगों के सहयोग से गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### किशोर ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या

**गढ़वा।** जिले के धुरकी गांव निवासी सिकंदर अंसारी का पुत्र अली राजा 11 वर्ष ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अली राजा अपने घर में परिजनों से मोबाइल चलाने के लिए मांग रहा था इसी बात को लेकर परिजनों ने उसे डांट फटकार किया तो आक्रोशित होकर अली राजा ने घर में रखे कीटनाशक खा ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां की चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

### भूमि विवाद में तीन घायल

**गढ़वा।** नगर ऊंटरी थाना क्षेत्र के बरडीहा गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष के स्वर्गीय कइम अंसारी का पुत्र अनवर अंसारी, उसका पुत्र मेरान अंसारी, दूसरे पक्ष के असगर अंसारी की पत्नी खुशबू बीवी का नाम शामिल है। इसमें अनवर अंसारी तथा मेरान अंसारी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज के बाद परिजन उसे अस्पताल से ले गए। घटना के संबंध में अनवर अंसारी ने आरोप लगाया है कि उसके पिता सभी भाइयों को मारने से पहले ही अपना-अपना हिस्सा बंटवारा करके दे दिए थे, इसके बावजूद भी उसका भाई असगर अंसारी उसके हिस्से के जमीन पर अपना जमीन बताकर खेती करने से मन कर रहा है। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। घटना के बाद अनवर अंसारी ने अपने भाई असगर अंसारी सहित नौ लोगों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया है।

### टेंपो से गिर कर युवक घायल

**गढ़वा।** नगर ऊंटरी मार्ग पर सोमवार की रात्रि नवादा मोड़ के पास टेंपो से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति नगर उतरी थाना क्षेत्र के कधवन गांव निवासी किशुन भुइयां का पुत्र विजय भुइयां बताया गया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में विजय ने बताया कि वह डंडई थाना क्षेत्र के सोनेहारा गांव के पास से टेंपो पर अपने साथी के साथ सवार होकर सिकंदराबाद जाने के लिए ट्रेन पकड़ने आ रहा था। इस दौरान उसे रास्ते में टेंपो में नींद आ गया इसी कम में नवादा मोड़ के पास चलती टेंपो से गिर गया। घटना के बाद साथ के लोगों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### जहर खाकर युवती ने की आत्महत्या

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के डुमरो गांव निवासी संजय मेहता की पुत्री माया कुमारी 16 वर्ष ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि आपसी घरेलू बात को लेकर उसे परिजन द्वारा डांट फटकार किया गया था। इस बात से आक्रोशित होकर माया कुमारी ने कीटनाशक खा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे आनन फानन में उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## दवा दुकान में हजारों की चोरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** थाना क्षेत्र में चोरो का गिरोह फिर से एक बार सक्रिय है। गत माह पहले ही रमना-सोनेहारा मुख्य पथ से मोटर साइकिल चोरी की घटना हुई थी, जिसे मेराल पुलिस नें जब्त कर लिया था। लेकिन पुनः चोरी की घटना से आम लोग और व्यवसायी भयभीत है। सोमवार की रात्रि रमना नीचे बाजार दुर्गा मंदीर के पास स्थित गोपाल मेडिकल स्टोर में चोरों ने लकड़ी का दरवाजा का ताला उखाड़ कर दराज में रखे रुपए की चोरी कर लिया। जानकारी अनुसार सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता प्रतिदिन की तरह शाम आठ बजे के करीब अपना दुकान बंद कर दुकान के पीछे के मकान में सोने चले गये। तब तक सब कुछ समान्य था। इस चोरी का पता दुकानदार को सुबह चला जब दुकानदार का पुत्र सुबह में दुकान खोलने आये तो देखा की दरवाजा का लॉक टूटा है। दराज का सामान जहां-तहां बिखरा है। थाना प्रभारी असफाक आलम ने बताया कि चोरी की घटना की सूचना प्राप्त हुई है। प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान जारी है। घटना का उदभेदन जल्द ही कर लिया जायेगा।

## मिथिलेश कुमार ठाकुर ने राज्य वासियों से अपील की, कहा-

# योग्य लाभुक उठाएं मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लाभ

**● 21 से 49 वर्ष आयु की सभी युवतियों एवं महिलाओं को राज्य सरकार की ओर से एक हजार रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने राज्य वासियों से अपील करते हुए कहा है कि सभी योग्य लाभुक मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ निश्चित रूप से उठायें। निर्धारित समय पर फॉर्म भरकर झारखंड सरकार के इस अति महत्वकांक्षी योजना को सफल बनायें। उन्होने कहा है कि पहली बार राज्य की महिलाओं का सशक्तिकरण के लिए व्यापक स्तर पर योजना चलायी जा रही है। गढ़वा सहित पूरे राज्य की माताएं एवं बहनें इसका लाभ जरूर उठायें। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य की महिलाओं की स्वास्थ्य, पोषण शिक्षा, आर्थिक पिछड़ापन आदि को ध्यान में रखते हुए इसमें सतत सुधार, महिला सशक्तिकरण एवं उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य सरकार ने इस योजना की शुरूआत की है। इसके तहत 21 से 49 वर्ष आयु की सभी युवतियों एवं महिलाओं को राज्य सरकार की ओर से एक हजार रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए जमा करते समय अपना मोबाइल साथ में लेकर जाना है। उसमे फार्म भरने का ओटीपी आयेगा। जिन लोगों का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है उन्हें दिसंबर 2024 तक ही इसका लाभ मिल सकता है। इस दौरान उन्हें लिंक कराना अनिवार्य होगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस योजना की राज्य की सभी महिलाएं स्वावलंबी बनने की ओर अग्रसर होंगी।

**10 अगस्त तक कैंप का आयोजन**

जिले के सभी पंचायतों, नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में तीन से 10 अगस्त तक कैंप आयोजित कर फॉर्म जमा लिया जाएगा। इसके लिए आधार कार्ड, वोटर कार्ड, किसी भी प्रकार का राशन कार्ड, आधार लिंक एकल बैंक खाता पासबुक एवं मोबाइल नंबर आवश्यक है। एक अगस्त से फॉर्म भरने का कार्य प्रारंभ हो जायेगा। इसके लिए फार्म आंगनबाड़ी केंद्रों में निःशुल्क फॉर्म दिया जाएगा। 3 अगस्त से 10 अगस्त के बीच ग्रामीण क्षेत्र के लोग पंचायत भवन, प्रखंड कार्यालय तथा शहरी क्षेत्र के लोग अंचल कार्यालय में आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल


**भवनाथपुर।** टाउनशिप के मुख्य मार्ग में रेलवे साइडिंग के पास दो बाइक की टकराव में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में टाउनशिप निवासी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार संजय पांडेय व दीपक विश्वकर्मा अरसली उत्तरी निवासी के नाम शामिल हैं। घटना के बाद 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश सिंह द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि संजय पांडेय भवनाथपुर से टाउनशिप अपने आवास जा रहे थे, जबकि विपरीत दिशा से दीपक विश्वकर्मा अपने बाइक से आ रहे थे। अचानक टकराव होने से दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# ग्रामीणों ने शहरी जलापूर्ति योजना में निम्न स्तर का सरिया लगाने का किया विरोध

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड के मुरू ग्राम में शहरी जलापूर्ति योजना के तहत करोड़ों रुपए की लागत से बन रहे टंकी निर्माण में बकाया मजदूरी की मांग व निम्न स्तर का सरिया लगाने का ग्रामीण ने मंगलवार को निर्माण स्थल में जमकर विरोध किया। योजना स्थल पर निर्माण कार्य का देखरेख कर रहे विभागीय कनीय अभियंता पियूष रंजन ने निम्न स्तर के सरिया को तत्काल हटाने का निर्देश निर्माण कार्य करवा रहे साइड इंचार्ज को दिया है। ग्रामीणों के विरोध के कारण टंकी निर्माण कार्य पर रोक दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड मुख्यालय समेत अन्य पांच पंचायतों में शहरी जलापूर्ति योजना मद से करोड़ों रुपए की लागत से टंकी व पाइप लाइन बिछाना है। इसी के तहत मुरु ग्राम में टंकी का निर्माण संबंधित संवेदक द्वारा कराया जा रहा था। इससे पूर्व संवेदक द्वारा योजना के शुरूआत में कोयल नदी किनारे लंका ग्राम में टंकी निर्माण कराया गया है। जिसमें कई मजदूर, ट्रैक्टर मालिक समेत अन्य लोगो का मजदूरी व अन्य मद का पैसा बकाया है। जिसका भुगतान किए बिना संवेदक द्वारा मूरु ग्राम में टंकी निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसकी भनक लगते ही राजेश्वर यादव, मुन्ना यादव,गुडु पाल,पूर्व साइड इंचार्ज मंटू सिंह,शिवपूजन कुमार,ट्रैक्टर मालिक हुलास कुमार सिंह समेत काफी संख्या में लोग जमा होकर अपनी सात माह का बकाया मजदूरी राशि भुगतान की मांग कर रहे थे। मजदूर राजेश्वर यादव,मंटू सिंह ने कहा कि हम लोगों को आजकल भुगतान करने का बार बार आश्वासन देकर 7 माह से मजदूरी भुगतान नहीं किया गया, जिससे उन लोगो के समक्ष भुखमरी की स्थिति कायम हो गया है। भुगतान किए बिना गुपचुप तरीके से दूसरे साइड में काम शुरू कर दिया गया है। जेई पीयूष रंजन ने कहा सोमवार को साइड पर नहीं आने के कारण निम्न स्तर का सरिया लगा दिया गया था, जिसे हटा कर ही काम शुरू किया जायेगा। साइड इंचार्ज आसिफ खान ने कहा कि मामले की सूचना मालिक को दे दी गई है। जल्द ही सभी लोगों का बकाया भुगतान कराया जायेगा।





## एक नजर

### सीएचओ एप की दी गई जानकारी

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में रांची के डॉ. सुशांत अग्रवाल, उज्जवल कुमार राय मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान प्रशिक्षण में उपस्थित सेविका,सहीया साथी,स्वास्थ्य कर्मी को प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया कि सीएचओ एप के माध्यम से सहिया,सेविका,सहिया साथी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को स्वास्थ रहने से संबंधित आम लोगों के जागरूक करने की बात की।

### वन पट्टा को ले विभिन्न गांव में ग्राम सभा

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के पहरा पंचायत के विभिन्न गांव में मंगलवार को वन पट्टा को लेकर ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्राम सभा मुखिया बेबी देवी की अध्यक्षता में किया गया। बताया गया की मारंगी, सिंदूरब्बे,बरटा व पहरा में गांव में ग्राम सभा हुई। मौके पर मुकेश कुमार सहित अन्य थे।

### बज्रपात से तीन मवेशी की मौत

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत रहेया ग्राम निवासी कईल लोहरा के दो गाय की बज्रपात से मौत हो गई। इधर भरत लोहरा ग्राम बनवार के टोला पंकुरवा निवासी की भी एक बैल का बज्रापात से मौत हो गया। पीड़ित कइल लोहरा ने बताया की मंगलवार दो पहर के आसपास अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। कड़क मलक के साथ तेज बारिश होने लगी। बगल मे मेरे दोनों गाय चर रही थी। बारिश बचने के लिए दोनों गाय जा रहे थे की अचानक बज्रपात हो गया जिससे दोनों गाय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इधर बनवार पंकुरवा ग्राम निवासी भरत लोहरा का भी बैल की बज्रापात से मौत हो गई। तीनो मवेशीयों के मौत होने से लगभग पचास हजार की आर्थिक नुकसान हुआ है।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**बालूमाथ।** मगध कोलियरी के आरा बैरियर के समीप एक ट्रक के धक्के से बाइक पर सवार दो युवक मैकलुस्कीगंज निवासी राजेश उरांव व आरा ग्राम निवासी दीपक कुमार साव घायल हो गये हैं। ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घायल युवक को बालूमाथ प्राथमिक स्वास्थ्य में उपचार कर उचित इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि युवक अपने घर मैकलुस्कीगंज से कुछ निजी कार्य के लिए आरा चमातू आया था और कार्य कर वापस घर लौट रहा था। इस क्रम में ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया। बता दें किस तरह का घटना कोलियरी माइंस क्षेत्र अंतर्गत आए दिन होता रहता है। जिस पर निजात दिलाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

## मनरेगा कर्मियों की हड़ताल 9 वें दिन जारी कामकाज प्रभावित

**मयूरहंड(चतरा)।** झारखंड मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर जिला इकाई चतरा द्वारा वादा निभाओ स्थायी करों कार्यक्रम के तहत जिले के सभी मनरेगा कर्मी 9 वें दिन भी मंगलवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे रहे। इसके तहत मयूरहंड प्रखंड के भी मनरेगाकर्मी जिला मुख्यालय में आयोजित धरना में शामिल हुए। इससे मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं का कामगाज ठप हो गया है। साथ जरुरतमंद मजदूरों को रोजगार व भुगतान नहीं मिलने से भुखमरी की स्थिति बनी हुई है। संघ के प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि उनकी मांगों में मनरेगाकर्मियों के सेवा शर्त नियमावली में सुधार कर सेवा स्थायीकरण व वेतनमान का प्रावधान शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार दोहरी नीति मनरेगा कर्मियों के लिए अपना रही है।मनरेगा में कार्यरत जिला स्तर तक के कर्मी को ग्रेड पे दिया जा रहा है, किंतु क्षेत्रीय कर्मी, प्रखंड और पंचायत के कर्मी को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। जबतक क्षेत्रीय मनरेगा कर्मियों को ग्रेड पे नहीं मिलेगा तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा।

## न्यूज बॉक्स

### एसएस प्लस टू विद्यालय में प्रबंधन समिति का चुनाव, अध्यक्ष बने रामबरत पासवान



**पाण्डेयपुरा (चतरा)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के पांडेपुरा में राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन हुआ जिसमें विद्यालय के पोशाक क्षेत्र के नामांकित छात्र-छात्राओं के माता-पिता और अभिभावकों के द्वारा आम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पांडेयपुरा के पंचायत समिति लखन दास ने किया। जिसमें चुनाव प्रक्रिया को पूरी करने के लिए सैकड़ो की संख्या में अभिभावक उपस्थित हुए। चुनाव की प्रक्रिया विभागीय पर्यवेक्षक विनय गुप्ता के निगरानी में संपन्न हुआ। विद्यालय प्रबंधन समिति हेतु चयनित सदस्यों में बतौर अध्यक्ष रामबरत पासवान उपाध्यक्ष के रूप में रीना देवी और सदस्यों में पंकज कुमार, सानू कुमार, राजेश यादव, देवनंदन मिस्त्री, रंजीत कुमार सिंह, प्रतिमा कुमारी, रेखा कुमारी, ममता देवी, उषा देवी, सुनीता देवी चयनित हुए। शिक्षकों में प्रधानाध्यापक जयंत कुमार क्लर्क शंकर कुमार समाजसेवी एवं रिटायर आर्मी अर्जुन यादव उपस्थित हुए। पर्यवेक्षक के द्वारा सभी चयनित सदस्यों और अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को शपथ दिलवाया गया जिसमें अपने जिम्मेवारी के प्रति लोगों को निष्ठा बरतने की सलाह दी।

### सांसद निशिकांत दुबे के बयान पर झामुमो का आक्रोश जुलूस



**लातेहार।** भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के बयान पर झामुमो ने आक्रोश जुलूस जिला अध्यक्ष लाल मोतिनाथ शाहदेव के नेतृत्व में निकाला गया। लगभग हजारों की संख्या में कार्यकर्ता लातेहार जिला समाहरणालय से निकल कर लातेहार के मुख्य मार्ग होते हुए थाना चौक पहुंचे। झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने बताया कि बीते दिनों भाजपा गोड्डा संसदीय क्षेत्र के सांसद निशिकांत दुबे ने संथाल परगना को केंद्र शासित राज्य घोषित मामले में बयान दिया है। यह बिलकुल अनुचित बात कही गयी है। इसका झारखंड मुक्ति मोर्चा कड़ा विरोध करती है। भाजपा का यह झारखंड तोड़ों की सोच रही है, जिसे झामुमो कभी सफल नहीं होने देगा। मौके पर जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे , दीपू सिन्हा, समसूल होदा, मो. इमरान, बारियातू 20 सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, सुरेश गंझु ,बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव ,शीत मोहन मुंडा ,राजेश यादव ,औरंजेब खान शाहिद सैकड़ो महिला पुरुष कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जर्जर खपरैल कक्ष में पढ़ने को विवश छात्र

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** महुआडांड़ प्रखंड के चैनपुर पंचायत के औराटोली स्कूल में जर्जर खपरैल घर के एक रूम में बच्चे पढ़ाई करने को विवश है। औराटोली स्कूल भवन का छत टूट कर गिर रहा है। जिसके कारण बच्चों पर आफत मंडारा रहा हैं,वहीं बच्चे की भविष्य अंधकार मय हो रहा है। स्कूल में लगभग 40 बच्चे नामंकित है। सोमवार को विद्यालय में 30 बच्चे ही उपस्थित थे। वहीं बरसात के मौसम में स्कूल संचालित नहीं होता है, क्योकि बच्चें बारिश में घर चले जाते हैं। बारिश होते ही खपरैल भवन से पानी टपकने लगता है। जहां बच्चों को पढ़ने में दिक्कत आती है। खपरैल भवन में एक भी दरवाजा नहीं है। झाड़ी का बना हुआ दरवाजा लगाकर किसी तरह शिक्षण कार्य किया जाता है।

## श्रम अधीक्षक कार्यालय का किया घेराव



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** बकाया मजदूरी दिलाने की मांग को लेकर मंगलगवार को मजदूरों ने श्रम अधीक्षक लक्ष्मी कुमारी के कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। मजदूरों ने श्रम अधीक्षक को सौंपे में कहा कि फिलहाल उनकी जांच होनी चाहिए। मजदूरों द्वारा बताएं गए कम से कम 250 रूपया तय की मजदूरी भी नहीं दिया जाता है। सरयू प्रखंड से आई पूर्णिया कुमारी पिता रामेश्वर घासी ने बताया कि उनके साथ कुल 35 मजदूर एक ही पंचायत के चौराहा के रहने वाले हैं। सभी मजदूर सरयू निर्माण कार्य में रेजा का काम करते हैं। मजदूरों का एक दिन का मजदूरी 250 दिया जा रहा है। 15 दिन काम करने पर आधा दिन का मजदूरी काट दिया जाता है। मजदूर सुबह 8 से शाम 6:30 बजे तक कार्य करवाया जाता है। बीच में लंच का समय होता है तो उसमें भी रुपया काटकर राशि दिया जाता। वे सभी जुबेर आलम के देखरेख में काम करते हैं।

## गारू के नए सीओ दिनेश कुमार मिश्रा ने दिया योगदान

नवीन मेल संवाददाता

**गारू/लातेहार।** गारु में नये अंचलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को योगदान दिया और अंचल अधिकारी संतोष बैठा से प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण करने के बाद एक औपचारिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें अंचल के विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।अपने पहले संबोधन में, दिनेश कुमार मिश्रा ने अंचल की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जाति, स्थानीयता, आय और जमीन म्यूटेशन से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन उनकी प्राथमिकता होगी। मिश्रा ने जोर देकर कहा कि अंचल के लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ जल्द से जल्द और सरलता से प्राप्त हो सके, इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।इसके साथ ही, मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना और सरकारी सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा।मिश्रा ने अंचल कार्यालय का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों से विभिन्न प्रक्रियाओं और लंबित मामलों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी लंबित मामलों का निपटारा जल्द से जल्द किया जाएगा और इसके लिए एक समयबद्ध योजना बनाई जाएगी। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे किसी भी समस्या या शिकायत के लिए सीधे उनके कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। मिश्रा ने विश्वास दिलाया कि अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दी जाएगी।

## हर मंगलवार को थाना परिसर में सामान्य भूमि विवादों की होगी सुनवाई : सीओ



नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के सामान्य आपसी भूमि विवादों को लेकर थाना परिसर में दोनों पक्षों के बीच हीं ऑन स्पॉट निष्पादन करने हेतु सराहनीय पहल किया गया। जानकारी देते हुए सीओ विजय दास ने बताया कि आमजनों में त्वरित व सुलभ न्याय हेतु लिए प्रत्येक मंगलवार को थाना परिसर में शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान कुल छः मामलों में से एक का मौके पर हीं निष्पादन कर दिया गया।जबकि शेष लंबित मामलों पर अग्रिम तिथि में दोनों पक्षों से समुचित वैध कागजातों की मांग करते हुवे स-समय उपस्थित होने के निर्देश दिए गये हैं। वहीं इस प्रशासनिक पहल की आमलोगों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की जा रही है। मौके पर मौजूद फरियादियों ने अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने आम लोगों से भूमि विवादों के समाधान हेतु आपसी टकराव को छोड़कर इस मौके का फायदा उठाने की बातें कही है।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा।ज्ञात हो की आज के जनता दरबार में कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से मुआवजा, नियोजन, जमीन रशीद, वृद्ध पेंशन, आबुआ आवास, ग्रीन कार्ड को पिला कार्ड करने संबंध आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

# सोलर जलमीनार के साथ लगे चपानल तीन महीनों से खराब, ग्रामीणों की बढ़ी समस्या

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातु।** प्रखण्ड के शिबला पंचयात अंतर्गत ग्राम मकरा स्थित बघौता टोला मे जल जीवन मिशन के तहत सोलर जलमीनार के साथ लगाये गए चपानल पिछले तीन महीनों सें खराब पड़ा हुआ है। जिससे ग्रामीणों की पेयजल संकट गहराया हुआ है। ग्रामीण राजू कुमार रवि, मोहन कुमार रवि, लीलावती देवी, प्रतिमा देवी, सविता देवी, सुषमा देवी इन सभी ग्रामीणों नें बताया की सोलर जलमीनार के साथ लगे चपानल खराब होने के कारण हम लोगों को पानी पीने मे परेशानी हो रही है। गर्मी के दिनों मे सोलर जलमीनार सें ही अपना पेयजल एवं दैनिक कार्य पूरी कर लेते थे, लेकिन अभी बरसात मे धूप नहीं निकलने के कारण जलमीनार से पानी आना बंद हो जाता है, जिससे हम सभी ग्रामीणों को बरसात के मौसम में कुछ दूर जाकर एक दूसरे के कुआं सें दूषित पानी लाकर पीना पड़ रहा है। बरसात मे कुआं के दूषित पानी पीने सें बच्चों के साथ साथ हम सभी बीमार पड़ते रहते हैं। वहां पर 9 घरों में लगभग 25 परिवार रहते है, जो जलमिनार तथा चपानल के सहारे आश्रित रहते है। वहीं ग्रामीणों नें उपायुक्त से जलमीनार के साथ में लगाए गये चपानल को दुरस्त करवाकर पेयजल बहाल करने की मांग की है।

## कुआं में डूबने से 5 वर्षीय मासूम की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा पूर्वी के डेमटोला निवासी प्रदीप राम के 5 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार की मौत सोमवार की शाम कुआं में डूबने से हो गई। मासूम बच्चे की असमायिक मृत्यु के बाद परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रिंस कुमार चंदवा के खीस्त राजा विद्यालय का छात्र था। सोमवार की दोपहर बाद स्कूल से छुट्टी होने के बाद प्रिंस के पिता बच्चों को स्कूल से लेकर घर आये थे। खाना खाने के बाद वह बच्चे को घर से थोड़ी दूर पर स्थित टोरी रेलवे फाटक के समीप पत्नी के पास छोड़कर काम पर चले गए। वहीं मां के अनुसार प्रिंस खेलते खेलते घर की ओर चला गया। जिसके बाद से वह लापता था। काफी देर तक प्रिंस को नहीं देख परिजनों व आसपास के लोगो ने खोजबीन शुरू कर दी। सोमवार की रात्रि करीब 10 बजे गांव के लोगो ने घर के समीप स्थित कुआं में बच्चे के शव को तैरते हुए देखा। घटना के बाद से मुहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। हर कोई घटना के प्रति काफी हतप्रभ है।


## कार्यालय–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण, सूचना संख्या–06/2024–25

विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 06.08.2024 कार्यालय दिवस में 11.00 बजे पूर्वाहन से 1.00 बजे अपराहन तक।
परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0 के कार्यालय
निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 07.08.2024 को 1.00 बजे अपराहन तक।
निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक– 07.08.2024 को अपराह्न 1.30 बजे।
निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखंड– मनिका, पंचायत– सिंजो में रा0उत्क्रमित मध्य विद्यालय नदबेलवा में चाहरदिवारी निर्माण। | 18,75,400.00 | 38000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 2 | प्रखंड– मनिका, पंचायत– जान्हो में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पननवाटांड़ में चाहरदिवारी निर्माण। | 17,17,800.00 | 34500.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 3 | प्रखंड– मनिका, पंचायत– दुन्दु में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिचलीदाग में चाहरदिवारी निर्माण। | 15,80,800.00 | 32000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 4 | प्रखंड– मनिका, पंचायत– दुन्दु में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खोटहा में चाहरदिवारी निर्माण। | 10,13,300.00 | 20500.00 | 2,500.00 | 03 माह |
| 5 | प्रखंड– मनिका, पंचायत– रांकीकला में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुई में चाहरदिवारी निर्माण। | 14,37,800.00 | 29000.00 | 2,500.00 | 03 माह |
| 6 | प्रखंड–मनिका, पंचायत–जान्हो उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, पुरानी टोला पश्चिम में चाहरदिवारी निर्माण। | 22,72,600.00 | 45500.00 | 2,500.00 | 03 माह |
| 7 | प्रखंड–मनिका, पंचायत–बड़काडीह, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, असुरबांध में चाहरदिवारी निर्माण। | 9,99,200.00 | 20000.00 | 1,250.00 | 03 माह |
| 8 | प्रखंड–मनिका, पंचायत–पल्हेया, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, बरवही में चाहरदिवारी निर्माण। | 17,93,100.00 | 36000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 9 | प्रखंड–मनिका, पंचायत–बन्दुआ, राजकीय मध्य विद्यालय, बरवाही में चाहरदिवारी निर्माण। | 24,02,400.00 | 48500.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 10 | प्रखंड– मनिका, पंचायत– दुन्दु में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गिजनियाटांड़ में चाहरदिवारी निर्माण। | 10,33,200.00 | 21000.00 | 2,500.00 | 03 माह |
| 11 | प्रखंड– मनिका, पंचायत– दुन्दु में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, करमबोथवा में चाहरदिवारी निर्माण। | 10,33,200.00 | 21000.00 | 2,500.00 | 03 माह |
| 12 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–01 | 22,38,900.00 | 45000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 13 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–02 | 22,38,900.00 | 45000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 14 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–03 | 22,38,900.00 | 45000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 15 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–04 | 16,79,200.00 | 34000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 16 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–05 | 23,17,800.00 | 47000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 17 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–06 | 23,17,800.00 | 47000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 18 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–07 | 23,17,800.00 | 47000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 19 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–08 | 23,17,800.00 | 47000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 20 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–09 | 23,17,800.00 | 47000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 21 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–10 | 23,17,800.00 | 47000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 22 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–11 | 23,44,000.00 | 47000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 23 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–12 | 24,09,500.00 | 48500.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 24 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–13 | 24,74,900.00 | 50000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 25 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–14 | 24,09,500.00 | 48200.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 26 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–15 | 24,09,500.00 | 48200.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 27 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–16 | 24,09,500.00 | 48500.000 | 5,000.00 | 03 माह |
| 28 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–17 | 13,39,400.00 | 27000.00 | 2,500.00 | 03 माह |

1. चहारदिवारी कार्य हेतु ग्रामीण कार्य विभाग / भवन प्रमण्डल विभाग के समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
2. पी0सी0सी0 पथ कार्य हेतु ग्रामीण कार्य विभाग / पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल के समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
3. परिमाण विपत्र का मुल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुरूप आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट (भारतीय स्टेट बैंक) के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नही जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट लातेहार में भुगतेय होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा प्राप्ति की तिथि से दो माह का होना अनिवार्य है।
4. प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट–बढ सकती है।
5. निविदा की अन्य शर्तें **https://latehar.nic.in** एवं कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार।

PR 331214 (Rural Development) 24-25 (D)

## एक नजर

### ऑटो पलटने से चार वर्षीय बच्चे की हुई दर्दनाक मौत



**गुमला।** गुमला सदर थाना स्थित परसा ग्राम में ऑटो (टेंपो) पलटने से 4 वर्षीय बच्चे की हुई मौत। पिता और 2 वर्षीय पुत्री घायल, बताया जाता हैं की गुमला सदर थाना स्थित तेलगांव कुंबा टोली ग्राम निवासी मनोज लकड़ा, 4 वर्षीय अश्वनी लकड़ा और एक 2 वर्षीय बच्ची को अपने ऑटो (टेंपो) में बैठाकर, तेलगांव ग्राम रोपा रोपने गई अपनी पत्नी को लाने जा रहा था इसी क्रम में तेलगांव ग्राम के समक्ष ही सड़क में एकाएक जानवर आ जाने के कारण उक्त ऑटो (टेंपो) अनियंत्रित होकर पलट गया। फलस्वरुप चार वर्षीय अश्वनी लकड़ा की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

### वज्रपात से युवक की मौत, 18 दिनों पूर्व हुई थी शादी

**कैरो / लोहरदगा।** मंगलवार शाम को हुई मुसलाधार बारिश से जहां किसानों के चेहरे खिल गए वही थाना क्षेत्र के हनहट गांव निवासी नितेश सिंह पिता कार्तिक सिंह का मंगलवार शाम हुई मूसलाधार बारिश के साथ हुए बज्रपात से मृत्यु हो गई। जिससे परिजनों समेत गांव में मातम छा गया है। जानकारी के अनुसार नितेश सिंह अपने खेत मे काम कर रहा था तभी बारिस के साथ हुए बज्रपात से उसकी मौत हो गई।बताया जाता है कि मृतक नितेश सिंह के 18 दिन पूर्व ही विवाह हुआ था। घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना प्रखंड सह अंचलाधिकारी को दे दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार के नियमानुसार अग्रतर करवाई की जाएगी।

### ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा की 17 वीं पुण्यतिथि आयोजित



**गुमला।** ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा जयराम प्रपरनाचार्य जी महराज की 17वीं पुण्य तिथि विशाल भंडारा के साथ समिति के अध्यक्ष द्वारिकाधीश बनारस के महन्त अखंड दास जी महराज की देखरेख मे सम्पन्न हुआ। इस पुण्यतिथी पर 24 घन्टे का अखंड कीर्तन सन्तो के द्वार प्रवचन। हवन किया गया। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ जिसमे आस पास के हजारो भक्त गण सप्रेम प्रसाद ग्रहण किए।

# कुडू में अवैध भंडारण किया हुआ 30 हजार घनफिट बालू जब्त

- *बालू का अवैध भंडारण पर अब होगी सीधी कार्रवाई : डीएमओ*
- *एनजीटी को लेकर डीसी ने दिया है छापेमारी का निर्देश*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** बालू के अवैध भंडारण कर कारोबार करने की सूचना पर खनन विभाग और पुलिस टीम ने कुडू थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थान पर सघन छापामारी अभियान चलाया। कुडू के लावागाई,टंगरा टोली,पथर टाड, चेलचाचा टोंकटोली समेत अलग-अलग स्थान में अवैध रूप से भंडारण किया गया लगभग 30 हजार घनफिट अवैध बालू जब्त किया गया। बालू का अवैध भंडारण कर इसका कारोबार करने के आरोप में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने कुडू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। उल्लेखनीय है कि गत दिनों उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अगुवाई में जिला खनन टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक हुई थी।

इस दौरान उपायुक्त ने एनजीटी लागू होने के बावजूद बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध छापामारी कर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसको लेकर सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मामले पर खान एवं खनिज अधिनियम 1957 का उल्लंघन, झारखंड लघु खनिज समानुदान नियमावली का उल्लंघन एवं सरकारी संपत्ति चोरी करने का आरोप दर्ज प्राथमिकी में लगाया गया है। बिना अनुज्ञप्ति के बालू का भंडारण करना अवैध है। कहा कि छापामारी के बाद बालू के भंडारण को जब्त कर अवैध कारोबार में लगे व्यक्तियों के विरुद्ध कुडू थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दिया गया है।

#### उल्लंघन दंडनीय अपराध की श्रेणी में

**उपरोक्त** नियमावली का उल्लंघन दंडनीय अपराध की श्रेणी में है। मिली जानकारी के अनुसार डीएमओ राजाराम प्रसाद की अगुवाई में की गयी छापामारी में कुडू के विभिन्न स्थानों से लगभग 30 ट्रेक्टर अवैध बालू जब्त किया गया। मामले पर पूछताछ करने पर पता चला कि, अवैध बालू का भंडार निकट के नदी से उत्खनन कर किया गया है। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि, कुडू थाना क्षेत्र में किसी व्यक्ति को बालू भंडार कर इसका व्यावसायिक उपयोग करने की अनुज्ञप्ति खनन कार्यालय से नहीं दिया गया है।

### अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की सीएम से हुई वार्ता

# संघीय प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ जल्द होगी मीटिंग : सीएम

- *शिक्षकों के मांग के समर्थन में विधायक राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगरी भी रहे वार्ता में मौजूद*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शिक्षकों के लिए सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना (एम ए सी पी) छठा वेतन विसंगति,अंतर जिला स्थानांतरण विषयों को ले कर सोमवार को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा के मुख्यमंत्री कक्ष में भेट कर वार्ता किया।इस दौरान मुख्यमंत्री को झारखंड में शिक्षकों को एमएसीपी नहीं मिलने की बात बताई गई। नवंबर 2022 में हुई संघ की उनसे हुई वार्ता का हवाला देकर अब तक अधिकारिक स्तर से कार्य के लंवित है। शिक्षकों को एमएसीपी नहीं मिलने के दंश से सीएम अवगत कराया गया। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य को पुरानी पेंशन का लाभ, स्वास्थ बीमा दिया है। इसको भी देने से राज्य सरकार पीछे नहीं हटेगी है। संघ की बातो पर कहा कि जल्द ही अधिकारियों के साथ आपलोगों की एक बैठक करवाके इस काम को गति दिया जाएगा। प्रक्रिया में थोड़ी समय लगेगी। छठा वेतन विसंगति और अंतरजिला स्थानांतरण की मांग को भी सीएम के संज्ञान में लाया गया।



#### संघ की मांगों को लेकर ये मौजूद रहें

वार्ता में संघ की मांगों के समर्थन में खिजरी विधायक राजेश कच्छप और कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोंगरी भी मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष अनूप केसरी, महासचिव राम मूर्ति ठाकुर, संगठन महामंत्री असादुल्लाह, उपाध्यक्ष दीपक कुमार दत्ता, दक्षिणी छोटनगपुर प्रमंडलीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, रांची जिला अध्यक्ष सलीम सहाय तिग्गा, खूंटी जिला अध्यक्ष संजय कंडुलना, लोहरदगा जिला अध्यक्ष मणि उरांव, गुमला जिला अध्यक्ष रामचंद्र खेरवार, सरायकेला खरसावां अध्यक्ष माणिक प्रसाद सिंह,अमर उरांव, अमरनाथ झा शामिल रहे थे।

### जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन

**गुमला।** डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में प्रत्येक मंगलवार को जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जाता है। जन शिकायत निवारण दिवस में दूर दराज से आए रहे लोगों को देख डीसी के दिशा निर्देश पर कुछ माह पूर्व ई-जन शिकायत का भी आयोजन किया जा रहा था एवं उसके टेस्ट करने के पश्चात अब नियमित रूप से जिले के ई-जन शिकायत का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के दूर दराज में रहने वाले नागरिक अपने नजदीकी ब्लॉक ऑफिस में जाकर ऑनलाइन मध्यम से अपनी शिकायतों को डीसी के समक्ष रख सकते हैं। इसी क्रम में डीसी के द्वारा उनके कार्यालय में आम नागरिकों से मिलने से पूर्व उन्होंने ई-जन शिकायत का आयोजन किया जिसमें जारी एवं चैनपुर प्रखंड के लगभग 10 आवेदकों ने ऑनलाइन वीडियो कॉल के मध्यम से डीसी से मुलाकात की एवं उनकी शिकायतों को डीसी के समक्ष रखा।

### ज्वेलर्स दुकान में लूट की कोशिश

# विरोध करने पर दुकान मालिक को अपराधियों ने मारी गोली



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले के मेन रोड स्थित कनक ज्वेलर्स में फायरिंग की गई है। मंगलवार को दिनदहाड़े लूट की नीयत से पहुंचे तीन अपराधियों ने दुकान मालिक प्रकाश कुमार पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। जिससे गोली उनके हाथ को छूती हुई निकल गई, इससे उनके हाथ की एक अंगुली जख्मी हो गई। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी देते हुए दुकान मालिक प्रकाश ने बताया कि मंगलवार को वे दुकान खोलकर चाय पी रहे थे। उसी दौरान अपाचे बाइक पर सवार तीन लोग हथियार के साथ दुकान पर आए। उनमें से एक ने उनकी कनपटी पर रिवॉल्वर सटा दी। वे चाय पी रहे थे, उन्होंने लुटेरों के चेहरे पर गर्म चाय फेंक दी और उनसे भिड़ गए। इस दौरान लुटेरों ने गोली चला दी, जो उनके हाथ की अंगुली को छूती हुई निकल गई। उन्होंने बताया कि लुटेरों ने बाहर जाते हुए भी उन पर दो और गोलियां चलाई, जिसमें से एक उनके पैर को और दूसरी कंधे के ऊपर लगी। इसके बाद तीनों मौके से फरार हो गए। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंच कर पूरे मामले की जांच में जुट गई है। वहीं घटना को लेकर एसपी शंभू कुमार सिंह ने कहा कि ज्वेलर्स शॉप में फायरिंग हुई है। शॉप के मालिक के अंगुली में चोट आई है। सीसीटीवी की जांच की जा रही है।

> गुमला में लगातार हो रही लूट और चोरी की घटनाओं से व्यवसायी वर्ग दहशत में है, पुलिस व्यवस्था पूरी तरह फेल नजर आ रही है।

# तीन नए आपराधिक कानून पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

- *आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बीईईओ किरण तिर्की, सुमित्रा तिर्की, एडवोकेट प्रो. बीएन पांडे, वार्डन रोहिणी आचार्य एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया*

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** एक जुलाई से लागू किए गए तीन नए कानून- भारतीय नागरिक सुरक्षा, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुमला स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बीईईओ किरण तिर्की, सुमित्रा तिर्की, एडवोकेट प्रो. बीएन पांडे, वार्डन रोहिणी आचार्य एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र और पौधा देकर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि किरण तिर्की ने कहा कि भारत सरकार द्वारा न्याय व्यवस्था को मानव केन्द्रित तथा न्याय केन्द्रित बनाने के लिए आज के समय की आवश्यकता अनुसार संशोधन करते हुए इन कानूनों को लागू किया गया है।





#### 01 जुलाई 2024 से यह कानून प्रभावशील हुए हैं

**यह** कानून 01 जुलाई 2024 से प्रभावशील हुए हैं जिन के अंतर्गत नई प्रणाली को अधिक सुलभ, जवाबदेह, भरोसेमंद तथा न्याय प्रेरित बनाने का प्रयास है। महविश रहमान ने कहा कि 600 से अधिक संशोधनों के साथ आपराधिक कानून को पारदर्शी, आधुनिक और तकनीकी तौर पर कुशल ढांचे में ढाला गया है, ताकि वो भारत की आपराधिक न्याय व्यवस्था को कमजोर करने वाली मौजूदा चुनौतियों से निपटने में सक्षम हो। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रचार सहायक अंजनी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, सीबीसी गुमला के अतुल्यम रत्न तिर्की, संजय साहू की महती भूमिका रही। स्थानीय मीडिया के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम को कवर करते रहे।

### जिला योजना समिति के कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक

# उत्पादन व संचालन के लिए बनाये गये समिति की मॉनीटरिंग करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला योजना समिति के कार्यकारिणी समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला अनाबद्ध निधि से संचालित योजनाओं, एसएसीए से नई ली गई योजनाएं और नीति आयोग द्वारा प्रदत्त पुरस्कार राशि से ली गई योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। एससीए की नई योजनाओं में पेशरार में कालीन बुनाई प्लांट को सुचारू रूप से संचालित करने व उत्पादन करने के लिए जेएसएलपीएस की महिला स्वयंसहायता समूह को प्रशिक्षण दिये जाने का निदेश चयनित एजेंसी को दिया गया। किस्को के तिसिया में ब्रिकेटिंग प्लांट में उत्पादन व संचालन हेतु बनाये गये समिति की मॉनिटरिंग करने का निदेश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही, 10 दिन के अंदर प्लांट में संधारित पत्तों का ब्रिकेटिंग के रूप में उत्पादन प्रारंभ करने का निदेश दिया गया। किस्को प्रखंड में दोना-पत्तल उद्योग में ट्रांसफार्मर की उपलब्धता के लिए कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, लोहरदगा से समन्वय करने का निदेश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। कुडू प्रखंड के कौआखाप में सरसो तेल उत्पादन प्लांट में विद्युत कनेक्शन के लिए संबंधित उत्पादन समिति की ओर से प्रस्ताव अगले पांच दिनों के अंदर कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल लोहरदगा को भेजे जाने का निदेश दिया गया।

प्रखंड कार्यालय परिसर किस्को में पूर्व संचालित औद्योगिक सिलाई केंद्र के दोनों यूनिट के लिए लिए अनापत्ति पत्र दिये जाने पर सहमति बनी। जिला के मोटरसाईकिल एवं रिपेयेरिंट ट्रेड, सीएनसी ऑपरेटर के प्रशिक्षण के लिए भेजे गये युवक-युवतियों और उनमें से नियोजन की समीक्षा की गई। बांस हस्तशिल्प उद्योग के बाजार के लिए उन उत्पादों को पलाश मार्ट में उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निदेश डीपीएम, जेएसएलपीएस को दिये गये।

जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी को कम्प्यूटर प्रशिक्षण में इंटर्नशिप का कार्यक्रम भी शामिल किये जाने का निदेश दिया गया। प्रखंडों में पुस्तकालयों का संचालन 10 दिन के अंदर प्रारंभ किये जाने का निदेश आइटीडीए परियोजना निदेश को दिया गया।



*जिला अनाबद्ध निधि से संचालित योजनाओं, एसएसीए से नई ली गई योजनाएं और नीति आयोग द्वारा प्रदत्त पुरस्कार राशि से ली गई योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई।*

### 13 अगस्त को धरना प्रदर्शन करेगी भाजपा

# राज्य के शासन में महिलाओं की सुरक्षा हासिए पर : आरती कुजूर



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मंगलवार को भाजपा जिला महिला मोर्चा की बैठक अध्यक्ष कलावती देवी की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान आगामी 13 अगस्त को झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार के शासनकाल में महिलाओं पर हो रहे शोषण अत्याचार दुष्कर्म और हत्या के विरोध में लोहरदगा समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। भाजपा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने वर्तमान झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार के कुशासन से झारखंड की महिलाओं के ऊपर हो रहे अत्याचार, शोषण, दुष्कर्म एवं हत्या के कारण महिलाओं में भय का वातावरण बन गया है। एक आदिवासी मुख्यमंत्री के शासनकाल में जिस तरीके के घटनाएं महिलाओं खासकर आदिवासी महिलाओं के साथ हो रही है। महिलाएं रात में किसी काम से घर से बाहर निकलने से डर रही है खासकर आदिवासी महिलाओं के साथ लव जिहाद कर उनके हत्या की जा रही है और टुकड़े-टुकड़े में काटा जा रहा है। बैठक को झारखंड प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री मंजूलता दुबे, कलावती देवी, सामेला भगत, संगीता कुमारी , मनीर उरांव, ओम प्रकाश सिंह ने संबोधित किया।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क सुरक्षा व अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने मुख्यालय क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए कड़ी नाकाबंदी शुरू कर दी है। पुलिस अधिक्षक श्री शंभु सिंह के आदेशानुसार चैनपुर पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को थाना के समीप सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जिसमें आने जाने वाले सभी छोटे बड़े गाड़ी की गहनता से तलाशी ली गई वहीं बड़े गाड़ियों के डिक्की की जांच की जा रही थी वहीं दो पहिया वाहन के हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन तथा कागजों का जांच की जा रही है। थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने बताया की वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलता रहेगा सभी वाहन चालक जब घरों से निकले तो हेलमेट का प्रयोग करें एवं गाड़ी से संबंधित सभी कागजात अपने साथ रखें नशापान कर गाड़ी नं चलाएं।

### कांवरिया संघ बरवाटोली ने पैदल कांवर यात्रा में शामिल होने का किया आग्रह



**लोहरदगा।** लोहरदगा शहरी क्षेत्र के मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर परिसर से देवाकी बाबाधाम यात्रा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। जहां एक ओर काँवर यात्रियों की सुविधा को लेकर व्यवस्थाओं पर कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिले के प्रबुद्ध जनों और प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी जत्था में शामिल होने को लेकर आमन्त्रित किया जा रहा है। कांवरिया संघ बरवाटोली के द्वारा 05 अगस्त को सुबह 7 बजे बरवाटोली चौक से निकलने वाली 30 किमी की पैदल काँवर यात्रा के उद्घाटन करने को लेकर कांवरिया संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्य अतिथि गौरव आर पी अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, प्रिंस अजमानी, सूरज सिंह, शनि सिंह व अमन सिंह को लोहरदगा से चलकर देवाकी बाबा धाम के लिए पैदल यात्रा में शामिल होने हेतु निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया है। इससे पूर्व जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी समीर कुमार तिर्की को भी निमंत्रण पत्र देकर शामिल होने की अपील की थी। प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांवरिया संघ के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल उर्फ लड्डू, सचिव आलोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, शुभम कुमार समेत अन्य शामिल रहे।

### भंडरा प्रखंड के 144 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण




**भंडरा।** प्रखंड में 30 जुलाई को कल्याण विभाग के तत्वावधान में उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत भंडरा प्रखंड के 144 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर पहुंची प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने प्रखंड के सरकारी विद्यालय के 144 बच्चों के बीच साइकिल का वितरण करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा उन्नति का पहिया कार्यक्रम सराहनीय है। छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण से उन्हें स्कूल तक पहुंचने में काफी सहूलियत मिलेगी। इस दौरान उन्होंने बच्चों को साइकिल की देख-रेख व रोजाना विद्यालय आने तथा अपने अभिभावकों का नाम रोशन करने को लेकर प्रेरित किया।

### भंडरा के बीएलओ व पर्यवेक्षकों की बैठक



**भंडरा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में 30 जुलाई को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले भंडरा प्रखंड के बीएलओ व पर्यवेक्षकों की बैठक हुई। जिसमें 25 जुलाई को मतदाता सूची प्रकाशन के के बाद आगामी 25 अगस्त तक संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्य करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि भंडरा प्रखंड के बिशनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 24 मतदान केंद्र आते है। जिसमें 19 मतदान केंद्र का मतदाता प्रतिशत विगत विधानसभा चुनाव 2019 व लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत 20 प्रतिशत मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। इसको लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा कारण पूछा गया है। जिसमें संबंधित बीएलओ कारण स्पष्ट करे। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ मतदाता रजिस्टर का संधारण करना सुनिश्चित करे। जिसमें हर एक-एक मतदाता की भौतिक सत्यापन की विवरण होना अनिवार्य है। मतदाता पंजी में मतदाताओं की नाम छटनी करना है। गौरव गौरिश ने कहा कि जो भी युवक-युवतियों का 18 वर्ष पूर्ण हो चुका है, और उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है। वैसे लोगों का भी नाम मतदाता सूची में प्रपत्र भरते हुए अंकित करे। साथ ही मृत मतदाताओं का नाम सूची से विलोपित करे।

### भगवान राम से मिलने का जुनून ऐसा कि उड़ीसा से साइकिल यात्रा पर निकले वासुदेव



**लोहरदगा।** भगवान राम से मिलने का जुनून ऐसा की उड़ीसा पुरी के रहने वाले वासुदेव प्रधान साइकिल यात्रा पर निकल पड़े है। वे साइकिल से ही अयोध्या के लिए निकल पड़े हैं। भगवान राम से मिलने के लिए वे पवित्र सावन माह के शुभारंभ के साथ ही दिनांक 22/7/24 को पुरी से साइकिल यात्रा करते हुए 561 किलोमीटर तय कर लोहरदगा पहुंचे। उसके बाद वह चांपी,चंदवा, लातेहार,डाल्टनगंज,छतरपुर होते हुए औरंगाबाद पहुंचेंगे। लोहरदगा से अयोध्या 610 किलोमीटर का सफर तय करेंगे। पूरी से अयोध्या की दूरी 1171 किलोमीटर है। साइकिल यात्रा कर भगवान राम से मिलने का अटूट प्रेम विश्वास सनातनियों को ऊर्जा प्रदान करती है। इधर वासुदेव की मुलाकात लोहरदगा के कुछ शिवभक्तों से शंख नदी के समीप हुई। छोटा सा आर्थिक सहयोग करते हुए औरंगाबाद तक का रूट के बारे जानकारी दी गई। शिवभक्तों ने चंदवा, लातेहार,डाल्टनगंज, छतरपुर, औरंगाबाद के सभी सनातनियों से अपील की है कि रास्ते में अगर आपकी मुलाकात वासुदेव प्रधान से होती है तो आप इनसे मिले इनका ऊर्जा को बढ़ाएं।

# पुलिस ने तिसरी गम्हरियाटांड़ स्थित माईका गोदाम को किया सील

**खोरी महुआ एसडीपीओ और तिसरी थाना प्रभारी ने देर रात तक की कार्रवाई, मचा हड़कंप**

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी/(गिरिडीह)**

पुलिस ने अवैध माइका कारोबार के विरुद्ध एक बार फिर कार्रवाई करते हुए सीधे माइका गोदाम में छापेमारी कर उसे सील कर दिया है। छापेमारी तिसरी थाना क्षेत्र के गम्हरियाटांड - इंदरचौक स्थित अवैध माइका गोदाम में की गई है। उक्त गोदाम विजय बर्णवाल नामक व्यक्ति का बताया जा रहा है।



मिली जानकारी के अनुसार गिरिडीह पुलिस को तिसरी के इंदरचौक स्थित एक माइका गोदाम में अवैध रूप से माइका स्टोर कर ट्रक से बाहर भेजे जाने की गुप्त सुचना मिली थी।

सूचना के सत्यापन के पश्चात खोरीमहुआ एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह सोमवार की देर रात अचानक तिसरी आ धमके। हालांकि उनके आने की खबर माइका तस्करों को लग गई और वे लोग वाहन वगैरह को अंदर ही छोड़कर गोदाम में ताला लगाकर भाग निकले। इसके बाद एसडीपीओ और तिसरी थाना प्रभारी संजय नायक ने उक्त गोदाम के मुख्य गेट में ताला जड़ दिया साथ ही पुलिस की पहरेदारी लगा दी गई। मंगलवार की सुबह तिसरी के अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी संजय नायक और वन विभाग के मुकेश दास दल बल के साथ उक्त गोदाम पहुंचे जहाँ तस्करों द्वारा गोदाम के मुख्य गेट में जड़ा ताला तोड़ा गया। जिसके बाद गोदाम में छापेमारी की गई। इस छापेमारी में पुलिस ने भारी मात्रा में भंडारण किया गया अवैध माइका, ट्रक मोटर साइकिल समेत कई उपकरण जब्त किया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## वन्यजीवों की तस्करी का खुलासा, छह तस्करों को किया गया गिरफ्तार

**बोकारो।** बोकारो वन प्रमण्डल में पांच जगहों पर छापेमारी की गई, जिसमें विभिन्न प्रकार के वन्यजीव ट्रॉफी को बरामद किया गया, जिसकी अवैध बिक्री हो रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर बोकारो वन प्रमण्डल के प्रशिक्षु अधिकारी, संदीप कारभरी शिंदे ने अपनी चास टीम को छापेमारी के लिए सूचना दी और उनके द्वारा चास एवं पेटरवार दोनो मिलाकर कुल - 05 जगहों पर छापेमारी की गई। इसमें तकरीबन 120 हथाजोड़ी (गोह प्राणी का लिंग), हाथी तथा सियार की हड्डियां, कस्तुरी, विभिन्न प्राणी की चमड़ी तथा शाही के काँटे जप्त की गई। उक्त छापेमारी में ज्यादात्तर पूजा भंडार शामिल है।

## गांडेय के 10 पंचायत में ग्रामसभा का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गांडेय बीडीओ निशात अंजुम के निदेर्शानुसार प्रखंड के 10 पंचायत में अंबुआ आवास योजना में लाभुकों के चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया । इस क्रम में दासडीह पंचायत के मुखिया निर्मला कुमारी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया ।

आयोजित बैठक में शामिल प्रखंड प्रमुख राजकुमार पाठक ने ग्रामीणों को आबुवा आवास योजना की जानकारी देते हुआ कहा की झारखंड सरकार द्वारा वैसे लोगो के लिए आबुवा आवास योजना बनाई गई है जिसके पास रहने लायक घर ना हो मिट्टी का मकान हो अत्यधिक गरीब हो लाचार हो इससे पहले कभी सरकार द्वारा आवास नही लिया हो उसके लिए झारखंड सरकार ने योजना के द्वारा तीन कमरे का पक्के मकान दिया जा रहा है। जिसका लाभ योग्य एवम गरीब लोगो को मिलना चाहिए



बैठक में सभी वार्ड सदस्य और ग्रामीणों की सहमति से लाभुकों का चयन किया गया । मौके पर उपस्थित,मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र मंडल, कन्हैया साव,वसीम अख्तर, वरुण वर्मा ,नकुल सिंह,सभी वार्ड सदस्य, सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।


## पुलिस उप-महानिरीक्षक का कार्यालय पलामू क्षेत्र डालटनगंज

### अल्पकालिन निविदा सूचना वित्तीय वर्ष 2024–25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुलिस उप–महानिरीक्षक का कार्यालय पलामू क्षेत्र, डालटनगंज में वितीय वर्ष 2024–25 में उपयोग होने वाले स्टेशनरी सामानों कार्यालय कार्य में उपयोग के लिए दर निर्धारण एवं क्रय करने हेतु जी0एस0टी0 निबंधित दुकानों/प्राधिकृत विक्रेताओं से सील बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

सभी इच्छुक निविदादाता दिनांक–01/08/2024 से प्रत्येक कार्य दिवस पर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक निविदा जमा कर सकते हैं। निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि 16/08/2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक होगी तथा दिनांक–20/08/2024 अपराह्न 04:00 बजे निविदाएं खोली जाएगी। निविदा खोले जाने के समय निविदादाता अपने आपूर्ति किये जाने वाले सामानों के नमूना के साथ अवश्य उपस्थित रहेंगे। निविदा देने के संबंध में किसी तरह की अन्य जानकारी प्राप्त करने के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट्ट से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिस निविदादाता की निविदा स्वीकृत हो जाएगी उसे निर्धारित समय अवधि पर सामानों की आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। बिना किसी पूर्व सूचना दिये अथवा कारण दर्शाये उक्त निविदा को रद्द करने का या परिवर्तित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दैनिक उपयोग में लाये जाने वाले वस्तुओं (जैसे लेखन सामग्री, विद्युत सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्री) की आवश्यकता होती है, जिनकी आपूर्ति अल्प अवधि में करना होता है।

निविदा में दिये गये निम्नलिखित सामान प्रति अद्द/पैकेट/मि0ली0/ईंच/सेट/गुच्छा/रिम/ बॉक्स इत्यादि के अनुसार होना चाहिए।

1.निविदा खोलने का स्थानः–पुलिस उप–महानिरीक्षक का कार्यालय, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः– 16/08/2024
3. निविदा का टेक्निकल वीड़ खोलने की तिथिः– 20/08/2024
4. निविदा कर्ता का Tax Pay Identification (TIN)/ GST होना अनिवार्य है।
5. Sales Tax Clearance प्रमाण–पत्र होना चाहिये। (विगत तीन माह पूर्व का कम से कम)
6. आयकर रिटर्न की प्रति (विगत तीन वित्तीय वर्ष का) होना चाहिये।

| क0सं0 | सामानो का नाम | प्रति पीस |
|---|---|---|
| 1 | हैंड सेनेटाइजर स्प्रे 500 ml | प्रति पीस |
| 2 | हैंड वास (पम्प ) 200 ml | प्रति पीस |
| 3 | टायलट ब्रस | प्रति पीस |
| 4 | फिनाईल ( काला वं सफेद ) | प्रति ली0 |
| 5 | फिनाईल गोली | प्रति पैकेट |
| 6 | फुल झाडू | प्रति पीस |
| 7 | नारियल झाडू | प्रति पीस |
| 8 | हार्रपिक | प्रति पीस |
| 9 | ओडोनिल | प्रति पीस |
| 10 | सर्फ एक्सल पाउडर | प्रति KG |
| 11 | हिट ( 625 ml) | प्रति पीस |
| 12 | रूम स्प्रै (गोदरेज) | प्रति पीस |
| 13 | कोलिन (500 ml) | प्रति ली0 |
| 14 | एसिड | प्रति बोतल |
| 15 | पोछा (कपडा लगा) | प्रति पीस |
| 16 | उजाला नील | प्रति पीस |
| 17 | पेसिंल बैटरी | प्रति पीस |
| 18 | पेन ( Trimax) | प्रति पीस |
| 19 | रिफिल ( Trimax) | प्रति पीस |
| 20 | पेन ( बटरफलो ) | प्रति पीस |
| 21 | रिफिल ( बटरफलो ) | प्रति पीस |
| 22 | कॉर्बन | प्रति पैकेट |
| 23 | टैग (रेशम ) | प्रति पीस |
| 24 | टेकुआ | प्रति पीस |
| 25 | स्टांम्प पैड ( इंक 700 ml ) | प्रति बोतल |
| 26 | करेक्सन इंक ( वाईटनर) | प्रति पीस |
| 27 | CD सोनी | प्रति पीस |
| 28 | पेपर पीन | प्रति डब्बा |
| 29 | स्केच पेन | प्रति पीस |
| 30 | हाईलाइटर | प्रति पीस |
| 31 | नोट बुक ( रिंग वाला छोटा ) | प्रति पीस |
| 32 | HP लेजर जेट कॉटिज 78A | प्रति पीस |
| 33 | HP लेजर जेट कॉटिज 88A | प्रति पीस |
| 34 | क्योसेरा टोनर (टास्क अल्फा 220 ) | प्रति पीस |
| 35 | Key बोर्ड ( TVS ) | प्रति पीस |
| 36 | माउस | प्रति पीस |
| 37 | फोटो स्टेट पेपर ( सेन्चुरी A4) | प्रति पीस |
| 38 | फोटो स्टेट पेपर ( सेन्चुरी FS A) | प्रति पीस |
| 39 | स्टेप्लर मशिन ( बडा HD45) | प्रति पिस |
| 40 | सेन्चुरी 75 GSM A4 | प्रति पैकेट |
| 41 | सेन्चुरी FS & 75 GSM | प्रति पैकेट |
| 42 | HP Leaserjet 1022N(12A) | प्रति पीस |
| 43 | स्टेप्लर मशिन ( छोटा ) | प्रति पीस |
| 44 | स्टेप्लर पीन ( बडा ) | प्रति पीस |
| 45 | स्टेप्लर पीन ( छोटा ) | प्रति पीस |
| 46 | नोटशीट पेपर | प्रति पीस |
| 47 | स्टांम्प पैड ( बडा ) | प्रति पीस |
| 48 | स्टांप पैड छोटा | प्रति पीस |
| 49 | पेंसिल ( नटराज) | प्रति पीस |
| 50 | रबर ( मिटाने वाले ) | प्रति पीस |
| 51 | कटर | प्रति पीस |
| 52 | पेपर वेट | प्रति पीस |
| 53 | फलैग | प्रति पीस |
| 54 | फलैट फाईल | प्रति पीस |
| 55 | निर्गत पंजी | प्रति पीस |
| 56 | उपस्थिति पंजी | प्रति पीस |
| 57 | कलकुलेटर ( बडा ) | प्रति पीस |
| 58 | कैश बुक | प्रति पीस |
| 59 | स्टॉक पंजी | प्रति पीस |
| 60 | कवर फाईल | प्रति पीस |
| 61 | मार्कर पेन | प्रति पीस |
| 62 | सेलो टेप | प्रति पीस |
| 63 | पंचींग मशिन | प्रति पीस |
| 64 | धागा (रजिस्टर सिलाई हेतू प्रति गोला) | प्रति गोला |
| 65 | सुई रजिस्टर सिलाई हेतू | प्रति पीस |
| 66 | रूलदार कागज (रजिस्टर बनाने वाला) | प्रति रीम |
| 67 | सादा कागज (रजिस्टर बनााने वाला) | प्रति रीम |
| 68 | ब्राउन पेपर (मोटा फलाई लिफ बनाने वाला 480 सिट का ) | प्रति रीम |
| 69 | ब्राउन पेपर (पतला फलाई लिफ बनााने वाला 480 सिट का ) | प्रति रीम |
| 70 | कार्ड बोड मोटा ( 144 सीट ) | प्रति ब्रुश |
| 71 | पेपर कटर ( चाकू स्टील) | प्रति पीस |
| 72 | कुट 32 नम्बर | प्रति बंडल |
| 73 | बांईडिंग कपडा 20 मिटर | प्रति थान |
| 74 | मॉबल पेपर | प्रति सीट |
| 75 | गोन्द 700 ml | प्रति बोतल |
| 76 | गोन्द 300 ml | प्रति बोतल |
| 77 | स्केल इंच( स्टील का 24 ) | प्रति पीस |
| 78 | स्केल इंच( स्टील का 12 ) | प्रति पीस |
| 79 | लॉह (सील वाला ) | प्रति पैकेट |
| 80 | डाटा केबल | प्रति पीस |
| 81 | UPS बैटरी | प्रति पीस |
| 82 | एक्टेंशन बोर्ड | प्रति पीस |
| 83 | स्टांप | प्रति पीस |
| 84 | Fevi Gum 200 ml/पीस | प्रति पीस |
| 85 | सेलो टेप (बड़ा) | प्रति पीस |
| 86 | सेलो टेप (छोटा) | प्रति पीस |
| 87 | 158A Cartridge | प्रति पीस |
| 88 | प्रींटेड फाईल | प्रति पीस |
| 89 | स्टीक फाईल | प्रति पीस |
| 90 | क्लियर बैग | प्रति पीस |
| 91 | सिगनेचर पैड | प्रति पीस |
| 92 | एलौटमेंट रजिस्टर | प्रति पीस |
| 93 | आगत पंजी | प्रति पीस |
| 94 | एल0ई0डी0 बल्ब 09 वाट | प्रति पीस |
| 95 | एल0ई0डी0 बल्ब 12 वाट | प्रति पीस |
| 96 | एल0ई0डी0 बल्ब 25 वाट | प्रति पीस |
| 97 | एल0ई0डी0 बल्ब 50 वाट | प्रति पीस |
| 98 | ट्यूब लाईट कम्पलिट सेट | प्रति पीस |
| 99 | एच0पी0 लेजर जेट 152ए कार्टिज | प्रति पीस |

PR.NO.331271 Police(24-25):D पुलिस उप–महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज।



## झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,
### जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

### पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा पलामू जिला के पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के राज्यादेश संख्या– 17 रा० (वि०) दिनांक– 16.07.2024 अन्तर्गत प्रशिक्षण योजनाओं का क्रियान्वयन गव्य विकास प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची के द्वारा आयोजित किया जाना है जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

**प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत है :–**

(क) वित्तीय वर्ष– 2024–25 में इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) के माध्यम से संचालित एक वर्ष का DIPLOMA IN DAIRY TECHNOLOGY (DDT) पाठ्यक्रम। **प्रशिक्षणार्थी की योग्यता कम से कम 10+2 उत्तीर्ण हो।**

(ख) वित्तीय वर्ष– 2024–25 में इन्दिरा गाँधी राश्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) के माध्यम से संचालित 2 माह का AWARENESS PROGRAMME ON DAIRY FARMING (APDF) पाठ्यक्रम। **पशुपालकों के पास कम से कम 05 दुधारू पशु हो।**

(ग) वित्तीय वर्ष 2024–25 छः दिवसीय आवासीय दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण योजना।

छः दिवसीय प्रशिक्षण योजना हेतु निम्न बिन्दुओं की आवश्यकता है :–

1. प्रशिक्षणार्थी का साक्षर होना अनिवार्य है।
2. न्यूनतम उम्र 18 वर्ष एवं अधिकतम 55 वर्ष।
3. वैसे पशुपालक जिन्हें विगत तीन वर्षो के अन्दर विभागीय योजना के तहत् दुधारू पशु उपलब्ध कराया गया है तथा उनके पास अभी दुधारू पशु उपलब्ध है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण हेतु भेजा जाएगा।
4. झारखण्ड मिल्क फेडरेशन द्वारा संचालित प्रत्येक बल्क मिल्क कूलर से संबद्ध दुग्ध आपूर्तिकर्त्ता को प्राथमिकता दी जाएगी।
5. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के सभी लाभुक जो अप्रशिक्षित है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण हेतू चयन किया जाएगा तदोपरान्त् मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में चयन प्रक्रिय में प्राथमिकता दी जाएगी।
6. इच्छुक ग्रामीण किसान/पशुपालक/दुग्ध उत्पादक जो पूर्व से गाय/भैंस रखते हो या रखने के इच्छुक हों, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

इच्छुक पशुपालकों से अनुरोध है कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू से आवेदन पत्र प्राप्त कर कार्यालय समर्पित करेगें। समर्पित किये जाने वाले आवेदन पत्र को ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा करवाकर एवं पहचान पत्र (आधार कार्ड का छायाप्रति), एक पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम के बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति जिसमें खाता संख्या एवं IFSC कोड आदि जो सुस्पश्ट हो, जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू में आवश्यक रूप से संलग्न करेगें।

नोटः– प्रशिक्षण/DIPLOMA हेतु आवेदन प्रपत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू से कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता हैं। विशेष जानकारी हेतु 9835147756 पर सम्पर्क करें।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पलामू।

PR 331169 (Palamu) 24-25 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक–30.07.2024
### ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/06/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लम्बाई (मी0 में) | समुह सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के केतार प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम चौरा महुलनिया टोला के पास पंडा नदी पर पुल निर्माण। | 5,27,29,100.00 | 10,55,000.00 | 10000.00 | 24 माह | 102.66 | Gr.-01 |
| 2 | गढ़वा जिला के खरौंधी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–चांदनी में बसाढ़ घाट के पास डोमनी नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 2,56,02,700.00 | 5,12,100.00 | 10000.00 | 18 माह | 44.72 | Gr.-02 |
| 3 | गढ़वा जिला के केतार प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–बनखेता और मोटंगवा के बीच में आदिवासी टोला में पण्डा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 3,61,89,800.00 | 7,24,000.00 | 10000.00 | 18 माह | 67.08 | Gr.-03 |
| 4 | गढ़वा जिला के धुरकी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम गनियारी–बुल्का के बीच यूरिया नदी पर पुल निर्माण। | 2,23,13,400.00 | 4,46,500.00 | 10000.00 | 15 माह | 38.72 | Gr.-04 |
| 5 | गढ़वा जिला के नगर उंटारी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–हलिवन्ता में नारायणा नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 1,96,80,000.00 | 3,93,600.00 | 10000.00 | 15 माह | 28.60 | Gr.-05 |
| 6 | गढ़वा जिला के डण्डई प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–लवाही पचोर पथ में मंगरदाहा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 1,93,25,000.00 | 3,86,500.00 | 10000.00 | 15 माह | 23.00 | Gr.-06 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 01.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–01.08.2024 से दिनांक–12.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–14.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,
गढ़वा

PR 331237 (Rural Development)24-25*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

### अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना
### संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/07/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ में पंचायत परहा टोली ग्राम टुनटोली में टुनटोली नदी पर पुल निर्माण। | 4,20,06,600 | 8,40,200 | 10,000 | 18 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनिका अंतर्गत पंचायत दुन्दु के पुराने दुन्दु में बहेर नाला पर पुल निर्माण। | 3,21,53,600 | 6,43,100 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 01.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 01.08.2024 से दिनांक 15.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –17.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.331205 Rural Development(24-25):D



## जिला दण्डाधिकारी एवं उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार।
## (सामान्य शाखा)

### विज्ञापन संख्या : 01/2024
### आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि :18.08.2024
### लातेहार जिला अन्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती हेत विज्ञापन।

सरकार के संयुक्त सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड रांची के पत्रांक–3910, दिनांक–27.06.2024 के द्वारा चौकीदारों के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सक्षम प्राधिकार से रोस्टर क्लीयर कराते हुए समय–सीमा के अन्दर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निर्देश प्राप्त है। मुख्य सचिव महोदय, झारखंड रांची के द्वारा दिनांक–01.07.2024 को Video Conference के माध्यम से आयोजित बैठक में भी चौकीदारों के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु आरक्षण रोस्टर क्लीयर कराते हुए तत्काल विज्ञापन प्रकाशन करने का निर्देश दिया गया है। उक्त के आलोक में आयुक्त के सचिव, पलामू प्रमण्डल मेदिनीनगर के पत्रांक–392 दिनांक–10.07.2024 के द्वारा चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सक्षम प्राधिकार आयुक्त, पलामू प्रमण्डल मेदिनीनगर से अनुमोदित आरक्षण रोस्टर प्राप्त है। माननीय उच्चन्यायालय झारखण्ड रांची में दायरवाद W.P(S) No. 960/2016 सलन चम्पिया एवं अन्य बनाम–झारखण्ड राज्य एवं अन्य तथा अन्य समरूप मामले में दिनांक 23.07.2018 को, पारित आदेश तथा गृहकारा एव आपदाप्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के अधिसूचना संख्या–2032 दिनांक 07.04.2015 द्वारा निर्गत चौकीदार नियुक्ति नियमावली, विभागीय अधिसूचना संख्या–4998, दिनांक 19.09.2019 के द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुपालन में ग्रामीण चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन विहित प्रपत्र में आमंत्रित किये जाते है।

**पद का नाम : चौकीदार**
**रिक्तपदों की संख्या : 100**

| कोटि | अनारक्षित | आ0क0वर्ग | अ0ज0जा0 | अ0जा0 | अ0पि0व0 | पि0व0 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रिक्त पद | 47 | 14 | 39 | 00 | 00 | 00 | 100 |

**नोट 1 :** सरकार के संयुक्त सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक–4441 दिनांक–22.07.2024 के द्वारा लातेहार जिला के लिए चौकीदारों का कुल 202 स्वीकृत पद को चिन्हित किया गया है। उक्त के आलोक में नियुक्ति प्रकिया प्रारम्भ की जा रही है। भविष्य मे विभागीय स्तर से किसी तरत का मार्गदर्शन प्राप्त होने /अन्य न्यायालीय/विभागीय आदेश के आलोक में आवश्यकतानुसार विज्ञापन में आंशिक/पूर्ण संशोधन अथवा विज्ञापन को रद्द किया जा सकता है।

**नोट 2 :** रिक्त पदों की विवरणी बीटसंख्या एवं नाम सहित परिशिश्ट–1 में संलग्न है।

**नोट 3 :** आरक्षण–झारखण्ड सरकार के द्वारा जिला स्तरीय मुफ्फसिल स्थापना के लिए लागू आदर्श आरक्षण।

**क्षैतिज आरक्षण**

I. पर्यटन कला संस्कृति खेल–कूद एवं युवा कार्य विभाग के संलल्प संख्या–1709, दिनांक 12.09.2007 के आलोक में निर्धारित खेल–कूद कोटा से खिलाड़ियों के लिए 2% पद क्षैतिज रूप से आरक्षित होगा।

II. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प संख्या–2249 दिनांक 03.04.2018 के अनुसार निःशक्तजनों हेतु 4% क्षैतिज आरक्षण अनुमान्य होगा। विभागीय अधिसूचना संख्या–2032 दिनांक 07.04.2015 द्वारा निर्गत चौकीदार नियुक्ति नियमावली के कंडिका–09 के आलोक में निःशक्त को आरक्षण की अनुमान्यतापर संशय है। चौकीदार ग्रामीण पुलिस माने जाते हैं इस कारण भर्ती में निःशक्त को आरक्षण अनुमान्य होगा अथवा नहीं? तत्संबंधी सरकार से मार्गदर्शन की मांग की जा रही है, मार्गदर्शन के अनुरूप इसके अनुमान्यता पर निर्णय प्रभावित होगा।

III. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प संख्या–5555 दिनांक 28.06.2016 के द्वारा अनुसूचितजन जाति के आरक्षित कोटे में से 2% पद क्षैतिज रूप से आदिम जनजाति को अनुमान्य होगा।

IV. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राज भाषा विभाग के संकल्प संख्या–8281 दिनांक 03.12.2021 के आलोक में महिलाओं के लिए 5% पद क्षैतिज आरक्षित होगा।

**नोट 4 : शैक्षणिक योग्यता**–चौकीदार के पद पर नियुक्ति हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता झारखण्ड राज्य के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों/बोर्ड से दसवीं कक्षा उर्तीण होना अनिवार्य है। दिनांक 01.07.2024 तक दसवीं परीक्षा उर्तीण अभ्यर्थी द्वारा ही नियुक्ति हेतु आवेदन किया जाएगा।

**नोट 5 : उम्र सीमा**

(क) न्यनतम उम्र सीमा–18 वर्ष
(ख) अधिकतम उम्र सीमा–
(I) अनारक्षित–35 वर्ष
(II) पिछ़डा/अत्यंत पिछ़डा वर्ग–37 वर्ष
(III) महिला ( अनारक्षित/पिछ़डा/अत्यंत पिछ़डा वर्ग) –38 वर्ष
(IV) अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति (पुरूश/महिला) –40 वर्ष
(V) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग–35 वर्ष

(**नोट** –पूर्व में अवैतनिक रूप से चौकीदार के रूप में कार्य करने वाले सभी अभ्यर्थियों (माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायादेश से प्रभावित/आच्छादित) के लिए अधिकतम उम्र सीमा को एक बार की नियुक्ति प्रकिया के लिए शिथिल किया गया है। साथ ही सभी श्रेणी के दिब्यांगजनों के लिए अधिकतम उम्र सीमा में 10 वर्ष की छूट अनुमान्य है।

**(आयु की गणना की तिथि 01.07.2024)**

**नोट 6 :** अभ्यर्थियों को संबंधित बीट क्षेत्र का स्थायी निवासी होना अनिवार्य होगा, जिस बीट के रिक्ति के विरूद्ध वे आवेदन कर रहे हैं।

**नोट 7 :** अभ्यर्थियों को साईकिल चलाने का ज्ञान आवश्यक होगा।

**नोट 8 :** नियुक्ति प्रकिया (एक स्तरीय):–

(क) लिखित परीक्षा–लिखित परीक्षा 50 अंको की ली जाएगी। लिखित परीक्षा में जिला से संबंधित सामान्य ज्ञान एवं स्थानीय भाषा (जनजातिय भाषा–मुण्डारी, हो, भूमिज, संथाली, कुडुख क्षेत्रीय भाषा–कुड़माली, बंगला, उर्दू, उड़िया) से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे। लिखितपरीक्षा मेंन्यनतम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। सफल उम्मीदवारों की सूची 1:3 की संख्या में तैयार की जाएगी।

(ख) शारीरिक माप–अभ्यर्थियों को न्यूनतम शारीरिक माप निम्नलिखित होगा–

| | उँचाई (सामान्य) |
|---|---|
| (I) सामान्य श्रेणी | 160 से0मी0 |
| (II) पिछ़डा वर्ग/अत्यंत पिछ़डा वर्ग | 160 से0मी0 |
| (III) अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति | 155 से0मी0 |
| (IV) महिलाओं के लिए | 148 से0मी0 |

लिखित परीक्षा के पाठयक्रम सामान्य ज्ञान एवं स्थानीय भाषा से संबंधित 50 (पचास) बहुविकल्पीय प्रश्न जिसके लिए डेढ़ घंटे का समय होगा। गलत उतर के लिए कोई अंक कटौती नहीं की जाएगी।

(ग) शारीरिक जांच–लिखित परीक्षा मेंउर्तीण एवं शारीरिक माप में अंकित न्यूनतम शारीरिक मापधारी अभ्यर्थी शारीरिक जांच में भाग लेगें। सभी अभ्यर्थी एक मील के दौड़ में भाग लेंगे। शारीरिक जांच में निम्न आधार पर अंक दिये जायेंगे।

| (a) एकमील की दौड़ | समय | अंक |
|---|---|---|
| (I) पुरूषों के लिये | – 05 मिनट या पहले | 20 अंक |
| | 05 मिनट के बाद 06 मिनट तक | 10 अंक |
| | (अधिक समय लेने वाले अयोग्य समझे जायेंगे) | |
| (II) महिलाओं के लिये– | 08 मिनट या पहले | 20 अंक |
| | 08 मिनट के बाद 10 मिनट तक | 10 अंक |
| | (अधिक समय लेने वाले अयोग्य समझे जायेंगे) | |

**नोट 9 :** माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड रांची के द्वारा याचिका W.P(S)960/2016 सलन चम्पिया एव अन्य बनाम–झारखण्ड राज्य में दिनांक 23.07.2018 को पारित आदेश के आलोक में चौकीदार नियुक्ति नियमावली में संशोधन संबंधी विभागीय अधिसूचना संख्या–4998 दिनांक 19.09.2019 के तहत पूर्व से अवैतनिक रूप से चौकीदार के रूप में कार्य करनेवाले अभ्यर्थियों को कार्यानुभव के लिए Weightage प्रदान की जायेगी। माननीय उच्चन्यायालय के न्यायादेश से उदभूत एवं प्रभावित/आच्छादित अभ्यर्थियों के संदर्भ में साक्ष्य आधारित सम्पुष्टि के उपरांत 02 अंक प्रत्येक पूर्ण 01 (एक) वर्ष की दर से अधिकतम 20 अंक देय होगा।

नोट 10 : **मेधा सूची**–लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक, शारीरिक जांच में प्राप्त अंक एंव कार्यानुभव में प्राप्त अंक के योग के आधार पर मेधा सूची तैयार की जायेगी।

नोट 11 : **चिकित्सा परीक्षण**–नियुक्ति के पूर्व सफल चयन अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य की जांच की जायेगी। सरकारी सेवक के रूप में अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु आवश्यक शारीरिक एव मानसिक स्वस्थता मापदण्ड के आधार पर अभ्यर्थियों को योग्य पायेजाने पर ही नियुक्ति किया जायेगा।

**नोट 12 : परिवीक्षा**–चौकीदार के पद पर बहाली परिवीक्षा आधार पर की जाएगी। परिवीक्षा की अवधि दो वर्ष की होगी। अगर किसी चौकीदार की सेवा परिवीक्षा की अवधि में संतोष जनक नहीं पायी जाती है तो परिवीक्षा की अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ायी जा सकती है। वर्द्धित अवधि के दरम्यान भी सेवा संतोषजनक नहीं पायी जाय, तो उस परिस्थिति में सेवा समाप्त की जा सकती है।

**नोट 13 : वेतनमान**–चौकीदार का शष्टम पुनरीक्षित वेतनमान–PB&I, 5200–20200 ग्रेड वेतन 1800 के आधारित सप्तम पुनरीक्षित वेतनमान Schedule-1के Pay Matrix Level-1,18000–56900के मूल वेतनमान 18000 तथा समय–समय पर देय अन्य भत्ता।

**नोट 14 : आवेदन करने की प्रक्रिया**

a) उपरोक्त योग्यता सह अहर्त्ता रखने वाले उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में आवदेन पत्र आवश्यक कागजात यथा–शैक्षणिक अंक पत्र/प्रमाण_पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति, आरक्षण के दावा हेतु सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत अद्यतन आवासीय, जाति प्रमाण पत्र, जन्म तिथि से संबंधित शैक्षणिक प्रमाण पत्र तथा कार्यानुभव प्रमाण पत्र (न्यायादेश से आच्छादित अभ्यर्थियों के लिए) के साथ स्वअभिप्रमाणित दो पास पोर्ट साईज फोटो एवं स्वपतालिखा लिफाफा संलग्न करते हुए दिनांक 18.08.2024 तक उपायुक्त, लातेहार (जिला सामान्य शाखा) समाहरणालय, लातेहार में आवदेन जमा किया जा सकता है। दिनांक 18.08.2024 के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
b) किसी अन्य कार्यालय में आवेदन जमा करने पर उनका आवेदन स्वतः निरस्त समझा जायेगा।
c) आवेदन को बन्द लिफाफे में निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से भेजा जा सकता है।
d) अन्य विवरणी जिला के अधिकृत बेबसाईट www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है एवं प्रपत्र को डाउनलोड किया जा सकता है।
e) परीक्षा शुल्क के रूप में अनारक्षित/पिछ़ड़ा/अन्य पिछ़ड़ा वर्ग–200/– एवं अनुसूचित जनजाति/अनुसूचितजाति–100/– रू0 का भारतीय पोस्टल आर्डर/बैंक ड्राफ्ट जो उपायुक्त, लातेहार के पद नाम से भुगतेय होगा संलग्न करना अनिवार्य है।
f) परीक्षा की तिथि दैनिक स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से अलग से प्रकाशित की जाएगी।
g) आवेदन प्राप्त करने एवं आवेदन भेजने का पता निम्न है :–उपायुक्त, लातेहार (जिला सामान्य शाखा) समाहरणालय, लातेहार, पिन– 829206

जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त,
लातेहार।

PR.NO.331217 District(24-25):D

संपादकीय


## बेरोजगारी और खाद्य प्रसंस्करण में संभावनाएं

इस बार के केंद्रीय बजट का बड़ा फोकस नौकरियों और निर्माण पर है। इसके लिए नौकरी का सृजन वाले उद्योगों को आर्थिक सहायता तक देने की घोषणा की गई है। मुद्रा लोन की राशि 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये तक करने का प्रावधान किया गया है जिससे युवा स्वरोजगार के लिए प्रेरित हों। सरकार के इन प्रयासों से युवाओं को रोजगार मिलने के अवसरों में वृद्धि होगी, लेकिन भारत जैसे विशाल देश में केवल इन योजनाओं से सभी युवाओं को नौकरी नहीं दी जा सकती। ऐसे में किसी भी सरकार के लिए सबसे बड़ा प्रश्न यही हो सकता है कि वह कौन सा क्षेत्र हो सकता है जिसमें अधिक से अधिक युवाओं को नौकरी दी जा सके और देश में बेरोजगारी की समस्या को समाप्त किया जा सके। देश की बड़ी आबादी को रोजगार उपलब्ध कराने का फॉमूर्ला फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में खोजा जा सकता है। इसके सहारे न केवल सबसे अधिक रोजगार दिया जा सकता है, बल्कि उन्हें गावों में ही रोककर शहरों की बढ़ती समस्याओं को भी कम किया जा सकता है। एनएसएसओ के आंकड़ों के अनुसार 2022-23 में देश के कुल श्रमबल का 45.76 प्रतिशत (यानी देश के कुल काम करने वालों में लगभग आधे लोग) कृषि और इससे संबंधित क्षेत्रों में ही काम कर रहे थे। ऐसे में यदि इस क्षेत्र की ताकत को आधार बनाया जाए तो सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार दिया जा सकता है।वर्तमान संसदीय सत्र में पेश किए गए आर्थिक सर्वे के अनुसार भारत में बढ़ती अर्थव्यवस्था से तालमेल बिठाने के लिए देश में हर साल लगभग 78.5 लाख रोजगार अवसर पैदा करने होंगे। यह कार्य 2036 तक चलना चाहिए और इस दौरान लगभग दस करोड़ नए रोजगार पैदा करने की आवश्यकता होगी। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह क्षमता किसी एक क्षेत्र के सहारे नहीं छोड़ी जा सकती, लेकिन खाद्य प्रसंस्करण इसमें बड़ा योगदान कर सकता है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार संगठित क्षेत्र की नौकरियों में अकेले इस क्षेत्र की हिस्सेदारी 12.22 फीसदी है। इसमें असंगठित क्षेत्र की नौकरियों के साथ-साथ तकनीकी तौर पर दक्ष लोगों के लिए भी नौकरियों के बेहतर अवसर उपलब्ध होते हैं। भारत के नौकरी क्षेत्र में असंगठित कामगारों की संख्या बहुत ज्यादा होती है। विश्व आर्थिक मंच के मुताबिक आने वाले वर्षों में यह संख्या 45 करोड़ तक पहुंच सकती है। यदि इस वर्ग को मजबूत किया जाए तो यह भारतीय उत्पादों की खपत के लिए एक बड़ा उपभोक्ता वर्ग भी बन सकता है। यानी यह उत्पादन और खपत दोनों की दृष्टि से भारत को ताकत प्रदान कर सकता है। खाद्य प्रसंस्करण और उद्योग मंत्रालय का अनुमान है कि शीत भंडार गृहों (कोल्ड स्टोरेज चेन) और फल-सब्जियों के समय से ट्रांसपोर्टेशन की उचित सुविधाएं न होने के कारण 25 से 30 प्रतिशत फल और सब्जी सप्लाई चेन में ही बर्बाद हो जाती है। कृषि खाद्य वस्तुओं का मूल्य भी काफी सस्ता होता है, जबकि जब इन्हें ही प्रसंस्कृत कर दिया जाए तो इनका मूल्य कई गुना बढ़ जाता है। उदाहरण के लिए सीजन के समय टमाटर का मूल्य पांच-दस रुपये किलो हो जाता है, जबकि इसको प्रसंस्कृत कर टोमैटो सॉस बनाकर इसी वस्तु को 150-200 रुपये प्रति किलो तक की दर से बेचा जा रहा है। रेडी टू ईट सब्जियों का मूल्य दस गुना से ज्यादा तक बढ़ जाता है।

**देश की बड़ी आबादी को रोजगार उपलब्ध कराने का फॉर्मूला फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में खोजा जा सकता है।**

# प्रेमचंद की कहानियां समाज में एक नई चेतना पैदा करना चाहती हैं

(31 जुलाई, कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 144वीं जयंती पर विशेष)



आज की बात



विजय केसरी
(कथाकार/स्तंभकार)

कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की कृतियां सदा पाठकों के बीच जीवित रहेंगी। प्रेमचंद का रचना संसार बहुत ही विस्तृत और महत्वपूर्ण है। इनकी कृतियां हर कालखंड में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करती रही थीं, रही हैं और रहेंगी । प्रेमचंद हिंदी साहित्य के एक ऐसे लेखक बनकर उभरे, जिन्होंने अपनी कलम और सोच की बदौलत प्रचलित कहानियों की धारा को ही बदल कर रख दिया था। उन्होंने, समकालीन व पूर्व के लेखकों को कहानी रचना कर्म की एक नई धारा से परिचित कराया था। उस कालखंड में यह बात प्रचलित थी कि हिंदी कहानियों में तिलस्म और ऐय्यारी का ही बोलबाला था। प्रेमचंद ने इस तिलस्म और ऐय्यारी को ध्वस्त कर रख दिया था। समाज में नित क्या घटनाएं घट रही हैं? समाज किस ओर जा रहा है? समाज में रहने वाले लोगों की स्थिति क्या है? पुरुषों और स्त्रियों की दशा क्या है ? उनका जीवन स्तर क्या है? वे किस तरह जीवन निर्वाह कर रहे हैं? समाज में बच्चों की स्थिति क्या है? लड़कियों और बहुओं की स्थिति क्या है? समाज में गरीबी और अमीरी की इतनी खाई क्यों है? समाज में परिवारों के बीच तालमेल कैसा है? लोगों का दांपत्य जीवन का कैसा है? मेहनतकश मजदूरों की स्थिति कैसी है? खून पसीना बहा कर खेती करने वाले कृषकों की स्थिति कैसी है? ये तमाम महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे हमारी प्रचलित कहानियों से दूर थे।

प्रेमचंद ने कहानियों के महत्व को समझा और अपनी कहानियों के माध्यम से समाज में एक बड़ा परिवर्तन लाने का सार्थक प्रयास किया था। प्रेमचंद ने अपनी कहानियों के माध्यम से समाज के सच से लोगों को परिचित कराया। उनकी कहानियों का भारतीय जनमानस पर बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने लगभग तीन सौ कहानियां और बारह उपन्यास लिखे। इन कहानियों और उपन्यासों को पढ़ने से प्रतीत होता है कि उनकी तमाम कृतियां सामाजिक यथार्थ से जुड़ी हुई हैं। उनकी कृतियां सामाजिक मुद्दे पर समाज में एक नई चेतना लाना चाहती हैं। उनकी कृतियां समाज में एक नई बहस कराना चाहती हैं, जिसका उद्देश्य सिर्फ सामाजिक परिवर्तन है। उन्होंने अपनी कहानियों में सामाजिक सच को उसी रूप में प्रस्तुत किया है।

उनकी कहानियों को समाज के दर्पण के रूप में भी जाना जाता है। उनके ही जीवन काल में जब उनकी कहानियां पत्रिकाओं में छप कर आती थीं, देखते ही देखते पाठकों के बीच लोकप्रिय हो जाया करती थीं। उनकी कहानियां समाज में एक नई चेतना विकसित करने का काम किया है। समाज में जागृति लाने का काम किया है। प्रेमचंद जिस कालखंड में अपनी कहानियों को दर्ज कर रहे थे। वह गुलामी का दौर था। देश के स्वाधीनता सेनानी, देश को गुलामी से मुक्त कराने के लिए आंदोलनरत थे। तब भला प्रेमचंद इस आंदोलन से कैसे अलग रह सकते थे? उन्होंने 1921 में महात्मा गांधी के आह्वान पर सरकारी इंस्पेक्टर पद की नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और आजीवन स्वतंत्र रूप से लेखन करने का संकल्प लिया था। वे इस संकल्प के साथ पूर्णरूपेण लेखन से जुड़े रहे थे। फिर उन्होंने कभी भी सरकारी नौकरी की ओर मुख नहीं किया था। यह बात लिखने के पीछे उद्देश्य है कि उन्होंने अपनी कहानियों में जिन मूल्यों और सिद्धांतों को प्रस्तुत किया था। वे आजीवन उन्हीं मूल्यों और सिद्धांतों की रक्षा भी करते रहे थे। वे एक कहानीकार के साथ एक संवेदनशील इंसान भी थी। उनमें अन्य लोगों की अपेक्षा संवेदना ज्यादा थी। यह संवेदना उनकी कहानियों में दिखती है। उनकी एक लोकप्रिय कहानी 'कफन' है,जो तत्कालीन समय, समाज और देश की आर्थिक दशा को प्रस्तुत करती है। गरीबी और भूख क्या होती है? इस बात को भी प्रस्तुत करती है। जब आदमी भूखा होता है, तब उसकी मानसिक अवस्था कैसी हो जाती है? भूख आदमी को कितना नृशंस बना देती है? इसकी भी तस्वीर कफन कहानी में उभर कर सामने आती है। इसके साथ ही मनुष्य जब मनुष्यता का त्याग कर देता है, तब वही मनुष्य, राक्षस में कैसे परिवर्तन हो जाता है। एक मनुष्य को दूसरे लाचार मनुष्य की पीड़ा भी सुनाई नहीं पड़ती है। कफन कहानी में प्रसव पीड़ा से कराह रही एक स्त्री की पीड़ा भी मनुष्य सुनाई नहीं पड़ती है। मनुष्य इतना नृशंस कैसे हो सकता है? प्रसव पीड़ा से कराह रही एक स्त्री की पीड़ा तक उसे सुनाई नहीं देती है। क्या हमारे समाज का सच यही है? सुबह, प्रसव पीड़ा से कराह रही स्त्री के मरणोपरांत, उसके दाह संस्कार के लिए मिले कुछ पैसे को, वे दोनों मनुष्य कैसे दुरुपयोग करते हैं। इस नृशंसता की तस्वीर बहुत ही जीवंत रूप में प्रस्तुत की गई है। कफन कहानी के माध्यम से लेखक ने समाज के बदलते स्वरूप पर प्रहार किया है। मनुष्य जब अपनी मनुष्यता छोड़ देता है, तब उसका रूप कितना नृशंस हो जाता है। इस कहानी को पढ़ने वाले किसी भी संवेदनशील पाठक की आंखें नम हो जाती हैं।

आपकी बात

## महाराष्ट्र के राजभवन में 'तमिलनाडु के मोदी'



उमेश चतुर्वेदी

राजनीति के केंद्र में स्थापित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व विराट होकर उभरा है, इसके साथ यह भी सच है कि उनकी खास पहचान उनकी दाढ़ी है। साल 2013 में जब बीजेपी ने मोदी को प्रधानमंत्री पद का अपनी ओर से दावेदार बनाया था, उन्हीं दिनों एक तमिल टीवी पर चर्चा में तमिलनाडु के बीजेपी का एक चेहरा भी शामिल हुआ था। उस नेता ने अपनी पार्टी का दमदार तरीके से पक्ष रखा। उसका कार्यक्रम का ऐसा प्रभाव रहा कि उन्हें दर्शकों ने तमिलनाडु के मोदी के रूप में पुकारना शुरू कर दिया। तमिलनाडु के वही मोदी अब महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। जी हां, आपने ठीक समझा, तमिलनाडु के लोग सी पी राधाकृष्णन को तमिलनाडु के मोदी के रूप में भी जानते हैं। 1998 और 1999 के आम चुनावों में बीजेपी उम्मीदवार के रूप में तमिलनाडु की कोयंबटूर सीट से लोकसभा पहुंच चुके सीपी राधाकृष्णन को दक्षिण भारतीय जहां सीपी के नाम से जानते हैं, वहीं उत्तर भारत में अब वे राधा जी के नाम से भी जाने जाते हैं। शुद्ध शाकाहारी और पूजा-पाठ में श्रद्धा रखने वाले सीपी राधाकृष्णन को पहली बार महत्वपूर्ण राजकीय पद साल 2023 में मिला, जब उन्हें मोदी सरकार ने झारखंड का राज्यपाल मनोनीत किया। 12 फरवरी 2023 का दिन उनके लिए खुशी और निराशा, दोनों का मौका बनकर आया। जब मोदी सरकार ने उन्हें खनिज और प्राकृतिक संपदा से भरपूर झारखंड राज्य का राज्यपाल का दायित्व मिलना मामूली बात नहीं, लेकिन 66 साल की उम्र राजनीति में बहुत ज्यादा नहीं मानी जाती। सीपी इस बात से किंचित निराश थे कि अब उन्हें सक्रिय राजनीति से दूर होना पड़ेगा। वैसे सीपी की दिली चाहत सक्रिय राजनीति में रहते हुए महत्वपूर्ण राजनीतिक दायित्व को निभाना रहा है। सीपी राधाकृष्णन की बीजेपी की राजनीति में क्या अहमियत है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते आम चुनावों से ठीक पहले जब तेलंगाना की राज्यपाल तमिलसाई सोंदरराजन ने इस्तीफा देकर चेन्नई से चुनाव लड़ने का फैसला किया तो तेलंगाना के राज्यपाल का प्रभार सीपी को ही मिला। इतना ही नहीं, उन्हें पुदुचेरी के उपराज्यपाल की भी जिम्मेदारी दी गई। एक साथ तीन-तीन राज्यों के राज्यपाल की जिम्मेदारी बहुत कितने लोगों को मिल पाई है? सीपी राधाकृष्णन का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ, जहां कांग्रेस का बोलबाला था। उनके चाचा कोयंबटूर से कांग्रेस के लोकसभा सदस्य रहे। कांग्रेसी परिवार में जन्म लेकर समाजवादी धारा की राजनीति के जरिए बीजेपी में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराते हुए देश की आर्थिक राजधानी के राजभवन पहुंचना मामूली बात नहीं है। मौजूदा माहौल में महाराष्ट्र की राजनीति राज्यपाल के बेहद चुनौतीपूर्ण है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

देश की बात


## हादसे के शिकार होते कोचिंग केंद्र



गिरीश्वर मिश्र

भारत एक महान देश है जिसके पास अतीत की बड़ी थाती है। हम सभी नागरिक देशभक्त हैं और भारतीय होने पर गर्व भी करते हैं। यह महान देश निकट भविष्य में 'विश्व-गुरु' बनने की उत्कट इच्छा पाले हुए है। इसके साथ ही भारत को 'विकसित देश' और तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति का दावा भी कर रहा है। इसे बनाने के लिए सभी कटिबद्ध भी हैं। इस दृष्टि से युवा वर्ग की खास भूमिका और दायित्व है। आज देश में सामाजिक और भौतिक विविधताएं तो हैं ही आर्थिक विषमता भी बहुत ज्यादा है। हर युवा ऊंची से ऊंची उड़ान भरने के लिए स्वाभाविक रूप से आतुर रहता है। इस हलचल भरे माहौल में युवा वर्ग अपने भविष्य को संवारने के लिए घर-बार छोड़ कर अपना भविष्य संवारने हेतु कोचिंग में पढ़ाई करने के लिए बड़े शहरों की ओर रुख करते हैं। उनके अभिभावक रुपया-पैसा जुटा कर अपने बच्चों को कोचिंग के साथ परीक्षा की तैयारी में आर्थिक मदद करते हैं। आशाओं और आकांक्षाओं की उठापटक के बीच ये युवा कठिन परिस्थितियों में अथक परिश्रम करते हैं। वे अपने सपनों को साकार करने के लिए धैर्यपूर्वक और लगन के साथ कोशिश करते हैं। अब औपचारिक डिग्री की गुणवत्ता पिटने के फलस्वरूप हर काम के लिए, यहां तक कि अगली कक्षा में प्रवेश या फैलोशिप के लिए भी कोई न कोई परीक्षा देना अनिवार्य हो चुका है। खस्ताहाल हो रहे विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय की पढ़ाई अपर्याप्त होती है। ऐसे में यदि कोचिंग केंद्रों की झड़ी लग रही है तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं। पर इस बेहद लोकप्रिय और नफे वाले शानदार व्यापार के विस्तार के साथ इसके सुचारु संचालन लिए जरूरी आधारभूत सुविधाओं का घोर अभाव भी होता है। वस्तुतः व्यावसायिक कोचिंग का विशाल धंधा शिक्षा की घोर दुरवस्था की स्थिति का बयान करता है। पिछले कुछ वर्षों में कोचिंग संस्थानों में आग लगने की घटनाएं होती रही हैं। अब दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में एक नामचीन कोचिंग संस्थान के तलघर या बेसमैंट में जहां विद्यार्थी उपस्थित थे अचानक कंधों से ऊपर तक इतना पानी भर गया कि कोचिंग लेने वाले तीन व्यक्तियों, दो युवतियां और एक युवक, जो आईएएस (सिविल सर्विस) की तैयारी कर रहे थे, उनकी जान चली गई। अब तक ज्ञात तथ्यों से यह दुर्घटना आपराधिक लापरवाही का परिणाम लगती है परंतु इसकी जिम्मेदारी तय करना विवादास्पद ही रहेगा।

फेसबुक वॉल से




X से




अलग बात

## अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई



डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत में असमानता, संपन्नता और निर्धनता के बीच के द्वंद्व से परे है, क्योंकि जाति आधारित असमानताएं देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे की परिभाषित विशेषताओं में से एक हैं। वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब के एक हालिया वर्किंग पेपर ने अमीर और गरीब के बीच की खाई को चौड़ा किया है। जाति आधारित असमानताएं देश के सामाजिक आर्थिक ढांचे की परिभाषित विशेषताओं में से हैं। आर्थिक असमानता का आकलन करने के लिए गिनी गुणांक और प्रतिशत अनुपात महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में काम करते हैं। यह लोरेंज कर्व से लिया गया है। इसका उपयोग किसी देश में आर्थिक विकास के संकेतक के रूप में किया जा सकता है। गिनी गुणांक किसी आबादी में आय समानता की डिग्री को मापता है। गिनी गुणांक 0 (पूर्ण समानता) से 1 (पूर्ण असमानता) तक भिन्न हो सकता है। शून्य का गिनी गुणांक का मतलब है कि सभी की आय समान है, जबकि 1 का गुणांक एक व्यक्ति को सभी आय प्राप्त करने का प्रतिनिधित्व करता है। समग्र रूप से और अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और सामान्य श्रेणी जैसे सामाजिक समूहों के भीतर उपभोग असमानता में परिवर्तन। 2022-23 में, जबकि एसटी की आबादी 9 प्रतिशत थी, उनकी खपत हिस्सेदारी केवल 7 प्रतिशत थी। अनुसूचित जाति की आबादी 20 प्रतिशत थी और उनकी खपत में हिस्सेदारी 16 प्रतिशत थी। ओबीसी (आबादी का 43 प्रतिशत) की खपत में हिस्सेदारी 41 प्रतिशत थी। आबादी का 28 प्रतिशत हिस्सा होने के बावजूद, सामान्य वर्ग ने 36 प्रतिशत की उल्लेखनीय रूप से उच्च खपत हिस्सेदारी हासिल की। ये निष्कर्ष विभिन्न सामाजिक समूहों में खपत के वितरण में लगातार असमानताओं को रेखांकित करते हैं। एससी और एसटी लगातार सामान्य और ओबीसी श्रेणियों के लोगों से पीछे हैं। समग्र गिनी गुणांक 2017-18 में 0.359 से घटकर 2022-23 में 0.309 हो गया, जो इस अवधि के दौरान कुल आय असमानता में 050 की कमी दर्शाता है। यह सामाजिक समूहों के बीच अंतर्निहित आर्थिक असमानता को प्रकट करता है। एसटी और एससी समुदाय सबसे स्पष्ट विसंगतियों को सहन करते हैं। एसटी, एससी और ओबीसी समूहों के लिए, 2017-18 से 2022-23 तक उपभोग के स्तर में कमी आई है, जो निचले 20 प्रतिशत दशमलव के लिए मामूली है। सामान्य श्रेणी के लिए, यह कमी अधिक स्पष्ट है जो सामान्य आबादी के सबसे गरीब तबके के बीच उपभोग में सापेक्ष गिरावट को दर्शाती है।



बोधि वृक्ष

**हिंदू धर्म में 18 पुराणों का जिक्र मिलता है। इन पुराणों में सिर्फ देवी-देवताओं की कथाएं ही नहीं हैं, बल्कि चिकित्सा, खगोल विज्ञान, इतिहास और कई अन्य विषय भी शामिल किए गए हैं।**

## 18 पुराणों में हैं जीवन के सिद्धांत

हिंदू धर्म में पुराणों का अधिक महत्व है। पुराणों में ईश्वर के स्वरूप, उनकी लीलाओं और जीवन से सिद्धांतों के बारे में बताया गया है। बता दें कि सनातन धर्म में कुल 18 पुराणों का जिक्र मिलता है। इन पुराणों को पढ़ने या सुनने से व्यक्ति के सभी पापों का अंत हो जाता है। इन पुराणों में सिर्फ देवी-देवताओं की कथाओं के बारे में ही नहीं बल्कि चिकित्सा, खगोल विज्ञान, इतिहास और कई अन्य विषय भी शामिल किए गए हैं।



**ब्रह्म पुराण :** यह प्राचीन पुराणों में से एक है। इस पुराण में सृष्टि की रचना का वर्णन किया गया है। ब्रह्म पुराण देवी-देवताओं, प्राणि, पृथ्वी, मनुवंश, भोगल, नरक, स्वर्ग, मंदिर, तीर्थ आदि के बारे में उल्लेख मिलता है।

**पद्म पुराण :** इस पुराण में सृष्टि की उत्पत्ति अर्थात इस बात का वर्णन मिलता है कि किस तरह से ब्रह्म देव ने सृष्टि की रचना की थी। यह पुराण भी अन्य पुराणों के ज्ञानों से परिपूर्ण है।

**विष्णु पुराण :** विष्णु पुराण में मुख्य रूप से भगवान श्रीहरि विष्णु से संबंधित कथाएं मिलती हैं। पराशर ऋषि द्वारा इस पुराण की रचना की गई है। यह अन्य 17 पुराणों में से सबसे छोटा पुराण है। इस पुराण में भगवान विष्णु के अवतारों, श्रीकृष्ण के चरित्र और राम कथाओं का वर्णन मिलता है। **(क्रमशः)**

संकल्प शक्ति

## आत्मविश्वास जगाकर आगे बढ़ें



संजय गोस्वामी

वास्तव में प्रत्येक मनुष्य में महानता की अनन्त सम्भावनाएं छिपी पड़ी हैं। किंतु मनुष्य को अपनी महत्ता पहचानकर उसके अनुरुप चिन्तन और कर्म भी तो करना चाहिए। कोई मनुष्य किसी एक दिशा में महान हो सकता है तो कोई अन्य मनुष्य किसी दूसरी दिशा में आगे बढ़ सकता है। जिस मनुष्य के पास जो कुछ गुण या शक्ति है, वह उसी को लेकर ऊंचा उठे। तभी उसकी सफलता और सार्थकता है। अनन्त शक्तिमान परमेश्वर का अंशभूत होने के कारण मनुष्य में अनन्त शक्तियों का भंडार भरा पड़ा है तथा उसमें अनन्त उन्नति की सम्भावनाएं छिपी हुई हैं। अपनी निधि को बिना पहचाने तो राजा भी रंक ही है। मनुष्य अपनी अगणित प्रसुप्त शक्तियों को भूलकर दयनीय और उन्हें जगाकर समर्थ हो जाता है। अपनी शक्तियों पर भरोसा करने की आवश्यकता है, उनके सदुपयोग करने और संकल्प लेने की आवश्यकता है, उत्तम लक्ष्यों की ओर चल पड़ने की आवश्यकता है, दृढ़ता और धैर्य की आवश्यकता है, आत्मविश्वास की आवश्यकता है। मनुष्य को कभी-कभी एकान्त में बैठकर आत्मविश्वास को जगाने का अभ्यास करना चाहिए और पग-पग पर सँभलने का निश्चय करना चाहिए। मनुष्य आत्मविश्वास को जगाकर ही संकटों को पार करता हुआ आगे बढ़ सकता है, ऊँचे उठ सकता है और महान बन सकता है। आत्मविश्वास का अर्थ हैं अपनी समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने की अपनी सामर्थ्य में विश्वास होना। मनुष्य विवेक के सहारे अपने विलुप्त आत्मविश्वास को जगा सकता है। हमारे विचारों, आशाओं, निराशाओं, भय, घृणा, क्रोध आदि मनोवेगों का प्रभाव हमारे शरीर के अंग-प्रत्यंग पर पड़ता है। हमारे स्वास्थ्य और मनोदशा पर पड़ता है, इसलिए मनोवेगों पर नियंत्रण जरूरी है।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# वायनाड लैंडस्लाइड : राज्य सरकार के साथ तालमेल बनाकर राहत व बचाव कार्य जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केरल के वायनाड में मंगलवार सुबह भूस्खलन की घटना घटी। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में बताया कि पूरी स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नजर रख रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के मुख्यमंत्री से बात की है और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने बताया कि घटना के बाद भारतीय सेना, वायु सेना के दो हेलीकॉप्टर को राहत एवं बचाव कार्य में लगाया गया है। तलाशी और बचाव उपकरणों के साथ एनडीआरएफ की टीम राहत कार्य में जुटी है। सेना की टुकड़ियों को हवाई मार्ग से भेजा जा रहा है। एयर फोर्स के विमान भी राहत एवं बचाव कार्य में लगाए गए हैं। गृह मंत्रालय के दो नियंत्रण कक्ष लगातार निगरानी कर रहे हैं। वायनाड में भूस्खलन के कारण आई प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने सेना के जवानों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आर्म्ड पुलिस फोर्स और एयरफोर्स को राहत एवं बचाव कार्यों में तैनात किया है। सेना के जवान मौके पर पहुंच चुके हैं।

राज्यसभा में नेता सदन एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने इस विषय पर कहा कि यह एक बड़ी त्रासदी है। मंगलवार को राज्यसभा में उन्होंने कहा कि यह त्रासदी, सिर्फ केरल के लिए त्रासदी नहीं है, बल्कि सारा देश इससे दुखी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार केरल में राहत कार्य के लिए जो कुछ भी कार्य आवश्यक है, कर रही है।

नड्डा ने कहा कि मैं सरकार की ओर से यह आश्वासन देता हूं कि केरल में राहत कार्य के लिए जो भी आवश्यकता होगी, वह पूरी की जाएगी। प्रधानमंत्री ने केरल के मुख्यमंत्री से बात की है। मुख्यमंत्री को मदद का आश्वासन दिया गया है। राज्य सरकार के साथ समन्वय में कार्य किया जा रहा है। सबसे पहला काम यह है कि वहां दबे शवों को निकाला जा सके। हम सब लोग इस आपदा की घड़ी में साथ हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में चलने वाली यह सरकार प्रोएक्टिव व प्रो रेस्पॉन्सिव है। यदि कोई ऐसा सुझाव आता है, जिसे कि हम अपने कार्यों में शामिल कर सकते हैं, तो हम ऐसे सुझावों का भी स्वागत करते हैं। राज्यसभा में ही केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बताया कि केरल के आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए आर्म्ड फोर्सेस को भेज दिया गया है।

उन्होंने बताया कि अभी प्रधानमंत्री के आदेश पर पिछले सप्ताह ही नेशनल लैंडस्लाइड फोरकास्टिंग इंस्टीट्यूट का गठन किया गया है।



**एनडीआरएफ**
लगातार लोगों को बचाने का **प्रयास** में जुटी है



## आपदा से निपटने के लिए 5 हजार करोड़ की मांग, सांसदों ने कहा केंद्र करे मदद

**केरल** के वायनाड में भूस्खलन के कारण कई लोगों की जान गई है और सैकड़ों परिवार इससे प्रभावित हुए हैं। मंगलवार को यह विषय राज्यसभा में उठा। यहां सांसदों ने वायनाड में राहत एवं बचाव कार्य के लिए केंद्र सरकार से 5000 करोड़ रुपए की मदद देने की मांग की। इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग भी सरकार से की गई है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस विषय पर कहा कि मिट्टी में दबने से 50 से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो चुकी है। खड़गे ने सरकार से पूछा कि वह इस विषय पर जानकारी दें कि वहां क्या राहत और बचाव कार्य किए जा रहे हैं। क्या, राहत कार्यों के लिए सेना को भेजा गया है। केरल से सीपीआई (एम) के सांसद जॉन ब्रिटास ने कहा कि हम चाहते हैं कि सेना को राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तुरंत केरल भेजा जाए। केरल के ही एक अन्य सांसद संतोष कुमार ने कहा कि केरल में आई इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए। आईयूएमएल के सांसद अब्दुल वहाब ने कहा कि प्रधानमंत्री व अन्य लोगों ने इस पर अपनी चिंता जाहिर की है। लेकिन वहां राहत कार्यों के लिए तुरंत मदद पहुंचाई जानी चाहिए। सांसदों ने बताया कि केरल में आई इस आपदा में 500 से अधिक परिवार फंसे हुए हैं। कई लोगों की लाश उनके घरों से काफी दूर मिली है। कई परिवार इस हादसे के शिकार हो गए हैं। कांग्रेस सांसद जेबी माथेर हीशम ने कहा कि छोटे बच्चे, युवा और कई परिवारों के तीन-चार-पांच लोग और कई जगह पूरे का पूरा परिवार इस हादसे की भेंट चढ़ गया।





**भक्तों का स्वागत**

मंगलवार को हरिद्वार में हर की पौड़ी पर 'श्रावण' के पवित्र महीने में शिव भक्तों पर एक हेलीकॉप्टर ने फूल बरसाए।

## ईडी के प. बंगाल में 10 अलग-अलग स्थानों पर छापे

**कोलकाता।** ईडी के अधिकारी पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में 10 स्थानों पर विभिन्न व्यापारियों और दो टीएमसी नेताओं के आवास, मिलों और कार्यालयों पर एक साथ छापेमारी कर रहे हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह ऑपरेशन करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले की चल रही जांच का हिस्सा है। केंद्रीय बलों के साथ, ईडी अधिकारियों ने राजारहाट, बारासात, बसीरहाट, भांगर और देगंगा में तलाशी अभियान चलाया है। ईडी के मुताबिक छापेमारी में चावल और आटा मिलें शामिल हैं। साथ ही व्यापारियों के कार्यालय भी शामिल हैं, जो सीधे या परोक्ष रूप से इस घोटाले में शामिल हैं। इनमें देगंगा के दो टीएमसी नेता भी शामिल हैं, जिनकी मिलों की तलाशी ली जा रही है।

## एक नजर

### बिहार में भाजपा कोटे के मंत्री फिर सुनेंगे लोगों की फरियाद

**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में फिर से 'सहयोग कार्यक्रम' की शुरूआत होने जा रही है। यह कार्यक्रम एक अगस्त से शुरू होगा। भाजपा कोटे से बिहार सरकार के मंत्री 'सहयोग कार्यक्रम' में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मंत्री, प्रदेश के लोगों की समस्या सुनेंगे और उसका समाधान निकालेंगे। नवनियुक्त भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के निर्देश के बाद 'सहयोग कार्यक्रम' के लिए दिन निश्चित कर दिए गए हैं। दोनों उपमुख्यमंत्री अपने आवास पर 'सहयोग कार्यक्रम' में लोगों की फरियाद सुनेंगे। सुबह 11 बजे से दोपहर के एक बजे तक यह कार्यक्रम होगा।

### तृणमूल नेता मोहम्मद आहिद गिरफ्तार, अदालत में हुई पेशी

**सिलीगुड़ी।** सरकारी जमीन हेराफेरी मामले गिरफ्तार तृणमूल नेता मोहम्मद आहिद को मंगलवार को जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया गया। दरअसल, फर्जी दस्तावेज बनाकर सरकारी जमीन खरीदने-बेचने के आरोप में देबाशीष प्रमाणिक और गौतम गोस्वामी के बाद डाबग्राम-फुलबाड़ी के तृणमूल नेता को सोमवार देर रात गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को उन्हें जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया गया। इस दौरान मोहम्मद आहिद ने कहा कि उन्हें फंसाया जा रहा है। उन्होंने कोई गैरकानूनी काम नहीं किया है।

### सोने के दस बिस्कुट के साथ गिरफ्तार हुए दो भारतीय नागरिक

**दक्षिण दिनाजपुर।** जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के रायगंज सेक्टर के अंतर्गत 61वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल की बॉर्डर आउट पोस्ट श्रीरामपुर के सतर्क जवानों ने एक भारतीय महिला को सोने के बिस्कुट के साथ पकड़ा है। वहीं, महिला के निशानदेही पर एक व्यक्ति को भी पकड़ा गया है। बीएसएफ ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। बीएसएफ के अनुसार, महिला को संदिग्ध अवस्था में भारत-बांग्लादेश सीमा बाड़ गेट नंबर दस से आगे जमालपुर के पास पकड़ा गया। जब महिला की तलाशी ली गई तो चप्पल से दस पीस सोने के बिस्कुट बरामद हुआ।

## न्यूज बॉक्स

### दिल्ली कोचिंग हादसे के बाद जागा निगम, 19 कोचिंग सेंटर सील



**नई दिल्ली।** दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में हुए हादसे के बाद नगर निगम रविवार से ही लगातार कोचिंग सेंटर्स को सील करने की कार्रवाई कर रहा है। इस दौरान जिन कोचिंग सेंटर्स में अनियमिताएं पाई जा रही हैं, उन्हें सील किया जा रहा है। रविवार से शुरू हुए इस अभियान में मंगलवार तक 19 कोचिंग सेंटर्स को सील किया जा चुका है। मंगलवार को मेयर शैली ओबेरॉय नगर निगम के अधिकारियों के साथ प्रीत विहार पहुंची। उन्होंने प्रीत विहार में नियमों को ताक पर रखकर बेसमेंट में संचालित हो रहे कोचिंग सेंटर्स का निरीक्षण किया। इस दौरान संस्कृति अकादमी का निरीक्षण करने पर पाया गया कि वो बेसमेंट के अंदर संचालित हो रहा है। कोचिंग सेंटर से बेसमेंट में कक्षाएं चलाने की अनुमति के पेपर मांगे गए तो वो दिखाने में विफल रहे। इसके बाद एमसीडी के अधिकारियों ने अकादमी को सील कर दिया। मेयर ने कहा कि पूरी दिल्ली में कई सारे कोचिंग सेंटर्स ने एमसीडी की बिल्डिंग बायलॉज की धज्जियां उड़ाकर रख दी है। एमसीडी इन सब पर कड़ी कार्रवाई करने जा रही है।

### आप की महिला कार्यकर्ता ने की पार्टी के पदाधिकारी की पिटाई



**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में आम आदमी पार्टी की एक महिला कार्यकर्ता ने अपनी ही पार्टी के एक नेता की पिटाई कर दी। प्रीती चौधरी का आरोप है कि पार्टी के महासचिव दीपक चौधरी उनका शारीरिक शोषण करना चाहते हैं। प्रीती चौधरी ने कहा कि मैं पिछले तीन साल से आम आदमी पार्टी से जुड़ी हुई हूं। मैं अपने पति से अलग हो चुकी हूं, जिसके चलते पार्टी के कुछ नेता मेरा गलत फायदा उठाना चाहते हैं। मुझसे कहा गया कि मैं उनकी बात मान लूं और उनके साथ अवैध संबंध बनाने के लिए तैयार हो जाऊं। उन्होंने कहा कि पार्टी के महासचिव दीपक चौधरी मेरे साथ गलत व्यवहार करते हैं। मुझे गलत नजरिए से देखा जाता है। जब मैंने उनकी बात माने से इनकार किया तो मुझे पार्टी के व्हाट्सअप ग्रुप से निकाल दिया गया। दीपक चौधरी मेरे साथ कई महीनों से बदतमीजी कर रहा है। उनके अलावा कोई और पदाधिकारी ऐसी हरकत नहीं करता। मैं बहुत दिन से दीपक चौधरी को सबक सिखाना चाहती थी। आम आदमी पार्टी पिछले कई दिनों से कोई कार्यक्रम या प्रदर्शन नहीं कर रही थी। मुझे पता चला कि आज पदाधिकारी पार्टी के मुख्यालय पर एकत्रित होंगे।

### बिहार के पटना में कोचिंग संस्थानों पर एसडीओ टीम ने मारा छापा




**पटना।** दिल्ली की एक कोचिंग संस्थान की लाइब्रेरी में तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हुई। यूपीएससी की तैयारी करने राजेंद्र नगर पहुंचे छात्रों की मौत ने सभी को झकझोर दिया है। अब प्रशासन अवैध तरीके से चल रहे कोचिंग संस्थानों पर कार्रवाई कर रहा है। बिहार के पटना में कोचिंग संस्थानों पर एसडीओ टीम ने छापा मारा है। एसडीओ की टीम मंगलवार को मछुआ टोली खजांची रोड स्थित कई कोचिंग संस्थानो पर छापेमारी करने के लिए पहुंची। यह इलाका कोचिंग का हब माना जाता है। बताया जा रहा है कि एसडीओ की टीम दिल्ली की तर्ज पर कोचिंग संस्थानों की व्यवस्था की जांच के लिए पहुंची थी। इस छापेमारी की कार्रवाई में एसडीओ की टीम को क्या हाथ लगा है, इसका खुलासा नहीं हुआ है। बता दें कि दिल्ली बेसमेंट हादसे के बाद दृष्टि आईएएस कोचिंग समेत कई कोचिंग संस्थानों को सील कर दिया गया है।

## आज का राशिफल

**मेष** — कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**वृषभ** — अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**मिथुन** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**कर्क** — मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**सिंह** — संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा।

**कन्या** — पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

**तुला** — माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृश्चिक** — नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा।

**धनु** — कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मकर** — कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी।

**कुम्भ** — शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

**मीन** — पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी।

## व्यापार /लाइफ व साइंस

### विस्तारा ने गैर-उड़ान सेवा के स्थायी कर्मचारियों को वीआरएस की पेशकश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विस्तारा ने एयर इंडिया के साथ विलय से पहले उड़ान सेवा के इतर अन्य कार्यों से जुड़े हुए कर्मचारियों के लिए वीआरएस के साथ-साथ स्वैच्छिक पृथक्करण योजनाओं (वीएसएस) की पेशकश की है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि विस्तारा ने उड़ान सेवा के इतर नॉन-फ्लाइंग स्थायी कर्मचारियों के लिए वीआरएस और वीएसएस की पेशकश की है। पात्र कर्मचारी 23 अगस्त, 2024 तक इन योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि विस्तारा, टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस के बीच एक संयुक्त उद्यम है। एयरलाइन में स्थायी तथा अनुबंध सहित 6,500 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं।




**योजनाओं के समान**

विस्तारा का वीआरएस योजना उन लोगों के लिए है जिन्होंने एयरलाइन में 5 साल की अपनी सेवा पूरी कर ली है, जबकि वीएसएस उन कर्मचारियों के लिए है जिन्होंने एयरलाइन में अभी पांच साल की सेवा पूरी नहीं की है। ये योजनाएं टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया के इस महीने की शुरूआत में पेश की गई योजनाओं के समान हैं।

### आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तारीख है आज

**नई दिल्ली।** वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 है। अब सिर्फ एक ही दिन आयकर भरने के लिए शेष बचा हुआ है। आयकर विभाग ने करदाताओं को 31 जुलाई 2024 तक अपना कर जमा करने के लिए अनुरोध किया है। समय सीमा खत्म होने से पहले ही व्यक्तिगत करदाताओं को कर जमा करना होगा। हालांकि ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि समयसीमा बढ़ाई जाएगी, लेकिन आधिकारिक तौर पर ऐसी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। पिछले साल भी, जब समयसीमा नहीं बढ़ाई गई थी, तब बड़ी संख्या में करदाता हैरान रह गए थे।

### भारत में सोने की मांग अप्रैल और जून तिमाही में 5 फीसदी घटी : डब्ल्यूजीसी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में सोने की मांग में गिरावट आई है। सोने की मांग में यह गिरावट कीमतों में रिकॉर्ड वृद्धि के कारण दर्ज हुई है। अप्रैल-जून तिमाही में सोने की मांग पांच फीसदी घटकर 149.7 टन रह गई है। हालांकि, इस दौरान देश में सोने का कुल आयात आठ फीसदी बढ़कर 196.9 टन रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 182.3 टन था। डब्ल्यूजीसी की ओर से मंगलवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल-जून 2024 तिमाही में सोने की मांग घटकर 149.7 टन रह गई, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 158.1 टन थी। हालांकि, मूल्य के संदर्भ में सोने की मांग दूसरी तिमाही के दौरान 17 फीसदी बढ़कर 93,850 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 82,530 करोड़ रुपये रही थी। रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल-जून तिमाही में सोने की कीमतें आसमान छू गईं, जिससे 24 कैरेट सोने के दाम रिकॉर्ड प्रति 10 ग्राम 74,000 रुपये को पार कर गई।

**सोने की मांग में एक साल पहले की तुलना में पांच फीसदी की गिरावट**



**डब्ल्यूजीसी** के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन ने जारी बयान में कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में भारत की सोने की मांग में एक साल पहले की तुलना में 5 फीसदी की गिरावट आई है लेकिन आयात करों में कटौती के बाद स्थानीय कीमत में सुधार के कारण 2024 की दूसरी छमाही में खपत में सुधार होने की उम्मीद है।

### यूपीए में सबसे कमजोर अर्थव्यवस्था में शामिल था भारत, एनडीए में शीर्ष पांच में पहुंचा : पीयूष

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की बजट पर प्रतिक्रिया की आलोचना करते हुए केंद्रीय वाणिज्य और इंडस्ट्री मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत कांग्रेस के समय पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्था में शामिल था। वहीं, बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए के कार्यकाल में यह दुनिया की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में आ गया है। गोयल ने संसद में बोलते हुए कहा कि यूपीए सरकार की ओर से कभी भी गरीबों को ऊपर उठाने की बात नहीं की गई। बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार को विरासत में दुनिया की सबसे कमजोर अर्थव्यवस्था में से एक मिली थी। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस के नेता पी. चिदंबरम को निशाने पर लेते हुए कहा कि 2004 में पूर्व वित्त मंत्री को एक मजबूत अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी। उस समय ग्रोथ रेट आठ प्रतिशत थी और महंगाई दर करीब चार प्रतिशत थी। अर्थव्यवस्था के आकार के हिसाब से विदेशी मुद्रा भंडार भी काफी अच्छी स्थिति में था। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने आगे पूछा कि अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में यूपीए ने क्या किया?



**तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था**

**आज** भारत कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से निकलकर दुनिया की मजबूत और सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बन चुका है। नीति आयोग के एक दस्तावेज में कहा गया कि भारत 5 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ बढ़ रहा है। भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ 18,000 डॉलर प्रति व्यक्ति आय करना है।

### सरकारी स्वास्थ्य संवर्धन पहल को व्यावसायिक निकायों का मिला समर्थन



एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) प्रोफेसर डॉ. अतुल गोयल ने भारत के प्रमुख स्वास्थ्य व्यावसायिक निकायों (प्रोफेशनल बॉडीज) के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। हाइब्रिड मोड में आयोजित इस बैठक में 27 से ज्यादा प्रतिष्ठित स्वास्थ्य व्यावसायिक निकायों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

स्वास्थ्य मंत्रालय की पहलों को आगे बढ़ाने के लिए आयोजित बैठक में स्वस्थ आहार, शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा देने और तंबाकू, अल्कोहल जैसे गैर-संचारी रोगों के जोखिम कारकों को कम करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

# 'म्हारी छोरियां छोरों से कम है के', हरियाणा की बेटियां ओलंपिक में सब पर हावी




## 'खुशी के मारे हो सकता था हार्ट अटैक' : मनु भाकर के पिता

**सूरजकुंड।** पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर के घर पर एक बार फिर बधाइयों का तांता लगा हुआ है जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में दूसरा कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। मनु स्वतंत्र भारत में एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई जिन्होंने दस मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में सरबजोत सिंह के साथ कांस्य पदक जीता। मनु के पिता राम किशनो कहा कि पेरिस में अपनी बेटी के प्रदर्शन को बयां करने के लिए उनके पास शब्द नहीं है। उन्होंने कहा कि कोच जसपाल राणा से जुड़ने के बाद उसका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा, मेरे पास शब्द नहीं है। यह देश के लिए बड़ी उपलब्धि है।' उन्होंने कहा, जसपाल अपने समय में बड़ा निशानेबाज रहा है और उनका आपसी तालमेल बहुत अच्छा है। जब वह दोबारा उसके साथ जुड़ा तो उसका आत्मविश्वास बढ गया।' उन्होंने कहा, मनु के प्रयासों और जसपाल के आशीर्वाद से उसे कामयाबी मिली।' मनु की मां सुमेधा ने कहा कि बेटी के दूसरे पदक के बारे में सुनकर खुशी के मारे उन्हें हार्ट अटैक हो सकता था। उन्होंने कहा, मैं प्रार्थना कर रही थी कि आज जलते अंगारों पर भी चलना पड़े तो मैं चलूंगी, बस मेरी बेटी कामयाब हो जाए। मैने मुकाबला नहीं देखा क्योंकि मैं प्रार्थना कर रही थी। पड़ोसियों ने आकर बताया कि मनु ने एक और पदक जीत लिया है। मैं इतनी खुश थी कि खुशी के मारे हार्ट अटैक हो सकता था।

## किरण से देश को 400 मीटर रेस में पदक की उम्मीद

**झज्जर।** पेरिस ओलंपिक में भारत के खाते में दो मेडल आ चुके हैं। हरियाणा की लड़कियों की गूंज पेरिस ओलंपिक में सुनाई दे रही है, मनु भाकर के बाद सोनीपत के गांव गुमड़ की रहने वाली किरण पहल से देश को 400 मीटर रेस में पदक की उम्मीद है, अगर किरण पदक लाने में कामयाब हुई तो वो ऐसी पहली महिला एथलेटिक्स खिलाड़ी बन जाएंगी, जिन्होंने इस इवेंट में देश के लिए पदक जीता होगा। किरण के लिए एक छोटे से गांव से निकल ओलंपिक तक का सफर तय करना आसान नहीं था। उनकी कहानी काफी संघर्षों से भरी हुई है। एक समय ऐसा था जब वो दौड़ करने के जूते से लेकर खाने तक के पैसे भी दादी की पेंशन से लेती थी, लेकिन अब परिवार का नाम रोशन करने के लिए पेरिस ओलंपिक में दौड़ लगाने के लिए तैयार किरण ने अपनी कड़ी मेहनत से अपनी किस्मत बदली है। हरियाणा को पहलवानों और खिलाड़ियों की धरती कहा जाता है।

पेरिस ओलंपिक में भी भारत की पदक तालिका का खाता हरियाणा की बेटी मनु भाकर ने खोला तो हरियाणा के कई ऐसे खिलाड़ी अभी भी पेरिस की धरती पर मौजूद है जो देश के लिए पदक लाने का दम रखते हैं। 400 मीटर रेस में सोनीपत के गांव गुमड़ की रहने वाली 24 साल की किरण पहल देश के लिए पदक जीतने का भरोसा लिए पेरिस की धरती पर मौजूद है।




## मनु-सरबजोत की ऐतिहासिक जीत, देश भर से मिली बधाईयां

### भारत के हाई जंप एथलीट तेजस्विन शंकर

भारत के हाई जंप एथलीट तेजस्विन शंकर ने 'एक्स' पर लिखा, मुझे शूटिंग समझ में नहीं आती। मनु और सरबजोत के चेहरे पर दिख रही शांति खतरनाक है। मैं अपने पदक का जश्न मनाते हुए पूरे आयोजन स्थल पर दौड़ता और रोता था! हम सभी के लिए सच्चे रोल मॉडल।

### भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पोस्ट किया, शानदार प्रदर्शन मनु भाकर और सरबजोत सिंह! भारत का दूसरा पदक।

### बीसीसीआई महासचिव जय शाह

बीसीसीआई महासचिव जय शाह ने पोस्ट में लिखा, भारत के लिए दूसरा पदक। मनु भाकर और सरबजोत आप दोनों आज 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम कांस्य पदक मैच में शानदार थे! पूरे आयोजन के दौरान आपका धैर्य अविश्वसनीय था। इस पल को संजोएं। यह हमारे देश के लिए बहुत गर्व की बात है!

### मुक्केबाज विजेंदर सिंह

ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने कहा, इतिहास रचने वाली मनु भाकर! आपने हमें एक बार फिर चकित कर दिया है। पूरे देश को आप पर गर्व है। ऐसे ही चमकते रहो।

### हरभजन सिंह

हरभजन सिंह ने पोस्ट में लिखा, बहुत बढ़िया मनु भाकर और सरबजोत। आप पर गर्व है।


### पूर्व भारतीय महिला हॉकी कप्तान रामपाल

पूर्व भारतीय महिला हॉकी कप्तान रामपाल ने कहा, पिछले दो ओलंपिक में कोई पदक नहीं जीतने के बाद, भारतीय निशानेबाजों ने शानदार वापसी की है। मनु भाकर अब लगातार दो ओलंपिक मैच में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं।

## पदक तालिका

| टीम | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | टोटल |
|---|---|---|---|---|
| 1. जापान | 6 | 2 | 4 | 12 |
| 2. ऑस्ट्रेलिया | 5 | 4 | 0 | 9 |
| 3. अमेरिका | 3 | 8 | 9 | 20 |
| 4. फ्रांस | 5 | 8 | 3 | 16 |
| 5. द. कोरिया | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 6. चीन | 5 | 5 | 2 | 12 |
| 7. इटली | 2 | 3 | 3 | 8 |
| 8.कजाकिस्तान | 1 | 0 | 2 | 3 |
| 9.जर्मनी | 2 | 0 | 0 | 2 |
| 22. भारत | 0 | 0 | 2 | 2 |

# मनिका बत्रा ने फ्रांस की प्रीथिका पवाडे को हराया




**एजेंसी। पेरिस**

भारत की अनुभवी खिलाड़ी मनिका बत्रा ने ओलंपिक टेबल टेनिस स्पर्धा के अंतिम 32 मैच में फ्रांस की 12वीं वरीय प्रीथिका पवाडे को सीधे गेमों मे शिकस्त दी। राष्ट्रमंडल खेलों की चैम्पियन और 18वीं वरीय मनिका ने 37 मिनट तक चले मुकाबले में 11-9, 11-6, 11-9, 11-7 से जीत दर्ज की।

वह ओलंपिक टेबल टेनिस के अंतिम-16 में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी। मनिका को पहले गेम में बाएं हाथ की खिलाड़ी के खिलाफ सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई और यह काफी करीबी मुकाबला रहा। मनिका ने अखिरी तीन अंक अपने नाम कर इसे 11-9 से जीता।

दूसरे गेम की शुरूआत में भी मुकाबला काफी करीबी था लेकिन 6-6 की बराबरी के बाद मनिका ने प्रीथिका को कोई मौका नहीं दिया और 11-6 से वह जीत गई। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम की लय तीसरे गेम में जारी रखते हुए पांच अंक की बढ़त बनाई लेकिन प्रीथिका ने लगातार चार अंक हासिल कर स्कोर को 9-10 कर दिया। प्रीथिका दबाव में गेंद को नेट पर खेल गई और मनिका ने 11-9 से इस गेम को जीत लिया। मनिका ने चौके गेम में 6-2 की बढ़त के साथ अच्छी शुरूआत को 10-4 में बदल कर छह मैच प्वाइंट हासिल किए। प्रीथिका तीन मैच प्वाइंट बचाने में सफल रही लेकिन मनिका ने चौथे अंक को भुनाकर मैच अपने नाम किया। प्री क्वार्टर फाइनल में मनिका की भिड़ंत जापान की आठवीं वरीय हिरोनो मियू और हांगकांग की झू चेंगझू के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगी।

## पेरिस ओलंपिक में मेडल लाने से चूके बलराज पंवार



**करनाल।** पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने वैश्विक मंच पर तिरंगे का मान बढ़ाया है। इसके साथ ही विलायती खिलाड़ियों को लगे हाथों ये पैगाम भी दे दिया है कि ह्यहम भारतीय किसी से कम नहीं हैंह्न। ताज्जुब और खुशी की बात यह है कि हर खेल में हमारे खिलाड़ियों ने तिरंगे का शान बढ़ाया है। जिसे लेकर चौतरफा चर्चा हो रही है। उधर, ऐसा कमाल दिखाने वाले खिलाड़ियों के घरों में भी खुशी का ठिकाना नहीं है। हर कोई पेरिस ओलंपिक में इतिहास रचने वाले खिलाड़ियों के परिजनों को बधाई देने पहुंच रहा है। वहीं पेरिस ओलंपिक के खुमार के बीच बलराज पंवार की चौतरफा चर्चा हो रही है। हालांकि, वो मेडल लाने से चूक गए।

## ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम पेरिस पहुंची



**पेरिस।** भारतीय एथलेटिक्स टीम मौजूदा पेरिस ओलंपिक 2024 में ट्रैक और फील्ड स्पधाओं से पहले मंगलवार को पेरिस पहुंची। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर पेरिस के हवाई अड्डे पर एथलेटिक्स टीम के पहुंचने एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, भारतीय एथलेटिक्स टीम पेरिस में पहुंची। पेरिस 2024 ओलंपिक में एथलेटिक्स में भारत की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जिसमें विभिन्न ट्रैक और फील्ड स्पधाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले एथलीटों की एक मजबूत लाइनअप है। देश के खेल अधिकारियों ने व्यापक प्रशिक्षण और विकास परियोजनाओं में निवेश करते हुए एथलेटिक्स पर महत्वपूर्ण जोर दिया है। इस रणनीतिक फोकस का उद्देश्य पिछले खेलों की सफलताओं को आगे बढ़ाना और इस अनुशासन में भारत की पदक तालिका में सुधार करना है। स्प्रिंट से लेकर लंबी दूरी की दौड़ तक और छलांग से लेकर थ्रो तक, भारतीय एथलीट अपनी छाप छोड़ने और देश को गौरवान्वित करने के लिए तैयार हैं।



## भारत ने हॉकी में आयरलैंड को 2-0 से हराया

**एजेंसी। पेरिस**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को पूल बी मैच में आयरलैंड के खिलाफ 2-0 से जीत हासिल की। भारत के लिए दोनों गोल कप्तान हरमनप्रीत ने किए। भारत पेरिस ओलंपिक में अभी तक एक भी मैच नहीं हारा है। गेम की शुरूआत आयरलैंड द्वारा अटैक करने से हुई। हालांकि, भारत ने पहले क्वार्टर के 11वें मिनट में ही बढ़त बना ली, जब कप्तान हरमनप्रीत ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में तब्दील कर दिया। भारत को यह पेनल्टी स्ट्रोक मनदीप सिंह को खराब तरीके से टैकल करने के कारण मिला। भारत ने पहले क्वार्टर

### कप्तान हरमनप्रीत ने किए दोनों गोल

को 1-0 की लीड के साथ समाप्त किया। दूसरे क्वार्टर में भारत को लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले। कप्तान हरमनप्रीत ने तीसरा पेनल्टी कॉर्नर गोल में तब्दील करके भारत की लीड को 2-0 कर दिया। पेरिस ओलंपिक में हरमनप्रीत का मैजिक जारी है और उन्होंने इस प्रतियोगिता में अपने गोल की संख्या चार कर ली है। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले हाफ में दबदबा बनाया। तीसरे और चौथे क्वार्टर में आयरलैंड ने काउंटर अटैक करने की पूरी कोशिश की। लेकिन भारत के गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने एक बार फिर अपना अनुभव दिखाते हुए आयरलैंड के गोल को रोकने का काम किया। इस मैच में भारत के डिफेंस ने आयरलैंड के पेनल्टी कॉर्नर को रोकने के लिए शानदार काम किया। भारत अपने पूल में 3 मैचों में 2 जीत और एक ड्रा के साथ, 7 अंक जुटाकर टॉप पर है। भारत ने पेरिस ओलंपिक में अपने अभियान की शुरूआत न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर की थी। इसके बाद भारतीय हॉकी टीम ने अर्जेंटीना के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला था।

## कांस्य पदक जीतने पर पीएम मोदी ने सरबजोत सिंह से की फोन पर बात, कहा 'मनु और आपने शानदार टीमवर्क दिखाया'



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने के बाद, भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सरबजोत से बातचीत के दौरान मनु भाकर को भी बधाई, और उनके आने वाले इवेंट के लिए शुभकामनाएं दी। सरबजोत सिंह और मनु भाकर ने मिक्स्ड 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में दक्षिण कोरियाई जोड़ी को हराकर भारत के लिए कांस्य पदक जीता। यह भारत का पेरिस ओलंपिक में दूसरा पदक था। फोन पर बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने कहा, सरबजोत, बधाई हो। आपने देश को बहुत गौरव दिलाया है। आपकी मेहनत रंग लाई है। मेरी ओर से मनु भाकर को भी बहुत बधाई। प्रधानमंत्री मोदी को मनु भाकर और सरबजोत सिंह के बीच टीमवर्क के बारे में भी जानने की उत्सुकता थी। उन्होंने पूछा, आप दोनों ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है, उसमें मनु और आपने शानदार टीमवर्क दिखाया है। इसका क्या राज है? इस पर सरबजोत ने बताया कि वह दोनों साल 2019 से साथ काम कर रहे हैं। दोनों ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीते हैं। दोनों ने जूनियर विश्व कप और अन्य विश्व कप में भी जीत दर्ज की है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि वह अगली बार बेहतर प्रदर्शन करेंगे और स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेंगे।

# सानिया मिर्जा और हरभजन सिंह ने डिजिटल खेल पहल का किया समर्थन

**एजेंसी। दुबई**

टेनिस आइकन सानिया मिर्जा का मानना है कि भारत को 2036 ओलंपिक खेलों तक शीर्ष-10 खेल राष्ट्र बनने के लिए जमीनी स्तर के खेल कार्यक्रमों में पूरी तरह निवेश करना चाहिए। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और महिला युगल में पूर्व विश्व नंबर 1 सानिया ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए सरकार और निजी संस्थाओं को मिलकर काम करने और प्रारंभिक अवस्था से युवा प्रतिभाओं को ट्रेनिंग देने की आवश्यकता है।

भारतीय खेलों में अग्रणी, सानिया मिर्जा ने देश के पहले डिजिटल खेल सीखने वाले प्लेटफॉर्म, प्ले स्पोर्ट्स का समर्थन किया। दुबई में ऐप लॉन्च के दौरान पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह और पूर्व विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम के साथ इस पहल के बारे में बोलते



हुए, सानिया ने भविष्य के ओलंपिक चैंपियनों को तैयार करने में किसी भी खेल के जमीनी स्तर पर विकास के महत्व पर जोर दिया। भारत ने 1900 ईस्वी से कुल 35 ओलंपिक पदक जीते हैं और इस बार पेरिस 2024 में देश का लक्ष्य दोहरे अंकों में प्रवेश करना है। टोक्यो 2020 में सात पदकों के साथ देश ने अपनी अब तक की सबसे सफलता दर्ज की थी। सानिया ने जोर दिया, सब कुछ संभव है अगर आपका मन और शरीर अनुमति देता है। प्ले स्पोर्ट्स ऐप हमें जमीनी स्तर के एथलीटों को पोषित करने में मदद करता है और लक्ष्य विभिन्न अनुशासनों में अधिक चैंपियनों को ओलंपिक के लिए पोषित करने का प्रयास करना है।

दूर-दराज के गांवों और कस्बों में रहने वाले बच्चों तक गुणवत्ता प्रशिक्षण और कोचिंग की कोई पहुंच नहीं है, बावजूद इसके कि उनके पास कौशल और प्रतिभा है। प्ले स्पोर्ट्स ऐप का उद्देश्य उस अंतर को पाटना है और डिजिटल युग की ओर बढ़ते हुए वे हर प्रतिभाशाली बच्चे को पोषण, प्रशिक्षण और पुनर्प्राप्ति तंत्र के बारे में जानकारी से लैस करना चाहते हैं। सरकार के 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की इच्छा के साथ, मिर्जा का मानना है कि चार वर्षीय महोत्सव में देश का भविष्य महत्वाकांक्षी लेकिन प्राप्त करने योग्य है।

मिर्जा ने कहा, 2036 अवास्तविक लक्ष्य नहीं लगता।" बढ़े हुए प्रतिनिधित्व और भारत के लिए अधिक पदकों की उम्मीद जताते हुए, 37 वर्षीय सानिया मिर्जा की आशावादिता देश के युवा एथलीटों में उनकी देखी गई संभावनाओं का प्रमाण है।

लॉन्च के दौरान, क्रिकेट लीजेंड हरभजन सिंह ने अपने शानदार करियर पर अपने दिल से विचार साझा किए और अपनी टीममेट्स के साथ दो विश्व कप जीतने की अनमोल खुशी पर जोर दिया।

### ओलंपिक 2024 में शामिल नहीं होने पर मुरली श्रीशंकर ने कहा-

## मैं पेरिस मिस कर रहा हूं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के शीर्ष लंबी कूद एथलीट और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता मुरली श्रीशंकर ने पेरिस ओलंपिक 2024 से चूकने को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर रहने वाले श्रीशंकर को पिछले महीने अपने गृहनगर पलक्कड़ में प्रशिक्षण के दौरान बाएं घुटने में चोट लग गई थी। कई परामर्शों और परीक्षणों के बाद उन्होंने सर्जरी का विकल्प चुना, इसलिए उन्होंने खुद को इस प्रतिष्ठित बहु-खेल प्रतियोगिता से बाहर कर लिया। चोट लगने के बाद 25 वर्षीय खिलाड़ी ने इस सप्ताह दोहा, कतर में घुटने की सफल सर्जरी कराई, जिसके कारण वह चल रहे मेगा इवेंट से बाहर हो गए। जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स 18 के ओलंपिक विशेषज्ञ मुरली श्रीशंकर ने एक मीडिया कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे ओलंपिक के लिए पेरिस में होने की याद आती है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था, लेकिन




मेरे पास खुद को मानसिक रूप से मजबूत रखने और अगले ओलंपिक के लिए वापस आने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है, जो लॉस एंजिल्स में है। एक प्रशंसक के रूप में, मैं उन भारतीय एथलीटों का उत्साह बढ़ाऊंगा पर जो पेरिस में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। एथलेटिक्स जल्द ही ओलंपिक में शुरू होने वाला है, मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अगस्त के दौरान एक्शन में होंगे। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के क्वालीफायर 6 अगस्त को होंगे और फाइनल दो दिन बाद होगा।

# झारखंड विधानसभा से 4833.39 करोड़ का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सदन में अनुपूरक बजट पर चर्चा की गयी है। इस चर्चा के दौरान काफी हो-हंगामा भी हुआ। इसके बाद शाम के करीब 4.30 ध्वनिमत से 4833.39 करोड़ अनुपूरक बजट भी सदन से पास हो गया। झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को जोरदार हंगामे के बीच वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने अनुपूरक बजट पेश किया था। अनुपूरक बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बालू को लेकर पूरे राज्य में चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि बालू नहीं मिलने से या बालू की कीमत बढ़ने से अबुआ आवास, पीएम आवास समेत गरीबों को आवास बनाने में दिक्कत हो रही है। लिहाजा, सरकार ने फैसला लिया है कि जो लोग टैक्स के दायरे में नहीं आते हैं उन्हें अब मुफ्त में बालू दी जाएगी।



## सुखाड़ पर विशेष व्यवस्था करेगी हेमंत सरकार : रामेश्वर उरांव

अनुपूरक बजट पर सरकार का उत्तर देते हुए वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने भरोसा दिया है कि हेमंत सरकार सुखाड़ से निबटने के लिए विशेष व्यवस्था करेगी। सुखाड़ का तीसरा साल चल रहा है। विशेष व्यवस्था करना होगा इसके लिए मुख्यमंत्री को कहा है। सरकार की ओर से आश्वासन दे रहा हूं कि सरकार सुखाड़ के लिए विशेष व्यवस्था करेगी। उन्होंने कहा कि अनुपूरक की जरूरत का जवाब कल्पना सोरेन ने दिया था कि क्यों आर्टिकल 2005 के तहत राज्य सरकार लाती है। नई योजनाओं के लिए, जेसीएफ से निकासी को रेगुलराइज करने के लिए और अनफोरेसेंट एक्सपेंडिचर के लिए अनुपूरक बजट सरकार लाती है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि अनुपूरक बजट की क्यों जरूरत पड़ी है। 125 यूनिट से बढ़ाकर 200 यूनिट फ्री बिजली देना है। इसके लिए राशि की जरूरत है। बिजली के मीटर लगाने की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना के तहत करीब 45 लाख महिलाओं को हर माह 1000 रुपये देना है। इसके लिए 872 करोड़ की जरूरत है। प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप में केंद्रांश के समरूप राज्यांश के तहत पैसा देना है। आपदा मद में खर्च के लिए राशि की जरूरत है। सुखाड़ का यह तीसरा साल चल रहा है। सिंकिंग फंड में राज्य सरकार ने 2272 करोड़ संरक्षित रखे हैं इससे कम दर पर ब्याज लेने में मदद मिलेगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अनुपूरक बजट से राज्य के राजकोष पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही को बुधवार 11 बजे तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

## झारखंड की जनता हेमंत सरकार के साथ खड़ी है : कल्पना सोरेन



**रांची।** आपलोग सभी माननीय हैं। कृपया सभी बैठ जाएं। मेरा पहला स्पीच है, कृपया बैठ जाएं।अपने मेडन स्पीच के दौरान सदन के अंदर कल्पना सोरेन यह बार बार बोलती रहीं। स्पीकर रबिन्द्रनाथ महतो भी हंगामा कर रहे पक्ष और विपक्ष से बैठने का आग्रह करते रहे। बावजूद इसके हंगामा जारी रहा। स्पीकर के आग्रह पर कल्पना सोरेन ने बोलना शुरू कीं। उन्होंने अपनी बात शुरू करने से पहले सीएम हेमंत सोरेन और सदन के सभी सदस्यों का अभिवादन की। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता हेमंत सरकार के साथ खड़ी है। टीवी चैनल, न्यूज एजेंसी और समाचार पत्र जो विचार छापते थे, आज चुप हैं। बीच-बीच में हंगामा चलता रहा। कल्पना ने कहा कि मणिपुर में जब आदिवासी महिला के साथ जब अन्याय हो रहा था, तब केंद्र सरकार कहां थी। उन्होंने पूछा कि हेमंत सोरेन का पांच महीना कौन लौटायेगा। कल्पना सोरेन के मेडन स्पीच के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सदन के अंदर मौजूद रहे। कल्पना सोरेन ने कहा कि विपक्ष गरीब, आदिवासी और महिला के खिलाफ है। हेमंत सोरेन की सरकार इन सभी के लिए अनुपूरक बजट लायी है। इन पैसों से गरीब, आदिवासी और महिलाओं की बेहतरी के लिए काम होना है। भाजपा के लोग इनका विकास नहीं चाहते हैं. ये लोग कटौती चाहते हैं. इनका यही काम है।

## आनेवाले समय में आदिवासियों को खोजना पड़ेगा :भानुप्रताप शाही



**रांची।** 1951 में 46 फीसदी आदिवासियों की आबादी थी। अब यह घटकर 22 फीसदी रह गई है। मुस्लिमों की संख्या बांग्लादेशियों के कारण बढ़ी है। आनेवाले समय में आदिवासियों को खोजना पड़ेगा। आदिवासियों की घटती संख्या चिंता की बात है राजनीति की नहीं। यह बातें सदन के अंदर भानुप्रताप शाही ने कही। वह सदन में अनुपूरक बजट पर लाये गए कटौती प्रस्ताव के समर्थन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकतर मंत्री टी शर्ट पहन कर आए थे की 1932 लागू किया जाएगा, झारखंड का मूलवासी आदिवासी यह पूछना चाहता है कि कहां गया 1932 खतियान। स्थानीय नियोजन नीति कहां चला गया पता नहीं, नगर विकास में 28 में से 17 पदों पर बाहरियों को नियुक्त कर दिया गया और ये लोग मूलवासी की बात करते हैं। भानुप्रताप शाही ने कहा कि युवा सरकार बनी तो पांच लाख नियुक्ति देंगे और नहीं मिलने वालों को भत्ता देंगे से जुड़े सवाल पूछ रहे हैं। भानु ने कहा कि सरकार ने ठान लिया है की सिर्फ झूठ बोलेंगे और तब तक झूठ बोलेंगे जब तक सरकार बना नहीं लेते। भानुप्रताप शाही ने कहा कि नौजवानों को ठगकर यह सरकार आयी है। जो परीक्षाएं कराती है उसे या तो रद्द कर देती है या फिर पेपर लीक करा देती है। अनुबंधकर्मियों का जीवन बर्बाद कर दिया। जब सरकार में आने से पहले संकल्पपत्र में अनुबंध कर्मियों के वेतनमान मानदेय फिक्स कर 60 साल तक के लिए नौकरी की बात कही थी, अनुबंध शब्द हटाना था।

## स्पीकर और नेता प्रतिपक्ष में नोक-झोंक

रांची। कल्पना सोरेन के मेडन स्पीच के दौरान सदन के अंदर स्पीकर रबिन्द्रनाथ महतो और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी के बीच बहस हो गयी। दरअसल कल्पना के बोलने के दौरान भाजपा के विधायक वेल में हंगामा कर रहे थे। इस दौरान पक्ष के विधायक भी वेल में आ गए। इसी बीच नेता प्रतिपक्ष ने स्पीकर से कहा कि आप अनंत ओझा को बोल रहे थे कि अनुपूरक बजट पर बोलिये और कल्पना सोरेन को नहीं बोल रहे हैं। क्या वो अनुपूरक पर बोल रही हैं। विपक्ष का हंगामा आपको दिख रहा है लेकिन सत्ता पक्ष के विधायक जो वेल में हैं वह नहीं दिख रहा है। इसपर स्पीकर रविन्द्रनाथ महतो ने कहा कि मैं उठता हूं, आइये आसन पर आप ही बैठ जाइये। इसपर अमर बाउरी ने कहा कि जो करना है कीजिये।

## अनुबंधकर्मियों पर भी विचार हो : प्रदीप यादव



**रांची।** महिलाओं की सशक्तीकरण के लिए 21 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं को सरकार एक हजार हर महीने देने जा रही है। बहुत ही सराहनीय है। अनुबंधकर्मियों पर भी सरकार विचार करे। बिना काम के जब सरकार एक हजार देने जा रही है तो काम करने वालों की मानदेय में वृद्धि होनी चाहिए। यह बातें प्रदीप यादव ने कही। वह अनुपूरक बजट के समर्थन में अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने कहा कि अब समय कम है। ऐसे में सरकार काम में तेजी लाय। प्रदीप यादव ने कहा कि सदन से संदेश जाना चाहिए की 5 साल के लिए सरकार चुन कर आई है। क्यूंकि कुछ हैं जो चाहते हैं कि जल्द चुनाव हो। नियुक्ति शुरू हुई तो ये जल्द चुनाव चाहते है। काम करने से रोकना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि डइउ का 27 प्रतिशत आरक्षण, खतियान आधारित स्थानीय नीति किसके इशारे पर रुका है। जाति जनगणना जल्द प्रारंभ हो, उसकी अधिसूचना जारी की जाए।

## दलितों-पिछड़ों का आरक्षण समाप्त कर रही सरकार : बाउरी



**रांची।** झारखंड विधानसभा के तीसरे कार्य दिवस के दिन नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने विधानसभा अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाये। कहा कि अध्यक्ष सरकार के प्रवक्ता के रूप में सदन में कार्य कर रहे हैं। विपक्ष की आवाज को दबाने के काम कर रहे है। कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आज पूरा देश सुन रहा है। लेकिन झारखंड के नेता प्रतिपक्ष को बोलने नही दिया जा रहा है। हमारे माइक को बंद कर दिया जाता है। उन्होंने अध्यक्ष पर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश, गाइड लाइन की अवमानना करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में सरकार को बांग्लादेशियों को चिन्हित कर इसकी जवाबदेही तय करने की बात कही है, लेकिन सदन के अंदर अध्यक्ष कहते हैं कि झारखंड में कोई घुसपैठ नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार खुद को दलित, आदिवासी, पिछड़ों की हितैषी बताती है लेकिन

*प्रतिपक्ष की आवाज दबा रही राज्य सरकार*

*झामुमो के प्रवक्ता की तरह कार्य कर रहे विधानसभा अध्यक्ष*

सच्चाई यह है कि झारखंड में निकलने वाले नियुक्तियों में दलित और पिछड़ी जाति का आरक्षण को समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि हाल में ही चौकीदार और वनरक्षी की नियुक्ति में अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग में आरक्षण नहीं दिया गया। सरकार से उन्होंने पूछा कि किस आधार पर झारखंड में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को समाप्त किया गया, इसका जवाब सदन के अंदर कांग्रेस के नेता एवं मुख्यमंत्री दें। उन्होंने कहा कि राज्य में जब से यह सरकार आयी है, यहां अनुसूचित जाति आयोग को खत्म कर दिया, रांची मेयर पद जो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की गई उसे साजिश कर हटा दिया गया, ऐसे सभी विषय पर सरकार को जवाब देना होगा।

## पुस्तक वितरण में हुआ घोटाला : नीलकंठ मुंडा



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सदन में नीलकंठ सिंह मुंडा ने सवाल उठाया कि बच्चों को अब तक किताबें नहीं मिली हैं। सेशन भी समाप्त हो रहा है। राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने दो जुलाई को चिट्ठी जारी किया था, जिसमें कहा था कि किताब बीआरसी ब्लॉक में रख दिया गया है। अब टीचर को पुस्तक ले जाने को कहा जा रहा है। अब तक 42 लाख किताबें उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। इसमें कहीं न कहीं वित्तीय अनियमितता या घोटाला हुआ है। इसपर शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम ने कहा कि पुस्तक वितरण का काम आचार संहिता के कारण बाधित हुआ। एक सप्ताह में शत-प्रतिशत पुस्तक वितरण का काम पूरा हो जाएगा। सीपी सिंह ने पुस्तक वितरण को लेकर कहा कि शिक्षा मंत्री सदन को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का आदेश बताएं। फिर कहा कि जो कार्य योजना चालू रहती है, उस पर चुनाव आयोग कोई रोक नहीं लगाता। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि अब किताबों को जिला से स्कूल तक ले जाने के लिए कोई दर का निर्धारण ही नहीं हुआ है। सेशन भी खत्म हो रहा है। सरकार का न शिक्षक पर और न ही शिक्षा पर ध्यान है। सदन में झामुमो विधायक मथुरा महतो ने कहा कि 24 साल बाद वन क्षेत्र पदाधिकारी के लिए वेकेंसी आई है। इसमें अनुसूचित जाति के लिए एक भी सीट नहीं है। दलित छात्र इससे वंचित हो जाएंगे। विधायक केदार हाजरा ने भी सरकारी नौकरियों के विज्ञापन में एससी कैटगरी के लिए सीट नहीं होने का मुद्दा उठाया। सूचना के माध्यम से उन्होंने कहा कि सरकार को इसपर ध्यान देना चाहिए। नीलकंठ सिंह मुंडा ने भी केदार हाजरा के द्वारा उठाये गए मुद्दे पर सहमति जताई, जिसपर स्पीकर रबिन्द्रनाथ महतो ने संसदीय कार्य मंत्री रामेश्वर उरांव से कहा कि इस मुद्दे पर सरकार ध्यान दे। शून्य काल के दौरान विधायक विनोद कुमार सिंह ने पोषण सखियों को सामायोजित करने की मांग की। सुनीता चौधरी ने भैरवा नदी के दोनों ओर नगर बनाने की मांग की।

## पृष्ठ एक के शेष

**विधानसभा में गूंजा रोजगार...**

मिलता है, जब जमानत की बात आती है। तब ही इनकी हाई कोर्ट पर नजर रहती है। बाकी समय यह मौन रहते हैं।अमर बाउरी के सदन में दिए गए बयान से हंगामा शुरू हो गया। पक्ष और विपक्ष के विधायक वेल में आकर हंगामा करने लगे। दरअसल, प्रदीप यादव और सुदिव्य कुमार सोनू के बयान पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरन को सिर्फ जमानत मिली है, वो बाइज्जत बरी नहीं हुए हैं। इसी के बाद हंगामा शुरू हो गया।

**नॉन टैक्स पेयर को बालू फ्री...**

लिया गया है। हेमंत की इस घोषणा से राज्य में अबुआ आवास योजना के लाभुकों समेत करोड़ों लोगों का सीधा फायदा होगा। लेकिन, इसका मैकेनिज्म क्या होगा, अभी स्पष्ट नहीं है।

**विधानसभा में सरकार ने स्वीकार किया...**

संख्या 12/16, 44/16, 110/17 और राजमहल में केस नंबर 44/23 दर्ज हैं। हालांकि डेमोग्राफी बदलने के सवाल पर उत्तर दिया कि ऐसी कोई सूचना नहीं है। राज्य सरकार से विधायक अनंत ओझा ने पूछा था कि स्वतंत्रता के बाद संताल परगना की डेमोग्राफी में आमूलचूल परिवर्तन व देश की आंतरिक सुरक्षा का खतरा उत्पन्न हो चुका है। इस सवाल के जवाब में सरकार ने बताया है कि जिला के प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि इस तरह की कोई सूचना नहीं है। वहीं, सरकार ने घुसपैठियों को चिह्नित करने के लिए किसी टास्क फोर्स के गठन की बात से भी इनकार किया है। विदेशी घुसपैठ के चार मामलों का सरकार ने उल्लेख किया है - साहिबगंज के दक्षिणी पियापुर में सादिक अली टोला में अफजल शेख के वोटर आईडी की जांच वीएलओ के समक्ष की गई। पूछताछ में अफजल शेख ने स्वीकार किया कि वह ठाकुरगंज, पीरगंज बांग्लादेश का रहने वाला है। 10-12 साल पूर्व उसने बांग्लादेश छोड़कर अपने चचेरे भाई शौकत अली के घर आकर रहने की बात कबूली। शौकत अली साहिबगंज में राशन डीलर है। बांग्लादेशी नागरिक के फर्जी पासपोर्ट बनने को लेकर भी राधानगर थाने में केस दर्ज हुआ था। इस केस में सिद्धिश्वर सरकार और राधानगर के तत्कालीन मुखिया गणेश किर्तिनिया को आरोपी बनाया गया था।

**बड़ाबांबो में ट्रेन हादसा दो की मौत...**

लाने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलवे की ओर से मृतकों के आश्रितों को 10-10 लाख और गंभीर रूप से घायल यात्रियों के परिजनों को एक-एक लाख रुपये मुआवजे का ऐलान किया है। इस दुखद ट्रेन दुर्घटना पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घायलों के इलाज के लिए समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट से एक पोस्ट किया। इसमें सिंहभूम और सरायकेला के डीसी को टैग किया गया ह। उन्होंने लिखा कि ट्रेन दुर्घटना में घायल यात्रियों तक हर मदद पहुंचाई जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्यों की सूचना तुरंत दी जाए। इस पर डीसी के द्वारा जवाब में कहा गया कि खरसांवा प्रखंड अंतर्गत पोटो बेड़ा गांव के समीप ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हुई है। जिला प्रशासन सरायकेला खरसांवा द्वारा राहत बचाव कार्य एवं हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। जिला प्रशासन पूर्वी सिंहभूम भी सभी आवश्यक सहयोग प्रदान के संबंध में सरायकेला खरसांवा जिला प्रशासन के लगातार संपर्क में है। रेल मंत्रालय ने बताया कि आज सुबह 3:43 बजे चक्रधरपुर मंडल के राजखरसावां पश्चिम आउटर और बड़ाबांबो के बीच चक्रधरपुर के पास ट्रेन संख्या 12810 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस पटरी से उतर गई। हादसे की सूचना मिलते ही दुर्घटना राहत चिकित्सा उपकरण स्टाफ और सहायक मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम), चक्रधरपुर के साथ मौके पर पहुंच गए। रेलवे मेडिकल टीम ने सभी को प्राथमिक उपचार दिया और फिर घायलों को नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचाया गया। हादसे में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल है। इसके अलावा चार लोगों को मामूली चोट आई है। हादसे के वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। अचानक जोरदार आवाज और झटके महसूस हुए, जब कई डिब्बे एक के बाद एक पटरी से उतर गए। ट्रेन के अंदर दहशत फैल गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे। ऊपरी बर्थ पर सो रहे कई यात्री गिर गए और सामान बिखर गया।

**लगातार टूट-बिखर रहा है रेलवे का सिस्टम : हेमंत**

**रांची।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को राज्य के बड़ाबांबो-राजखरसावां रेलवे स्टेशन के बीच पोटोबेड़ा गांव के समीप हुए ट्रेन हादसे पर गहरा अफसोस जाहिर किया। उन्होंने कहा कि पटरी पर दौड़ने वाली ट्रेनों का बेपटरी होना चिंता का विषय है। ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं और लोगों के जानमाल का नुकसान हो रहा है। झारखंड विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए सोरेन ने कहा कि रेलवे को देश के मिडिल क्लास, गरीबों, मजदूरों और आम नागरिकों के लिए लाइफ लाइन के रूप में देखा जाता रहा है। देश के एक कोने से दूसरे कोने तक की आवागमन का यह मजबूत जरिया था, लेकिन यह सिस्टम बेहतर होने के बजाय लगातार टूटता-बिखरता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि रेल मंत्रालय भले बड़े दावे करता है। लेकिन, उसकी हकीकत आज सबके सामने है। चक्रधरपुर में हुए हादसे के बाद मैंने अपने मंत्रियों और विधायकों को मौके पर भेजा। मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को पचास-पचास हजार राज्य सरकार की ओर से दिए गए हैं। हम मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

**मृतक के आश्रितों को दो-दो लाख सहायता राशि देगी राज्य सरकार: बन्ना गुप्ता**

**सरायकेला।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल अंतर्गत बड़ाबांबो-राजखरसावां रेलवे स्टेशन के बीच पोटोबेड़ा गांव के समीप हावड़ा-मुंबई रेलखंड पर मंगलवार तड़के हुए रेल हादसे में मारे गए यात्रियों के आश्रितों को राज्य सरकार ने दो-दो लाख रुपये और घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। हादसे का जायजा लेने पहुंचे राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने इसकी घोषणा की। इस मौके पर उनके साथ परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ और स्थानीय विधायक दशरथ गागराई भी मौजूद थे। स्वास्थ्य मंत्री ने घटना पर संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर रेल हादसे में मारे गए यात्रियों एवं घायलों को हरसंभव सहयोग करने की घोषणा की गई है।

**ममता बनर्जी ने ट्रेन दुर्घटनाओं को लेकर केंद्र पर साधा निशाना**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को झारखंड में हावड़ा-मुंबई सीएसएमटी मेल ट्रेन के पटरी से उतरने की घटना के बाद केंद्र सरकार पर निशाना साधा। सीएम ममता बनर्जी ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, एक और भयावह रेल दुर्घटना! झारखंड के चक्रधरपुर डिवीजन में आज सुबह हावड़ा-मुंबई मेल ट्रेन पटरी से उतर गई। कई लोगों की मौत हो गई और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं, यह दुखद घटना है। सीएम ने रेलवे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि हर हफ्ते एक के बाद एक दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं, रेलवे ट्रैक (पटरियों) पर मौतों और घायलों का लगातार सिलसिला एक नियमित विशेषता बन गई है। उन्होंने पोस्ट में आगे कहा, हम कब तक इसे बर्दाश्त करेंगे? क्या भारत सरकार की बेरुखी का कोई अंत नहीं होगा? मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।


झारखण्ड सरकार
जिला अभियंता का कार्यालय,
जिला परिषद्, गढ़वा

**CORRIGENDUM (संशोधन)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या–ZP/GARHWA/01/2024-25, PR 330537 Urban Development(24-25).D द्वारा आमंत्रित निविदा के क्रमांक–02 पर अंकित ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–26.07.2024 से दिनांक–03.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे के स्थान पर दिनांक–26.07.2024 से दिनांक–06.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक एवं क्रमांक–03 पर अंकित ई0 निविदा खोलने की तिथि एवं समय–05.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर दिनांक –08.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे पढ़ा जाय। आमंत्रित निविदा के शेश सभी कंडिका यथावत् बनी रहेंगी।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, गढ़वा।

PR.NO.331239 District(24-25):D



**Office of the Civil Surgeon-cum-CMO, Palamu, Jharkhand**

(Procurement Cell)
**Very Urgent Procurement Notice**
**Tender NoticeNo. 01/ 2024-25 Dated :- 29/07/2024**
**FactSheet**

| Sl. No. | Particular | Details |
|---|---|---|
| a. | Name of the work | Supply of Heamoglobin meter and strips |
| b. | Availability of RFP document at | Digital Copy /nic portal |
| c. | Date of Issue of RFP | 29/07/2024 |
| d. | Last Date for submissionof Proposal | 09/08/2024at05.00 PM |
| e. | Date of opening ofTechnical Proposal | 10/08/2024at05.30 PM |
| f. | Date of opening ofFinancial Proposal | AFTER FINILIZING TECHNICAL PROPOSAL |
| g. | Time allowed forcompletion | 60daysfromthedateoftheworkorder. |
| h. | Earnest money deposit (EMD)(Refundable) | **INR 10,000/-(RupeesTen Thousand Only)**in the form of a Demand Draft drawn in favor of"Civil Surgeon-cum-CMO, Palamu"drawninany Scheduled Commercial Bank payable at Palamu. The bid EMD fee shall be submitted in 1st inner Envelope of the Technical Proposal in original. |
| i. | Address at which thetenders are to be submitted: | Office of the Civil Surgeon-cum-CMO, Palamu, Jharkhand |
| J | Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only.Submission of the bid through any other modeor late submission of bids will be rejected. |

➢Further information can be seen from www.palamu.nic.in

Civil Surgeon-cum-CMO
Palamu

PR 331177 (District)24-25*D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

आवश्यक सूचना।
(लापता लड़की चंचला कुमारी, उम्र–25 वर्ष)



मझिऑव थाना सनहा सं0–23/2024 दिनांक–12.07.2024 में लापता लड़की चंचला कुमारी, उम्र–25 वर्ष, पिता–सत्येन्द्र पासवान, सा0–आमर, थाना–मझिऑव, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाली हैं। जो दिनांक–06.07.2024 को बिना किसी को बताए घर से निकली, परन्तु घर वापस नहीं आई है। उक्त लापता लड़की चंचला कुमारी का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़की चंचला कुमारी कहीं दिखे या इसके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.331277 Police(24-25):D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास प्रभाग)**
झारखण्ड, सरकार
जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

**दुधारू पशुपालकों के लिये आम सूचना**

वितीय वर्ष 2024–25 में इस जिला के दुधारू पशुपालकों के लिये प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची स्थित **दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण विषयक 06 दिवसीय संस्थागत प्रशिक्षण** हेतु मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों/डेयरी में दूध आपूर्तिकर्ता सदस्यों/दुधारू मवेशी वितरण के पूर्व सभी लाभुकों एवं अन्य दुधारू पशुपालकों से प्रशिक्षण, प्रसार एवं कौशल विकास योजनान्तर्गत निम्न वर्णित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु कार्यालय कार्य दिवस में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

**(क) प्रशिक्षण कार्यक्रम विवरणी :–**

| क्र. सं. | प्रशिक्षण अवधि | OSP | | | SCSP | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | |
| 3 | 06.08.2024 से 12.08.2024 तक | 15 | 05 | 20 | 02 | 02 | 04 | |
| 4 | 27.08.2024 से 02.09.2024 तक | 15 | 05 | 20 | 02 | 02 | 04 | |
| 1 | 17.09.2024 से 23.09.2024 तक | 15 | 05 | 20 | 03 | 03 | 06 | |
| 2 | 15.10.2024 से 21.10.2024 तक | 15 | 05 | 20 | 03 | 03 | 06 | |
| 5 | 19.11.2024 से 25.11.2024 तक | 15 | 05 | 20 | 03 | 03 | 06 | |
| 6 | 10.12.2024 से 16.12.2024 तक | 10 | 05 | 15 | 03 | 02 | 05 | |
| 7 | 31.12.2024 से 06.01.2025 तक | 10 | 05 | 15 | 03 | 03 | 06 | |
| 8 | 28.01.2025 से 03.02.2025 तक | 10 | 05 | 15 | 03 | 02 | 05 | |
| 9 | 18.02.2025 से 24.02.2025 तक | 10 | 05 | 15 | 03 | 03 | 06 | |
| 10 | 25.02.2025 से 03.03.2025 तक | 10 | 05 | 15 | 03 | 03 | 06 | |
| 11 | 11.03.2025 से 17.03.2025 तक | 10 | 05 | 15 | 03 | 03 | 06 | |
| कुल योग :– | | 135 | 55 | 190 | 31 | 29 | 60 | |

शर्ते–
(01) प्रशिक्षण के दरम्यान प्रशिक्षणार्थियों के लिये भोजन एवं आवासन की व्यवस्था निःशुल्क होगी
(02) प्रशिक्षण के दरम्यान प्रशिक्षणार्थियों को रू0 100/- प्रतिदिन के दर से दैनिक भत्ता एवं जिला से प्रशिक्षण संस्थान तक के लिए आने–जाने का भाड़ा का भुगतान प्रशिक्षणार्थियों के बैंक खाते में प्रशिक्षण पश्चात प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किया जायेगा।
(03) प्रशिक्षणार्थियों को अपने पास आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की मूल प्रति साथ रखना आवश्यक है।
(04) प्रशिक्षणार्थियों को अपने साथ बच्चा को लेकर प्रशिक्षण संस्थान जाना वर्जित है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 331170 Palamu (24-25)_D

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


भारतीय उद्योग परिसंघ के सम्मेलन को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

# भारत की राजकोषीय समझदारी विश्व के लिए आदर्श : पीएम मोदी

एजेंसी



- पिछले 10 साल में हमने हर चुनौती का समाधान किया
- आज भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत एकमात्र ऐसा देश है, जो कम मुद्रास्फीति के साथ उच्च विकास का अनुभव कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की राजकोषीय समझदारी दुनिया के लिए एक मॉडल के रूप में काम करती है।

प्रधानमंत्री मोदी विज्ञान भवन में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित 'जर्नी टुवड्र्स विकसित भारत : केंद्रीय बजट 2024-25 पश्चात सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, आज जब सारे देश कम विकास और उच्च मुद्रास्फीति से जूझ रहे हैं, तो ऐसी परिस्थिति में उच्च विकास और कम मुद्रास्फीति वाला भारत इकलौता देश है। भारत ने ये ग्रोथ तब हासिल करके दिखाई है, जब पिछले 10 साल में अर्थव्यवस्था को झटका देने वाले अनेक संकट आए। हमने हर संकट का मुकाबला किया, हर चुनौती का समाधान किया। अगर ये संकट न आते तो आज भारत जहां पहुंचा है, उससे अधिक ऊंचाई पर होता। महामारी के दौरान उद्योग जगत के साथ अपनी बातचीत को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, तब मैंने कहा था कि भारत बहुत जल्द विकास के पथ पर दौड़ेगा। आज भारत 8 प्रतिशत की गति से विकास कर रहा है। उसी के चलते आज हम विकसित भारत की ओर यात्रा पर चर्चा कर रहे हैं। यह बदलाव सिर्फ भावनाओं का नहीं, बल्कि आत्मविश्वास का है। आज भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी।

चुनाव के दौरान भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के अपने वादे को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जिस बिरादरी से आते हैं, उसकी पहचान बन गई है कि चुनाव से पहले जो बातें करते हैं, वो चुनाव के बाद भुला देते हैं। लेकिन, मैं उस बिरादरी में अपवाद हूं। इसलिए मैं आपको याद दिलाता हूं कि मैंने कहा था कि मेरे तीसरे टर्म में देश, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। भारत बहुत सधे हुए कदमों से लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में, जब पिछली सरकार का आखिरी बजट आया था, वह 16 लाख करोड़ रुपये का था। आज हमारी सरकार में बजट तीन गुना बढ़कर 48 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय को संसाधन निवेश का सबसे बड़ा उत्पादक माध्यम कहा जाता है। 2004 में, यूपीए सरकार के पहले बजट में, पूंजीगत व्यय लगभग 90 हजार करोड़ रुपये था। 10 साल सरकार चलाने के बाद 2014 में यूपीए सरकार इसे बढ़ाकर 2 लाख करोड़ रुपये तक ही पहुंचा पाई थी। आज, पूंजीगत व्यय 11 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक है।उन्होंने कहा कि हमने पिछली सरकार के 10 वर्षों की तुलना में रेलवे बजट में 8 गुना वृद्धि की है, राजमार्ग बजट में 8 गुना वृद्धि की है, कृषि बजट में 4 गुना से अधिक की वृद्धि की है तथा रक्षा बजट में दोगुने से अधिक की वृद्धि की है।

संसद में बजट पर चर्चा

# साल 2047 तक हम विकसित भारत बनाएंगे : सीतारमण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि साल 2047 तक हम विकसित भारत बनाएंगे। उन्होंने लोकसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विकसित भारत का बजट है। वित्त मंत्री ने लोकसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत के लिए है। भौगोलिक विकास के हिसाब से यह बजट तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत सरकार का विजन है। इस वित्त वर्ष में 48.2 लाख करोड़ रुपये खर्च होने जा रहा है। उन्होंने सदन को बताया कि सरकार का व्यय तेजी से बढ़ा है, जो 48.21 लाख करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में इसमें 7.3 फीसदी और 2023-24 के पूर्व वास्तविक व्यय की तुलना में 8.5 फीसदी की वृद्धि होने का अनुमान है।



- वित्त मंत्री ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा का दिया जवाब
- कहा- 2024-25 का बजट विकसित भारत के लिए है

सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट 2024-25, विकसित भारत की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बहुत अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि इससे मुझे और भी अधिक मेहनत करने की प्रेरणा मिलती है। वित्त मंत्री ने कहा कि हम सभी को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करना होगा। उन्होंने लोकसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि हम राजकोषीय घाटे को 2025-26 तक 4.5 फीसदी से नीचे लाएंगे।

## केंद्र सरकार का फोकस गरीब, युवा, अन्नदाता और महिला के विकास पर : नड्डा



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में केंद्रीय बजट को समावेशी विकास, सतत विकास और आर्थिक लचीलेपन वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं चरमराने के कगार पर हैं, भारत आर्थिक लचीलेपन के साथ आगे बढ़ रहा है। यह एक दूरदर्शी बजट है, जो हमें भविष्य की मांगों का ध्यान रखते हुए हमारी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने में मदद करता है। साथ ही, मजबूत नीतिगत ढांचे के साथ दीर्घकालिक समृद्धि सुनिश्चित करता है। केंद्र सरकार का फोकस 'ज्ञान' पर रहा है, यानि गरीब, युवा, नारी और अन्नदाता।

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि 60 साल पहले, जब नेहरू लगातार 3 बार चुनाव जीते, तो देश में आजादी का उत्साह था और उनका मुकाबला बेहद कमजोर और बिखरे हुए विपक्ष से था। 2024 में, मोदी ने एक मजबूत विपक्ष के खिलाफ अपना तीसरा कार्यकाल जीता। यह जनादेश स्थिरता, निरंतरता, सुशासन और विकसित भारत के विकास के लिए है। ये बजट सबको समान अवसर देने वाला है। उन्होंने कहा कि कई बार लोग कहते हैं कि मिडिल क्लास का क्या हुआ? उजाला योजना के तहत वितरित एलईडी बल्ब के कारण 20 हजार करोड़ रुपये का बिजली बिल कम हुआ और 47.7 मिलियन किलो वाट ऊर्जा बचाई गई। उसी तरह सौभाग्य योजना के तहत 2 करोड़ 60 लाख घरों को बिजली का कनेक्शन दिया गया। आवास योजना के तहत 4 करोड़ घर हम बना चुके और मोदी 3.0 की पहली कैबिनेट में फैसला किया गया कि हम 3 करोड़ अतिरिक्त नए घर बनाएंगे।

## स्लोवाकिया के पीएम ने यूक्रेन को डीजल सप्लाई रोकने की दी धमकी

एजेंसी

**प्राग।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको ने यूक्रेन को डीजल की सप्लाई रोकने की धमकी दी है। पीएम का कहना है कि यदि यूक्रेन के रास्ते स्लोवाकिया तक रूसी तेल का परिवहन जल्द ही फिर से शुरू नहीं किया गया तो देश की स्लोवनाफ्ट रिफाइनरी, यूक्रेन को डीजल की आपूर्ति बंद कर देगी। यूक्रेन ने हाल ही में रूसी कंपनी लुकोइल से ड्रूजबा पाइपलाइन के ज़रिए स्लोवाकिया और हंगरी तक तेल के परिवहन को रोक दिया था। उसने जून में कंपनी को अपनी प्रतिबंध लिस्ट में डाल दिया था। स्लोवाकिया के वित्त मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि लुकोइल से यूक्रेन के जरिए स्लोवाकिया को तेल की डिलीवरी पहले ही बंद हो चुकी है।

## तुर्की सेना ने इराक में 13 केडब्ल्यूपी आतंकवादियों को मार गिराया

एजेंसी

**अंकारा।** तुर्की ने उत्तरी इराक में प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (केडब्ल्यूपी) के 13 सदस्यों को मार गिराया है। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को ये जानकारी दी। बयान में कहा गया कि यह अभियान इराक के गारा और हफ्तानिन क्षेत्रों में चलाया गया, लेकिन कब ये नहीं बताया गया है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, तुर्की के अधिकारी अक्सर अपने बयानों में मार गिराने का उल्लेख नहीं करते। यह दिखाता है कि कथित आतंकवादियों ने या तो आत्मसमर्पण कर दिया है, मारे गए हैं या फिर पकड़े गए हैं। मंत्रालय ने कहा, "हम अपने देश को आतंकवाद के अभिशाप से बचाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ अपना संघर्ष जारी रखेंगे।

# एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** केमिकल इंजीनियरिंग में केमिस्ट्री, फिजिक्स और मैथमैटिक की मदद से कच्चा माल को केमिकल का उपयोग करके उपयोगी उत्पाद जैसे कपड़े, खाने-पीने की चीज़ें में बदला जाता है। केमिकल इंजीनियरिंग का काम रसायनिक पौधों में आने वाले उत्पाद की डिजाइनिंग, प्रोसेसिंग की देखभाल करना है। केमिकल इंजीनियरिंग किसी भी उत्पाद की उत्पादन करने के सबसे आसान तरीके को ढूंढने के लिए बेस्ट संसाधन का उपयोग करते हैं।

# केमिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर बना सकते है अपना करियर



## केमिकल इंजीनियरिंग के बाद नौकरी के क्षेत्र

- पैट्रोलियम इंडस्ट्री
- फूड इंडस्ट्री
- टेक्सटाइल इंडस्ट्री
- केमिकल मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री
- रबर इंडस्ट्री
- पेपर इंडस्ट्री
- प्लास्टिक इंडस्ट्री
- सीमेंट इंडस्ट्री
- पब्लिक सेक्टर इंडस्ट्री
- फर्टिलाइजर इंडस्ट्री




## केमिकल इंजीनियरिंग के सब-स्पेशलाइजेशन



- **बायोमेडिकल इंजीनियरिंग :** यह फील्ड बायोलॉजी और हेल्थ केयर की फ़ील्ड्स में इंजीनियरिंग के प्रिंसिपल्स और कन्सेप्ट्स अप्लाई करती है। बायोइंजीनियर्स अक्सर डॉक्टर्स, थेरेपिस्ट्स और रिसर्चर्स के साथ मिलकर काम करते हैं ताकि मेडिकल प्रॉब्लम्स को सॉल्व करने के लिए सिस्टम्स, इक्विपमेंट और डिवाइस विकसित किए जा सकें।
- **प्रोसेस इंजीनियरिंग :** प्रोसेसिंग इंजीनियरिंग का फोकस केमिकल, फिजिकल और बायोलॉजिकल प्रोसेसेज की डिजाइनिंग, ऑपरेशन, कंट्रोल, ऑप्टिमाइजेशन और इंटेंसिफ़ीकेशन कार्य पर होता है। प्रोसेस इंजीनियरिंग में कई इंडस्ट्रीज शामिल होती हैं जैसे कि केमिकल, पेट्रोकेमिकल, एग्रीकल्चर, मिनरल प्रोसेसिंग, एडवांस्ड मेटीरियल, फ़ूड, फार्मास्यूटिकल, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, ऑटोमेटिव और बायोटेक्नोलॉजिकल इंडस्ट्रीज।
- **फ़ूड प्रोसेसिंग :** इस फील्ड में कच्चे (रॉ) मटीरियल्स को उपयोगी फ़ूड प्रोडक्ट्स में बदलने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली टेक्निक्स का अध्ययन शामिल होता है। यह फ़ूड को प्रिजर्व करने, कंजर्व करने के साथ ही प्रोसेसिंग कार्यों के तरीकों में सुधार लाने और नए तरीके तलाश करने से संबद्ध कार्य भी करती है। इस फील्ड के तहत फ़ूड प्रोडक्ट्स से जुड़े क्वालिटी कंट्रोल प्रोसीजर्स, फूड एडल्टरेशन, फ़ूड प्रोडक्ट्स की न्यूट्रीशनल वैल्यू को कंट्रोल करने जैसे सभी विषय शामिल होते हैं।
- **इलेक्ट्रोकेमिकल :** यह फील्ड इलेक्ट्रोकेमिकल फिनोमिना जैसेकि केमिकल्स की इलेक्ट्रो सिंथीसिस, इलेक्ट्रोविनिंग, इलेक्ट्रोकेमिकल सेपरेशन्स और कोरोजन के एप्लीकेशन से संबद्ध कार्य करती है।
- **पॉलीमर :** पॉलीमर इंजीनियरिंग की फील्ड प्लास्टिक या संबद्ध इक्विपमेंट और प्रोसेस से सम्बंधित डेवलपमेंट और टेस्टिंग कार्य करती है।

## शीर्ष भारतीय विश्वविद्यालय

- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी(आईआईटी), दिल्ली
- आईआईटी, गुवाहाटी
- आईआईटी, रुड़की
- आईआईटी, रोपड़ो
- आईआईटी, हैदराबाद
- आईआईटी, गोवा
- आईआईटी, धारवाड़
- आईआईटी, भुवनेश्वर
- आईटीआई, गांधीनगर
- आईटीआई, जोधपुर
- आईटीआई, पटना
- आईटीआई, मंडी
- आईटीआई, वाराणसी (भू)
- आईटीआई, तिरुपति
- आईटीआई, धनबाद (आईएसएम)
- आईटीआई, भिलाई
- आईटीआई, खरगपुर
- आईटीआई, मद्रास
- आईटीआई, कानपुर
- आईटीआई, इंदौर
- आईटीआई, पलक्कड़
- आईटीआई, बॉम्बे
- लखनऊ इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, लखनऊ
- इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, ऊना
- रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, भिलाई
- मेडी-कैप्स विश्वविद्यालय, इंदौर
- विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर
- दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, सुरथकाली
- एपीजी शिमला विश्वविद्यालय, शिमला
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, निरमा विश्वविद्यालय, अहमदाबाद
- आल इंडिया श्री शिवाजी मेमोरियल सोसाइटी कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग, पुणे
- साइंस यूनिवर्सिटी, गुंटूर
- सविता स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, चेन्नई



## केमिकल इंजीनियरिंग के विषय

- कैटेलिसिस एंड रिएक्शन ऑफ़ बायोफ्यूल्स
- बायोमोलेक्यूलर और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग
- बायोकेमिकल इंजीनियरिंग
- सेलुलर इंजीनियरिंग
- कम्प्यूटिंग और सिमुलेशन
- इलेक्ट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग
- नैनो
- थर्मोडाइनामिक्स
- मटेरियल
- पॉलिमर एंड काम्प्लेक्स लिक्विड
- पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी
- सस्टेनेबल एन्वायरमेंटल इंजीनियरिंग
- माइक्रोफैब्रिकेटेड सिस्टम